# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

* * * *

www.lagatar.in

रविवार, 21 जनवरी 2024 ● पौष शुक्ल पक्ष 10, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 274

आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र



**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 24.8 | 14.1 |
| जमशेदपुर | 19.4 | 15.2 |
| डालटनगंज | 22.8 | 10.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.







## चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था, सड़क किनारे डटे झामुमो कार्यकर्ता, सीआरपीएफ के जवान सीएम आवास के बाहर तैनात

# सीएम आवास:अंदर ईडी, बाहर हलचल

सत्य शरण /सौरभ सिंह। रांची

राजनीतिक गलियारे में शनिवार का दिन काफी गहमागहमी भरा रहा. वजह यह है कि ईडी के अफसर सीएम हेमंत सोरेन से जवाब तलब कर रहे हैं. इसके मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबंद रही. डीसी, एसएसपी और विशेष शाखा के अफसर पल-पल मॉनिटिरिंग भी करते रहे. झामुमो कार्यकर्ता, एलपीएन शाहदेव चौक से रातू रोड चौराहे तक सड़क के किनारे पोस्टर बैनर लेकर खड़े रहे. ईडी और विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी भी की. कार्यकर्ताओं का हुजूम एक स्वर में कहता रहा - हेमंत सोरेन हमारा अभियान, ईडी-सीबीआइ की तानाशाही नहीं चलेगी और अदिवासियों के दुश्मन होश में आओ... झामुमो कार्यकर्ताओं व अन्य लोगों को हॉटलिप्स चौक के नजदीक रोक दिया गया.

**दोपहर 1.03 बजे सीएम आवास पहुंची ईडी की टीम :** दोपहर एक बजे ईडी की टीम सीएम आवास पहुंची. ईडी की टीम को देख झामुमो कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की. सीएम आवास के अंदर दाखिल होने से पहले ईडी अधिकारियों की गाड़ियों की भी जांच की गई. वहीं डीसी राहुल सिन्हा, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राज कुमार मेहता और स्पेशल ब्रांच के अफसर पूरी गतिविधियों पर पल पल मॉनिटिरिंग कर रहे थे.

**सीएमओ में सत्ता पक्ष के विधायक नेता रहे मौजूद :** वहीं सीएमओ में सत्ता पक्ष के विधायक-नेता के साथ कैबिनेट मंत्री भी मौजूद थे. बन्ना गुप्ता, चंपई सोरेन, जोबा मांझी, सुदिव्य कुमार सोनू पहले ही सीएमओ पहुंच गए थे. 11-30 बजे महाधिवक्ता राजीव रंजन सीएम आवास पहुंचे. जानकारी के अनुसार सीएम ने महाधिवक्ता से कानूनी सलाह भी ली. इसके बाद सत्ता पक्ष के कई विधायक भी सीएमओ पहुंच गए.

**वाहन मोरहाबादी मैदान की तरफ डायवर्ट :** सीएम आवास व गोंदा थाना आमने-सामने हैं. गोंदा थाना के सामने ही कांके रोड पर झामुमो के कार्यकर्ता बैठे हुए थे. पूरी सड़क पर बैरिकेडिंग कर दी गयी थी. लाल एलपीएन शाहदेव चौक (हॉट लिप्स चौक) से कांके की तरफ जाने पर रोक लगा दी गयी थी. वहीं राम मंदिर चौक (प्रेमसंस मोटर चौक) से लाल एलपीएन शाहदेव चौक तरफ जाने पर रोक थी. वहां से सभी गाड़ियां मोरहाबादी मैदान की तरफ डायवर्ट की जा रही थीं.




**कई जिलों से रांची पहुंचे झामुमो कार्यकर्ता :** ईडी की कार्रवाई के विरोध में रांची सहित, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, लातेहार, खूंटी, रामगढ़, हजारीबाग, जमशेदपुर व चाईबासा से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रांची पहुंचे थे. सीएम आवास के आसपास बैरिकेडिंग कर दी गयी थी, ताकि अनावश्यक भीड़ का जुटान न हो. रांची जिला झामुमो के अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने कहा कि हर परिस्थिति के लिए कार्यकर्ता तैयार हैं.

**11.30** बजे महाधिवक्ता सीएम आवास पहुंचे

**01.03** बजे सीएम आवास पहुंची ईडी की टीम

- हेमंत सोरेन हमारा अभिमान के नारे से गुंजायमान रहा कांके रोड
- डीसी, एसएसपी और स्पेशल ब्रांच के अफसर करते रहे मॉनिटिरिंग
- सीएम आवास के पास कर दी गई है बैरिकेडिंग




### सीएम आवास के बाहर सीआरपीएफ तैनात



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ करने प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) की टीम कांके रोड स्थित सीएम आवास पहुंची. इसी दौरान सीएम आवास में 8-10 गाड़ियों में सवार में सैकड़ो की संख्या में सीआरपीएफ की जवान सीएम आवास पहुंचे. बताया गया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर सीआरपीएफ के जवानों को सीएम आवास के पास तैनात किया गया है. गौरतलब हैं कि ईडी टीम 1.03 बजे सीएम आवास में घुसी, सीएम आवास में जाने से पहले गेट पर स्पेशल ब्रांच के पुलिसकर्मियों के पास ईडी के अधिकारियों की जो सूची थी, उससे मिलान किया गया. इसके बाद से पूछताछ शुरू कर दी गई. इधर सीआरपीएफ के 10 वाहनों से भारी संख्या में जवान सीएम आवास के चारों तरफ तैनात कर दिये गये. जवान हीट प्रूफ जैकेट के साथ पूरी तैयारी से लैस थे. अलग-अलग टुकड़ियों में सीएम आवास के चारों तरफ लगाए रहे.

### ...और सीएम से लिपट कर रोने लगे इरफान



कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. जिसमें इरफान अंसारी सीएम हेमंत सोरेन से लिपट कर रो रहे हैं, तभी हेमंत सोरेन उनकी पीठ पर हाथ रख कहते हैं कि मैं कहीं नहीं जा रहा. यह वीडियो खुद इरफान अंसारी ने शेयर किया है. इसके अलावा अन्य कई नेता और विधायक भी भावुक नजर आये.

### सीएम के समर्थन में आत्मदाह करने पहुंचा युवक हिरासत में

इस बीच, सीएम के समर्थन में आत्मदाह की चेतावनी देने वाला एक युवक गढ़वा से रांची पहुंचा था. जिसे पुलिस के जवानों ने हिरासत में लेते हुए अरगोड़ा थाना को सौंप दिया. बता दें कि युवक ने पहले ही ईडी के अधिकारियों को चिट्ठी लिख कर कहा था कि यदि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को किसी ने छुआ भी, तो वह आत्मदाह कर लेगा. काफी हंगामें के बाद पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर हवालात में भेज दिया.

### सीएमओ के बाहर गहमागहमी

ईडी के अफसर सीएम आवास के अंदर सीएंम से पूछताछ कर रहे थे. बाहर चारों तरफ काफी गहमागहमी बनी रही. लोगों यह जानने के उत्सुक थे कि आगे क्या होगा. कितनी देर तक ईडी पूछताछ करेगी. झामुमो कार्यकर्ताओं में भी खलबली मची हुई थी. यह जानने के लिए भी सभी बेकरार थे कि अंदर क्या हो रहा है. सीएम के समर्थन में नारे भी लगा रहे थे कि हेमंत सोरेन हमारा अभियान...

CLASSIFIED

श्री गणेश नर्सिंग होम
लोअर चुटिया, रांची, फोन : 9835588850
Dr. Randhir Kumar
M.B.B.S., D. Ortho
Ms (General Surgery), FIAGES
Ex-Resident (Neurosurgery) RIMS
24 Hours Emergency Pathology Service
(Home Collection also available here)
Vaccination Facility Child
इशानी मेडिकल हॉल
यहां सभी तरह की दवाएं उचित मूल्य पर दी जाती है।

SHARDA SCHOOL
Run by:S. E. T., Reg No.:4/223,Sl No. 4729, U.Dise -20050115504
Email:info@shardaschoolkoderma.com,
Website:www.shardaschoolkoderma.com
Near Durga Mandap Maduatand Jhumari Telaiya PIN- 825409 (Jharkhand)
Mob: 8210034302

GENZEE
Your search ends here....
Cloths & Shoes
Complete Menswear
Jacket • Blazer • Sweater • Hoodi
30% Discount winter wear
Mob : 6202769992
Shop No. 1-124, Sainik Market, Main Road, Ranchi

AMRITA HOSPITAL & RESEARCH CENTRE
7870865821
Dr. Sumedha Gargy
MBBS, MD (Obs 'n' Gynae), ECFMG (Certified USA), MRCOG (London) & ESGO, Certified in Gynaecological Oncology (Europe), Fellowship in Gynae Oncology TATA Medical Centre, Kolkata, Ex. Sr. Resident, Dept. of Surgical Oncology, RIMS, Ranchi
Shyamli, Kali Mandir Road
Burdwan Compund, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob : 8271505819, E-mail : gargysumedha@gmail.com

सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय
गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001 Ph : 9525504033

SRI RSR RESIDENTIAL SCHOOL
नि:शुल्क नामांकन
पता : एन एच 33 बोंगा रांची पटना रोड हजारीबाग
सम्पर्क करें : 7645082349, 9471166830

होटल द कार्निवाल्स
जुबली चौक, लातेहार
सम्पर्क करें
9939410052

R.C. Mission Residential School
Estd. : 2014
Admission Open
छात्रावास में सुविधाएं :
Minku Kumar
Director
School Building

INDU BHUSHAN MEMORIAL SCHOOL
Class:- Nursery to XIIth
Co-Education, English Medium
Our Features
Reasonable Fee Structure
Qualified and Trained Teachers
Innovative Teaching
Appropriate Student- Teacher Ratio
No Heavy Bags
Pre-Primary Play Area
Attentin Towards Every Child
Parenting Classes (For Parents)
CCTV Monitoring
Transport Facility
Admission is going on.
Contact : 9430370823, 9955449958
Kawatu, Ichak, Hazaribag (Jharkhand)

EDUCATION TO-LET BUSINESS REAL ESTATE RECRUITMENT MATRIMONY & Many More
Book your CLASSIFIED ADS IN
हिन्दी दैनिक शुभम संदेश
एक राज्य-एक अखबार
Contact : 9835511272, 9905709361, 9546277001, 7004715743

# प्राकृतिक संसाधनों की मात्रा सीमित : राज्यपाल

संवाददाता। रांची



झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने संत जेवियर कॉलेज में चल रहे तीन दिवसीय सेमिनार के आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने कहा कि भविष्य में विकास की गति बनी रहे, इसके लिए नई तकनीकी और नई खोज की ओर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है. इस दिशा में यह सेमिनार उपयोगी सिद्ध होगा. उन्होंने आगे कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की मात्रा सीमित है. लेकिन विकास के लिए इसका लगातार दोहन किया जा रहा है. हमें वैकल्पिक व्यवस्था की दिशा में कार्य करना पड़ेगा. इस सेमिनार में भाग लेने वाले अनुभवी लोग इस दिशा में अपने विचार साझा करेंगें.

**सेंट जेवियर्स कॉलेज का इतिहास गौरवशाली :** राज्यपाल ने कहा कि सेंट जेवियर्स कॉलेज का गौरवशाली इतिहास रहा है. यहां के विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दिया है. यह बहुत गर्व कि बात है कि सेंट जेवियर्स कॉलेज के भौतिकी विभाग की स्थापना 1944 ई. में हुई थी. भौतिकी विभाग समेत अन्य विद्यार्थियों को भी इस सेमिनार से विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे नए बदलाव की जानकारी उन्हें मिलेगी. इससे वे नए प्रयोग, नई खोज और नई तकनीक विकसित करने के लिए प्रेरित होंगे. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और लगातार प्रोत्साहित करते रहते हैं. चन्द्रयान-2 के पूर्ण रूप से सफल नहीं होने पर उन्होंने वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित किया और फिर चन्द्रयान-3 का सफल लैंडिंग हुआ. माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का देश बनने की ओर अग्रसर है. उन्होंने "विकसित भारत 2047" का नारा दिया है. राज्यपाल महोदय ने सभी से उत्साहपूर्वक विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए सभी से आह्वान किया.

# एचईसी को बचाने की करना होगा जनांदोलन: माकपा

प्रमुख संवाददाता। रांची

सीपीआइ (एम) के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा है कि एचईसी को बचाने की लड़ाई लड़ रहे मजदूरों और अधिकारियों के पक्ष में एक जन आंदोलन करना होगा. माकपा ने इंडिया गठबंधन के सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और सिविल सोसायटी एवं झारखंड की जनता से अपील करती है कि झारखंड के गौरव एचईसी को बचाने के लिए आगे आएं. प्रकाश विप्लव ने कहा कि केंद्र सरकार की सार्वजनिक क्षेत्र विरोधी नीतियों और कार्यशील पूंजी व आधुनिकीकरण के अभाव में एचईसी को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. जबकि एचईसी के पास कार्यादेश का अभाव नहीं है. उत्पादन बढ़ाने के लिए आर्थिक संकट के बावजूद एचईसी ने हाल ही में इसरो के लिए चंद्रयान थ्री का लांचिंग पैड तैयार किया. आदित्य एल वन के प्रक्षेपण में भी योगदान दिया है.

**अधिकारियों और श्रमिकों को 19 माह से वेतन नहीं :** अधिकारियों समेत श्रमिकों को 19 माह से वेतन नहीं मिला है, जिससे मजदूरों और उनके परिवारों के सामने विकट स्थिति पैदा हो गई है. एचईसी प्रबंधन द्वारा कैंटीन भी बंद कर दी गयी है. अब मजदूरों द्वारा ही जन सहयोग से मजदूर कैंटीन चलायी जा रही है. एचईसी की जमीन पर स्थित आधा दर्जन स्कूलों में पढ़ने वाले श्रमिकों के बच्चों की फीस जमा नहीं होने से विद्यालय प्रबंधन उन्हें परीक्षा में बैठने की इजाजत नहीं दे रहा है, जिसके चलते छात्रों का भविष्य दांव पर है.

**80 फीसदी श्रमिक झारखंड के :** एचइसी में कार्यरत श्रमिकों में 80 प्रतिशत झारखंड के लोग हैं. मजदूरों ने पिछले दिनों इंडिया गठबंधन के समर्थन से राजभवन कूच कर राज्यपाल को भी केंद्र सरकार को संबोधित ज्ञापन दिया था. झारखंड के राजनीतिक दलों द्वारा श्रमिक संघों के साथ मिल कर दिल्ली में धरना भी दिया गया. उसी दिन संसद में भी विपक्ष ने एचईसी का मुद्दा उठाया गया. लेकिन केंद्र सरकार एचईसी के पुनरुद्धार के प्रति पूरी तरह उदासीन है.

# श्रम विभाग: सामान्य श्रेणी में 22.9 और ईबीसी में 0.2% दी नौकरी

- बीसी वन में 3.9 और 14.3 फीसदी को मिली नौकरी
- श्रम विभाग के पास विभिन्न संस्थानों में 152 पोस्ट की है वेकेंसी

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड के श्रम विभाग ने जनरल कटेगरी में 22.9 फीसदी और ईबीसी (आर्थिक रूप से पिछड़े) 0.2 फीसदी को विभिन्न संस्थानों में नौकरी दी. बीसी वन 3.9 फीसदी और 14.3 फीसदी को नौकरी दी. ओबीसी कटेगरी में 22.8, एसटी को 24.2, एससी को 11.7 फीसदी नौकरी दी गई. फिलहाल श्रम विभाग के पास विभिन्न संस्थानों में 152 पोस्ट की वेकेंसी है.

**सिर्फ 4.9 फीसदी डिप्लोमाधारी को ही नौकरी :** श्रम विभाग के आंकड़ों के अनुसार 4.9 फीसदी आटीआइ किए हुए लोगों को नौकरी मिली है.

4.9 फीसदी डिप्लोमाधारी को ही रोजगार मिला है. मिडिल कटेगरी में 2.3 फीसदी लोगों को रोजगार मिला. इंटरमीडिएट पास 27.6 फीसदी लोगों को रोजगार मिला. 25.5 फीसदी ग्रेजुएट लोगों को विभिन्न संस्थानों में रोजगार मिला. सिर्फ तीन फीसदी पोस्ट ग्रेजुएट लोगों को ही नौकरी मिली है. जबकि मैट्रिक पास 30 फीसदी लोगों को ही नौकरी मिली.

### क्या रही रोजगार मेला की स्थिति

**कोल्हान प्रमंडल रोजगार मेला**
- जॉब ऑफर : 3254
- पुरुष को रोजगार : 2915
- महिला को रोजगार : 319
- ज्वाइन : 00

**पलामू प्रमंडल में रोजगार की स्थिति**
- जॉब ऑफर : 1718
- पुरुष : 1562
- महिला : 156
- ज्वाइन : 00

**उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल**
- जॉब ऑफर : 3922
- पुरुष : 3468
- महिला : 3468
- ज्वाइन : 00

**राज्यस्तरीय रोजगार मेला**
- जॉब ऑफर : 6095
- पुरुष : 4894
- महिला : 1201
- ज्वाइन : 00

**14989 लोगों का हुआ प्लेसमेंट, एक ने भी नहीं किया ज्वाइन :** श्रम विभाग ने तीन प्रमंडलों और एक राज्यस्तरीय रोजगार मेला में 14989 लोगों को विभिन्न संस्थानों में प्लेसमेंट कराया. इसमें पुरुष 12839 और 2150 महिलाएं शामिल हैं. इसमें से एक भी लोगों ने योगदान नहीं दिया.



# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रविवार, 21 जनवरी 2024 ● पौष शुक्ल पक्ष 10, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 274 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

## 8 फाइलों के साथ ईडी की टीम दोपहर 1.03 बजे पहुंची सीएम आवास

# 300 सवालों का सीएम ने सामना किया

▪ सीएम आवास के 500 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू

सत्य शरण मिश्रा/ सौरभ सिंह। रांची

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों की टीम ने शनिवार को कथित भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से यहां उनके कांके रोड स्थित पर सरकारी आवास पर शनिवार दोपहर पूछताछ शुरू की. लगभग साढ़े सात घंटे की मैराथन पूछताछ के बाद ईडी की टीम रात लगभग साढ़े आठ बजे सीएम आवास से निकली. मैराथन पूछताछ के बाद ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन से कुछ दस्तावेजा मांगे हैं. संभावना है कि ईडी एक बार और सीएम हेमंत सोरेन से पूछताछ कर सकती है. इससे पहले ईडी अफसरों की टीम करीब 300 सवालों की लिस्ट सहित 8 फाइलों के साथ दोपहर 1.03 बजे सीएम आवास पहुंची.

सीएम आवास के अंदर दाखिल होने से पहले ईडी अधिकारियों की गाड़ियों की भी जांच की गई. उधर सीएम के समर्थन में सैंकड़ो झामुमो कार्यकर्ता हरवे हथियार के साथ सड़क पर उतर आये थे. जज कॉलोनी के सामने राजभवन की बाउंड्री के बाहर कार्यकर्ता फुटपाथ पर बैठे थे, तो कुछ कार्यकर्ता जस्टिस एलपीएन शाहदेव चौक के पास व प्रेम सन्स मोटर्स चौक के पास भी जमे थे. तीर-धनुष से लैस झामुमो कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास से करीब 100 मीटर की दूरी तक पहुंच गए थे. ईडी की टीम को देख झामुमो कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की, जिन्हें धारा 144 लगा होने की जानकारी देते हुए हटा दिया गया था. मौके पर बड़ी संख्या में तैनात सुरक्षा कर्मी मुख्यमंत्री आवास के आसपास गतिविधियों पर पैनी नजर रख रहे थे.

### ईडी ऑफिस से दोबारा मंगवाई गईं कुछ फाइलें

ईडी की टीम दोपहर 1.03 बजे मुख्यमंत्री आवास के अंदर गई. पूछताछ शुरू की. करीब साढ़े तीन घंटे बाद ईडी ने दोबारा ईडी ऑफिस से कुछ फाइलें मंगवाई. ईडी ऑफिस का एक कर्मचारी शाम 4.20 बजे फाइल लेकर सीएम हाउस पहुंचा. गेट पर पूछताछ करने के बाद वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने उसे अंदर जाने दिया.

## ईडी ने सीएम से कुछ दस्तावेज मांगे हैं, एक बार और पूछताछ संभव

### ईडी ने अबतक 14 लोगों को किया है गिरफ्तार

ईडी के अनुसार, यह जांच झारखंड में माफिया द्वारा भूमि का स्वामित्व अवैध रूप से बदलने वाले एक बड़े गिरोह से संबद्ध है. मामले में अब तक 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2011 बैच के अधिकारी छवि रंजन भी शामिल हैं, जो राज्य के समाज कल्याण विभाग के निदेशक के रूप में काऔंयरत थे और इससे पहले रांची के उपायुक्त के रूप में भी कार्यरत थे.

### महाधिवक्ता, डीजीपी भी सीएम हाउस में मौजूद रहे

ईडी की पूछताछ के मद्देनजर झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन भी दिन के 11.30 बजे सीएम आवास पहुंच गये थे. जानकारी के अनुसार सीएम ने महाधिवक्ता से कानूनी सलाह भी ली.पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी सीएम आवास पर मौजूद रहे.



### सीएम हाउस की सुरक्षा कड़ी थी

राशन वितरण से संबंधित करोड़ों रुपये के कथित घोटाले की जांच के सिलसिले में पहुंची ईडी टीम पर पश्चिम बंगाल में हाल के दिनों में हुए हमले के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी की गई है. सीएम से पूछताछ के मद्देनजर सीएम हाउस के बाहर, हिनू में ईडी के जोनल ऑफिस के बाहर और हरमू स्कुतित भाजपा कार्यालय व कुछ चुनिंदा भाडपा नेताओं के आवास के बाहर भी केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों को तैनात रखा गया है. सीएम हाउस के दोनों ओर के गेट के बाहर व आसपास के इलाके में भारी संख्या में सीआरपीएफ के जवानों को तैनात किया गया है. सीएम आवास के 500 मीटर के दायरे में धारा 144 लगा दी गयी थी.

### हाई गैजेट्स के साथ आई थी ईडी

ईडी की टीम पूरी सुरक्षा व्यवस्था और हाई टेक्नोलॉजी गैजेट्स से लैस होकर सीएम हाउस पहुंची थी. सीएम हाउस के अंदर, बाहर और आसपास की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ईडी के अधिकारी और सीआरपीएफ के जवान बेहतरीन स्तर के रेजोल्यूशन वाले बॉडी कैमरा का इस्तेमाल कर रहे थे, जिससे वे पूरी गतिविधियों को रिकॉर्ड कर रहे थे.

## अंदर सीएम कर रहे थे ईडी का सामना, बाहर सड़क पर थे कार्यकर्ता



शनिवार को दिनभर सीएम आवास से थोड़ी दूरी पर झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता अपने नेता के समर्थन में नारेबाजी करते रहे. फोटो- रमीज

### झामुमो-कांग्रेस के मंत्री विधायक भी सीएमओ पहुंचे थे

उधर झामुमो ने सोरेन के आवास पर पार्टी के विधायकों की बैठक बुलायी थी. इसके बाद कई मंत्री व विधायक भी सीएमओ पहुंचे. मंत्री बन्ना गुप्ता, चंपई सोरेन व विधायक सुदिव्य कुमार सोनू पहले ही सीएमओ पहुंच गए थे. उनके अलावा मंत्री जोबा मांझी, उत्पाद मंत्री बेबी देवी, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, मझगांव विधायक निरल पूर्ति, जेएमएम महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय, कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप, मांडर से कांग्रेस विधायक नेहा शिल्पी तिर्की, बड़कागांव विधायत अंबा प्रसाद, विधायक डॉ इरफान अंसारी, दीपक बिरुवा, पूर्व विधायक डॉ सरफराज अहमद, विधायक राम दास सोरेन भी सीएम आवास में मौजूद रहे.



ईडी के जाते ही हेमंत ने विपक्ष पर हमला बोला, कहा -

## जो हमें उखाड़ने की कोशिश करेगा, वह खुद उखड़ जाएगा

ईडी की टीम के पूछताछ कर सीएम हाउस से निकलने के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने जस्टिस एलपीएन शाहदेव चौक पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के सीएम हाउस के मेन गेट पर मीडिया कर्मियों को भी संबोधित किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बनने के बाद से ही विपक्ष सरकार को गिराने के लिए लगातार षड्यंत्र कर रहा है. इनका हर षडयंत्र विफल हो रहा है. आज सुनियोजित तरीके से विपक्ष के लोगों को टारगेट कर उन पर प्रहार किया जा रहा है. यह किसी से छिपा नहीं है. उस कड़ी में हम भी आते हैं.मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं जनता के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री बना. हमें किसी भी हाल में राज्य को षड्यंत्रकरियों के हाथ में नहीं जाने देना है. ये लोग जब हमसे राजनीतिक रूप से नहीं सक रहे, तो पर्दे के पीछे से सरकार को हिलाने- डुलाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन हम कोई गाजर-मूली नहीं हैं, जो कोई हमें उखाड़ कर फेंक दे. जो भी हमें उखाड़ने की कोशिश करेगा, वह खुद उखड़ जाएगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य पर गलत नजर रखने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा.

### पूछताछ के नतीजे के आधार पर बनेगी रणनीति : सुप्रियो

पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, ईडी सीएम से पूछताछ कर रही है. हम भी अपनी बैठक कर रहे हैं. आगे की रणनीति, पूछताछ के नतीजे पर बनेगी. विधायक इरफान अंसारी ने पूछताछ शुरू होने से पहले कहा कि सीएम ने सबको धैर्य रखने को कहा है. सीएम भावुक हो गए और हमसे धैर्य रखने को कहा. सुप्रियो ने कहा कि लोगों का सड़क पर उतरना यह स्वतः हुई प्रतिक्रिया है.

### हम डरे हुए नहीं हैं : बन्ना

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सब सामान्य है. हम डरे नहीं हैं. एजेंसियों का दुरूपयोग नहीं होना चाहिए. उसे कानून के मुताबिक काम करना चाहिए. कांग्रेस की झारखंड इकाई के प्रमुख राजेश ठाकुर ने कहा कि सोरेन के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए पार्टी के विधायक भी मौजूद रहे.

### नया चलन : बाबूलाल

भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि ईडी ने सीएम का सम्मान किया और उनकी जिद को कानून के ऊपर रख कर पूछताछ के लिए सीएम आवास गई. इस तरह की सुविधा सबको मिलनी चाहिए. कानून की नजर में सीएम और गरीब में कोई फर्क नहीं होता. राज्य में नया चलन शुरू हुआ है.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,400 |
| चांदी (किलो) | 76,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### ईडी का हो रहा दुरूपयोग : पवार

**सोलापुर।** एनसीपी के प्रमुख शरद पवार ने आरोप लगाया है कि विरोधियों को डराने और चुप कराने के लिए ईडी का इस्तेमाल उपकरण के रूप में हो रहा है. वह ईडी द्वारा रोहित पवार को समन जारी करने से जुड़े सवाल का जवाब दे रहे थे. कहा कि पूरे देश में ईडी के जरिए गैर भाजपा शासित राज्यों को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है.

#### जदयू-राजद गठबंधन का टूटना तय

**नयी दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटकों के साथ जदयू की कथित नाखुशी के बीच बिहार में भाजपा के एक प्रमुख सहयोगी दल राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के नेता एवं केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने शनिवार को दावा किया कि राज्य के सत्तारूढ़ गठबंधन का टूटना शत-प्रतिशत तय है. यह खुशखबरी जल्दी ही मिलेगी.

#### म्यांमा से लगी सीमा की सुरक्षा की जाएगी

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि सरकार म्यांमा सीमा पर लोगों की मुक्त आवाजाही को बंद करेगी और बांग्लादेश से लगी सीमा की तरह इसकी सुरक्षा करेगी.

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कल, मोदी अब तक कई मंदिरों में गये

## पीएम ने श्रीरंगम मंदिर में की पूजा

एजेंसी। तिरुचिरापल्ली

अयोध्या में सोमवार को होनेवाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले पीएम नरेंद्र मोदी देश के बड़े मंदिरों में पूजा अर्चना कर रहे हैं. इसी कड़ी में शनिवार पीएम मोदी ने शनिवार को यहां श्रीरंगम में रामायण से जुड़े प्राचीन मंदिर श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की और विद्वानों से ''कंब'' रामायण का पाठ सुना.

### हाथी को गुड़ खिला कर लिया आशीर्वाद



पीएम ने हाथी को गुड़ खिला कर उसका आशीर्वाद भी लिया. मंदिर के इष्टदेव को तमिल में 'रंगनाथर' के नाम से जाना जाता है. रंगनाथस्वामी की मूर्ति भगवान विष्णु का एक रूप है, जिसकी पूजा राम और उनके पूर्वजों ने की थी.

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा के काफिले पर असम में हमला!

एजेंसी। लखीमपुर (असम)

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर असम के हमले का आरोप लगाया गया है. आरोप है कि असम से गुजरने के दौरान शुक्रवार रात को गुंडों ने काफिले में शामिल गाड़ियों में तोड़फोड़ की और पोस्टर फाड़ दिए हैं. कांग्रेस ने भाजपा पर गुंडे भेज कर हमला कराने का आरोप लगाया है. कांग्रेस की असम राज्य यूनिट ने एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें कुछ लोग पोस्टर फाड़ते हुए दिख रहे हैं.

### कांग्रेस ने भाजपा पर लगाया आरोप, कहा- डरेंगे नहीं



**क्या कहा है कांग्रेस ने :** कांग्रेस की असम यूनिट ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें गुंडे रात में कांग्रेस के पोस्टर फाड़ते हुए दिख रहे हैं. यह वीडियो उत्तरी लखीमपुर का बताया गया है. ट्वीट में दावा किया है कि सीएम हेमंता की सरकार यात्रा को मिल रहे समर्थन को देख कर परेशान है. राहुल गांधी की यात्रा को लोगों का समर्थन मिल रहा है.

### भाजपा देश को बांट रही है: राहुल गांधी

राहुल गांधी ने भाजपा पर जाति, पंथ और धर्म के नाम पर देश को बांटने का आरोप लगाया. दोईमुख के निवासियों के साथ बातचीत करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा लोगों को धर्म और भाषा के नाम पर आपस में लड़ने के लिए उकसाती है.

नई टीम | नीतीश की टीम में वशिष्ट को मिली तरजीह, ललन सिंह के लोग किनारे किए गए

## जदयू ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नयी टीम घोषित की

विशेष संवाददाता। नयी दिल्ली/पटना

जदयू ने शनिवार को राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नयी सूची घोषित की, जिसे बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने मंजूरी दे दी है. नीतीश ने एक महीने पहले ही जदयू अध्यक्ष का पद संभाला था. उनके सहयोगी वशिष्ठ नारायण सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है. सिंह की कुमार से मित्रता 1974 में बिहार में जयप्रकाश नारायण के



नेतृत्व वाले छात्र आंदोलन के समय की है. सिंह ने मंगनी लाल मंडल की जगह ली है, जो पिछले साल मार्च में चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर के बाद जदयू उपाध्यक्ष बनने वाले दूसरे नेता थे. किशोर ने 2017 में जदयू उपाध्यक्ष का पद छोड़ दिया था. मंडल को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है.

### केसी त्यागी का भी कद बढ़ा

जदयू नेता केसी त्यागी को उनका कद बढ़ाते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता के साथ अब उन्हें राजनीतिक सलाहकार भी बनाया गया है. सूची में दूसरे प्रवक्ता राजीव रंजन हैं, जो सीएम के गृह जिला नालंदा के पूर्व विधायक हैं और पिछले साल भाजपा छोड़ने के बाद जदयू में लौटे थे. हालांकि, रंजन अब राष्ट्रीय महासचिव नहीं हैं. राष्ट्रीय महासचिवों की संख्या घटा कर 11 कर दी गई है, जबकि पिछले साल मार्च में सामने आयी पिछली सूची में यह संख्या 20 थी. तब पार्टी का नेतृत्व राजीव रंजन सिंह ललन कर रहे थे. राजीव रंजन सिंह ने अपनी मुंगेर लोकसभा सीट पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले महीने पार्टी का अध्यक्ष पद छोड़ दिया था. राजीव रंजन सिंह ने पार्टी अध्यक्ष पद इन अफवाहों के बीच छोड़ा था कि वह सहयोगी दल राजद) के करीबी हो गए हैं. हालांकि, ललन पर नीतीश कुमार का अभी भी विश्वास है और वह विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठकों में संजय कुमार झा के अलावा नीतीश कुमार के साथ रहे हैं.

### रामनाथ ठाकुर का पद बरकरार

जिन अन्य लोगों को प्रमुख पद पर बरकरार रखा गया है, उनमें रामनाथ ठाकुर शामिल हैं, जिनके दिवंगत पिता कर्पूरी ठाकुर बिहार के सीएम रहे थे और नीतीश और लालू के राजनीतिक गुरु थे. अल्पसंख्यकों को स्पष्ट संकेत देते हुए कि पार्टी उनकी परवाह करती है, अली अशरफ फातमी, अफाक अहमद और कहकशां परवीन को भी महासचिव के रूप में बरकरार रखा गया है. परवीन 2014 में 35 वर्ष की आयु में ही राज्यसभा के लिए चुनी गई थीं, जिसे भाजपा से नाता तोड़ने के बाद कुमार द्वारा स्वयं को अल्पसंख्यकों के बीच पैठ बनाने के एक प्रयास के रूप में देखा गया था.

### आलोक सुमन बने रहेंगे कोषाध्यक्ष

गोपालगंज (सु) सीट से सांसद आलोक कुमार सुमन को कोषाध्यक्ष के रूप में बरकरार रखा गया है, जो पदाधिकारियों की नयी सूची में एकमात्र मौजूदा लोकसभा सदस्य बन गए हैं. इस सूची में राजीव रंजन प्रसाद सहित छह राष्ट्रीय सचिव भी शामिल हैं, जिन्हें अक्सर समाचार चैनलों पर चर्चाओं में पार्टी का प्रतिनिधित्व करते देखा जा सकता है. राष्ट्रीय सचिवों में एक और उल्लेखनीय नाम हरनौत के पूर्व विधायक सुनील कुमार उर्फ इंजीनियर का है. नीतीश कुमार इस विधानसभा सीट से 1980 के दशक में विधायक रहे थे.

## 3 साल में देश नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा: शाह

एजेंसी। तेजपुर (असम)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि देश अगले तीन साल में नक्सलवाद की समस्या से मुक्त हो जाएगा. शाह ने यहां सलोनीबारी में सशस्त्र सीमा बल के 60वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में से एक



एसएसबी संस्कृति, इतिहास, भौगोलिक स्थिति और भाषा को बारीकी से एकीकृत करने और सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को देश के बाकी हिस्सों के करीब लाने में एक अद्वितीय भूमिका निभाता है. उन्होंने कहा कि सीमाओं की रक्षा के अलावा एसएसबी के साथ ही अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल ने छत्तीसगढ़ और झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ प्रभावी रूप से अपना कर्तव्य निभाया है. उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अगले तीन साल में देश नक्सली समस्या से 100 फीसदी मुक्त हो जाएगा. गृह मंत्री ने एसएसबी के छह कर्मियों के साथ तीन बटालियन को उनकी अनुकरणीय सेवा के लिए पुरस्कार दिए और एक डाक टिकट भी जारी किया. -पेज 12 भी देखें

### खास बातें

- पीएम मोदी के नेतृत्व में सौ फीसदी नक्सलवाद खत्म करेंगे
- सुरक्षा बलों ने झारखंड व छत्तीसगढ़ में कर्तव्य निभाया

# रेलवे ने खर्च किए 56 करोड़, यात्रियों को मिली नरक जैसी सड़क



संवाददाता। धनबाद

धनबाद स्टेशन के साउथ साइड भवन को जोड़ने के लिए डीएवी स्कूल बैंकमोड़ से एप्रोच रोड बनाया गया. इतना ही नहीं रेलवे अंडर ब्रिज, बगिया और पार्किंग भी बना. ताकि नया बाजार फ्लाई ओवर, श्रमिक चौक व स्टेशन रोड की जाम से रोजाना हजारों यात्रियों को छुटकारा मिल सके. रेलवे ने इस सौंदर्यीकरण पर लगभग 56 करोड़ खर्च किए, लेकिन यात्रियों को ट्रेन से आने-जाने के लिए पहले नर्क जैसी सड़क से गुजरना पड़ता है.

यह हाल तब है कि जब ठंड में हल्की बूंदा-बांदी हुई है. साउथ साइड स्टेशन भवन के सामने पुराना बाजार से सटे सड़क पर लबालब गंदा पानी और दोनों छोर में कीचड़ फैली हुई है. दुर्गंध ऐसी कि यहां से बगैर नाक पर रूमाल रखे गुजरना मुश्किल है. पुराना बाजार के लोगों का कहना है फुटपाथ पर सब्जी व अन्य सामग्री बेचनेवाले लोग सड़क किनारे गंदगी कूड़ा फेंक देते हैं, जिसे रोकने व कार्रवाई करनेवाला कोई नहीं है. ठंड में यह हालत है तो बरसात में क्या होगा. बरसात के मौसम में तीन से चार महीने तक लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है. पैदल जानेवाले राहगीर व यात्री दूसरे रास्ते से आना-जाना करते हैं. इतना ही नहीं रेलवे का सफाई विभाग भी इस पर ध्यान नहीं देता है. आउटसोर्सिंग कंपनी के ठेकेदार भी अपने कर्मियों से स्टेशन के प्लेटफॉर्म तक ही सफाई कराते हैं.

### खास बातें

- ठंड के मौसम में हल्की बूंदा-बांदी में है यह हाल
- बरसात में होती है बहुत परेशानी रेलवे अधिकारी नहीं देते हैं ध्यान

### रेलवे अधिकारी झाड़ रहे पल्ला, निगम की अनदेखी के कारण ऐसा हाल

अब रेलवे के अधिकारी कहते हैं कि नगर निगम के क्षेत्र में रहनेवाले लोगों ने गंदगी फैलायी है, तो निगम के सफाईकर्मी ही सफाई करेंगे. सड़क भी गड्ढानुमा बनी है, जिसके कारण पानी जमा हो जाता है. सड़क किनारे ड्रेन बनी है, लेकिन वह गंदगी के कारण ही जाम हो गया है. इसके लिए पब्लिक व निगम जिम्मेदार है. हालांकि लोग कहते हैं कि रेलवे के अधिकारी कभी इस समस्या से निजात दिलाने की कभी कोशिश नहीं की. धनबाद रेल मंडल के डीआरएम केके सिन्हा समेत कई अधिकारी बीच-बीच में निरीक्षण करने आते हैं, लेकिन देखने के बाद प्लान कर चले जाते हैं. ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत के कारण जनता को रोजाना मुसीबत झेलनी पड़ रही है.

## ब्रीफ खबरें

### 22 जनवरी को आधा दिन का अवकाश रहेगा

**धनबाद।** रेलवे, कोल इंडिया समेत केंद्र सरकार के कार्यालयों में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को आधा दिन का अवकाश रहेगा. केंद्र सरकार ने इस संबंध में सभी विभागों को निर्देश जारी कर दिया है. जानकारी के अनुसार अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखने और घरों में पूजा-पाठ करने के लिए अवकाश की घोषणा की गई है. सभी कार्यालयों में दोपहर 2:30 बजे तक कामकाज नहीं होंगे. 2:30 बजे के बाद ही अधिकारी व कर्मी ड्यूटी करेंगे.

### 9 दुकानदारों को निगम ने दिया नोटिस

**धनबाद ।** सिंदरी गौशाला स्थित बीआईटी के मुख्य द्वार के सामने स्थित 9 पक्के दुकानदारों को नगर निगम ने दो दिनों के भीतर दुकान हटा लेने का नोटिस दिया है. दो दिनों के भीतर दुकान नहीं हटाने पर दुकानों पर नगर निगम का बुलडोजर चलेगा. नगर आयुक्त रविराज शर्मा के आदेश पर यह नोटिस दिया गया है. फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि बीआइटी गेट के सामने सड़क का अतिक्रमण कर पक्के दुकान बनाएं गए हैं. जिससे वहां देर रात तक जमावड़ा लगा रहता है.

### शव के साथ धरना,पुत्र को प्रोविजनल नियोजन

**कतरास।** शनिवार को न्यू आकाशकीनारी कोलियरी गोविंदपुर क्षेत्र में कार्यरत श्याम पाठक की मौत के बाद नियोजन और मुआवजा की मांग को लेकर परिजन व श्रमिक प्रतिनिधि शव के साथ धरने पर बैठ गए. बताया गया कि श्याम पाठक की कार्य के दौरान तबीयत खराब हो गई.उसे रिजनल हॉस्पिटल तिलाटांड ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई . प्रदर्शन के बाद धकोकसं के अगुवाई में प्रबंधन से वार्ता हुई जिसमें मृतक छोटे पुत्र अमित पाठक को तत्काल प्रोविजनल नौकरी दी गई.

### पुटकी में युवक ने फंदे पर झूल कर दी जान

**धनबाद ।** पुटकी थाना क्षेत्र के पुटकी बाउरी बस्ती निवासी सुफल बाउरी के 26 वर्षीय पुत्र नागेश्वर बाउरी ने फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली.घटना शुक्रवार रात की है. बताया जाता है कि शनिवार की सुबह क़रीब 8 बजे जब नागेश्वर अपने कमरे से बाहर नहीं निकला, तो परिजनों ने आवाज दी. लेकिन दरवाज़ा नहीं खुला. खिड़की से झांककर देखा, तो वह फंदे से झूल रहा था. यह देख सभी के होश उड़ गए. घटना की जानकारी तुरंत पुटकी थाने को दी गई.

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन सड़क पर तैनात रहेंगे समिति सदस्य

# पब्लिक फ्रेंडली पुलिसिंग की कवायद में जुटा महकमा

- एसएसपी के निर्देश पर मृत पड़ी पुलिस जनसहयोग समिति फिर से होने लगी सक्रिय

संवाददाता। धनबाद

पुलिस शब्द सुनकर ही अच्छे-अच्छों की हालत पतली हो जाती है. यदि अपना काम नहीं हो और थाने जाना मजबूरी नहीं हो तो कोई उधर फटकना भी नहीं चाहेगा. लेकिन अब नए एसएसपी एचपी जर्नादन ने धनबाद पुलिसिंग का चेहरा बदलने की ठानी है. पुलिस और पब्लिक के पास आपसी रिश्ते की डोर मजबूत करने के लिए धनबाद में मृत हो चुके पुलिस जनसहयोग समिति को एसएसपी फिर से सक्रिय कर रहे हैं. जिले के सभी थानों को जनसहयोग समिति की बैठक करने संबंधित निर्देश जारी किया है. इसके तहत दो दिनों में एक दर्जन थानों में समिति की बैठक हो चुकी है.

**समय के साथ बहुत कुछ बदल गया:** विदित हो कि धनबाद में पुलिस जनसहयोग समिति व शांति समिति खाकी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने वाली कमेटी के तौर पर जानी जाती हैं, यदि कभी पुलिस का रवैया ठीक नहीं रहा हो तो सहयोग समिति ने पुलिस वालों के खिलाफ भी आवाज उठाने में कोताही नहीं की. लेकिन समय के साथ कुछ थानेदारों ने अपने पसंद के लोगों को कमेटी में शामिल करने का रिवाज कायम किया और फिर कमेटी का बंटाधार होता चला गया. पिछले कुछ सालों से तो कमेटी की सक्रियता ही खत्म हो गई, चंद लोग कमेटी के नाम पर थानों में हाजरी लगाते दिखते थे. नए एसएसपी ने सभी थानेदारों को जनयोग समिति व शांति समिति की बैठक करने का निर्देश दिया है. इसके तहत जिले में लगभग दर्जन भर बड़े थानों में कमेटी की बैठक भी संपन्न हुई.



जनसहयोग समिति के साथ बैठक करते थानेदार.

### खास बातें

- नए एसएसपी ने पुलिसिंग का चेहरा बदलने की ठानी
- एक दर्जन थानों में हो चुकी है समिति की बैठक

### धनबाद थाने में हुई बैठक

धनबाद थाने में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी संतोष गुप्ता की अध्यक्षता में हुई. इस दौरान 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दौरान धनबाद में विधि व्यवस्था में दिक्कत न आए, इस बिंदु पर विचार विमर्श किए गए. निर्णय लिया गया है कि समिति के लोग 22 तारीख को सक्रिय रहेंगे और सड़क पर काम करेंगे. किसी सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचेंगे. धनबाद थाने में मुकेश पांडेय, कौशल किशोर, अंकेश राज, मलय सिंह, संजीव चौरसिया, गोपाल भट्टाचार्य, आनंद चौरसिया आदि शामिल थे.

## 3500 के खिलाफ 107 के तहत कार्रवाई, ड्रोन से होगी निगरानी

- राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में पुलिस की कसरत शुरू

**धनबाद ।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह धनबाद में शांतिपूर्वक गुजर जाए, इसके लिए धनबाद पुलिस की कसरत शुरू हो गई है. एसएसपी धनबादएचपी जनार्दन ने सभी थानों में अतिरिक्त बलों की तैनाती कर दी है. 22 जनवरी को पुलिस जिले की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे का प्रयोग करेगी. एसएसपी ने सभी थानेदारों को मंदिर कमेटी के लोगों के साथ मिलकर बातचीत करने का निर्देश दिया है. कहा है कि कमेटी के लोगों के लगातार संपर्क में रहें. इसके अलावा अब तक 3500 संदिग्ध तत्वों के खिलाफ 107 की कार्रवाई की गई है. शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित एसपी को सक्रिय रहने को कहा गया है. कतरास, जोगता और झरिया को पुलिस महकमा सबसे अधिक संवेदनशील मानते हुए अग्रतर कदम उठा रही है. इन तीनों स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती है. शुक्रवार की रात शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया था, शनिवार को भी झरिया समेत कई स्थानों पर पुलिस बलों का मार्च हुआ है. खुद एसएसपी समेत सारे पुलिस पदाधिकारी व टाइगर जवान फ्लैग मार्च में शामिल थे.

### प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर दीप वितरण

**कतरास।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन घर-घर में दीप उत्सव को लेकर शनिवार को विधायक ढुल्लू महतो के निर्देश पर भाजपा कतरास मंडल के पदाधिकारियों ने लोगों के बीच दीये का वितरण किया. कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंडल मंत्री रामकुमार साहू ने बताया कि 22 जनवरी को रामलाला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अयोध्या में आयोजित किया गया है. इस प्राण प्रतिष्ठा को यादगार बनाने के उद्देश्य से पूरे भारत में आघोषित रूप से दिवाली मनाई जाएगी और मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आगमन का पूरा देश जश्न मनाएगा. मौके पर मंडल अध्यक्ष भरत शर्मा मंडल मंत्री रामकुमार साहू उर्फ छोटू जिला मंत्री महेश पासवान उपाध्यक्ष श्यामकिशोर कल्लू,बबलू मिश्रा मनोज लाला हरेंद्र सिंह हुलास यादव अनिल पांडे पप्पू साहू नितेश सिंह उपस्थित थे.

### अवैध देशी शराब की भट्ठी तोड़ी, शराब नष्ट की

**मैथन।** कुमारधुबी ओपी प्रभारी संदीप यादव और गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी असफाक आलम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध देशी महुआ शराब के खिलाफ अभियान चलाया. शिवलीबाड़ी और एग्यारकुण्ड मुण्डाधौड़ा में करीब दो क्विंटल से अधिक जावा महुआ व महुआ शराब नष्ट की गई. शराब बनाने के उपकरण व भट्ठी को भी तोड़ा गया. 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर के उद्घाटन पर क्षेत्र में कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर यह कार्रवाई की गयी. शांति समिति की बैठक में लोगों ने शराब बंदी की बात उठाई थी. संभावना जताई जा रही है कि असमाजिक तत्वों द्वारा अशांति फैलाने का प्रयास किया जा सकता है. इसी को देखते हुए अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया.

## 22 को लेकर निगम ने कराई सभी मंदिरों की विशेष सफाई

संवाददाता। धनबाद

22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर निगम ने निगम के क्षेत्र के सभी मंदिरों की विशेष सफाई कराई है. केंद्र सरकार द्वारा निर्देशित स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत सभी मंदिरों की सफाई कराई गई है . नगर प्रबंधक रणधीर वर्मा ने बताया कि धनबाद अंचल अंतर्गत 30 से ज्यादा मंदिरों की सफाई कराई जा चुकी है. जिसमे भुईफोड़ मंदिर, खड़ेश्वरी मंदिर, हरि मंदिर, शक्ति मंदिर, सूर्य मंदिर आदि प्रमुख हैं. इसके साथ ही निगम क्षेत्र के विभिन्न अंचलों में जितने भी मंदिर हैं, सभी की विशेष सफाई कराई गई है . नगर आयुक्त रवि राज शर्मा के निर्देश पर धार्मिक जुलूस और कलश यात्रा के लिए भी क्षेत्रों की सफाई कराई गई है . श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा शहर राममय हो गया है. जगह जगह भजन कीर्तन, कलश यात्रा,अखंड रामायण पाठ, धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है.



### रेलवे ट्रैक पार करने में महिला ने गंवायी जान

**धनबाद।** धनबाद-भूली ब्लॉक हॉल्ट के बीच वासेपुर आरा मोड़ के निकट फ्लाई ओवर के नीचे एक महिला को रेलवे ट्रैक पार करने में अपनी जान गंवानी पड़ी. घटना की खबर पाकर दोपहर में बैंकमोड़, भूली ओपी व धनबाद रेल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची. घटनास्थल पर दर्जनों की संख्या में आसपास के लोग जुटे थे. किसी ने भी महिला की पहचान नहीं की. घटनास्थल स्थल आउटर सिग्नल के पार होने के कारण जिला थाने की भूली ओपी पुलिस शव को कब्जे में लेकर चली गई. भूली ओपी पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. महिला की उम्र 50 से 55 साल के आसपास बतायी जा रही है. पुलिस का मानना है कि महिला आसपास के इलाके की नहीं थी.

### मोदी सरकार फिर एक बार




**झरिया ।** भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य व भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार अग्रवाल ने शनिवार को झरिया चार नंबर स्थित टैक्सी स्टैंड में 'मोदी सरकार फिर एक बार' का नारा दीवार पर लिखकर 2024 में नरेन्द्र मोदी को प्रचंड बहुमत से जीताने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा 2024 का चुनाव प्रचंड बहुमत से जीतेगी. राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बहुत सारे काम हुए हैं. इसलिए उनके नेतृत्व में भाजपा 2024 के चुनाव में परचम लहराएगी.

## तेलीपाड़ा दुर्गा मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा

संवाददाता। धनबाद

22 जनवरी को अयोधया में हो रहे राम लला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में धनबाद के हीरापुर तेलीपाड़ा स्थित दुर्गा मंदिर में तीन दिवसीय राम कथा का आयोजन किया गया.यह आयोजन हीरापुर दुर्गा मंदिर नवयुवक संघ की और से की गई है. इसी के उपलक्ष्य में शनिवार को दुर्गा मंदिर से गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो महिला पुरुष और बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया .

यह कलश यात्रा जय श्रीराम के जयकारे के साथ हीरापुर तेलीपाड़ा दुर्गा मंदिर से शुरू होकर पम्पू तालाब पहुंची,जहां पूरे विधि विधान से पूजा-अर्चना कर कलश में जल भर कर पुनः मंदिर प्रांगण पहुंची .राम कथा का शुभारंभ धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया.कलश यात्रा में मौजूद रमेश राही व नवयुवक संघ के सदस्यों ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम लला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है जिसे लेकर पूरे देश में भक्तों के द्वारा सभी मंदिरों में पूजा पाठ किया जा रहा है .पूरा शहर राममय हो गया है.



22 को निकलेगी भव्य शोभायात्रा, हजारों भक्त होंगे शामिल

## आस्था का केंद्र बड़ी ठाकुरबाड़ी मंदिर

संवाददाता। बाघमारा

बाघमारा स्थित बड़ी ठाकुरबाड़ी मंदिर आस्था के प्रतीक स्वरूप एक धार्मिक केंद्र के रूप में स्थापित हो चुका है. इस मंदिर में सालों भर पूजा पाठ के अतिरिक्त धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होते रहे हैं. कभी साधारण स्वरूप में स्थापित यह मंदिर आज भव्य व आलौकिक रूप सज्जा के साथ स्थानीय श्रद्धालुओं के बीच धर्म का एक केंद्र बन गया है. अभी अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर में श्री राम लला के भव्य आकर्षक मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है. इस अनुष्ठान के निमित्त देश भर के मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है.



बाघमारा स्थित बड़ी ठाकुर बाड़ी मंदिर में भी व्यापक तैयारी की गई है. कार्यक्रम के तहत श्री बड़ी ठाकुरबाड़ी मंदिर में तीन दिवसीय भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया है. आयोजन के प्रथम दिन शनिवार को प्रात : 9 बजे से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन प्रारम्भ किया गया. इस मौके पर संगीतमय रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को दिन 12 बजे रामचरित मानस पाठ तथा अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया जायेगा. जबकि 22 जनवरी दिन सोमवार को श्री राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के दिन कीर्तन पूर्णाहुति के साथ भव्य शोभायात्रा एवं झांकी निकाली जाएगी. फिर कार्यक्रम का समापन विशाल भंडारे के साथ होगा.

**मिलन समारोह** बाघमारा प्रखंड मुखिया संघ के कार्यक्रम में पहुंचे बाघमारा विधायक

# मुखिया निर्भीक होकर जनता का काम करें : ढुल्लू

संवाददाता । महुदा

बाघमारा प्रखंड मुखिया संघ का मिलन समारोह शनिवार को खैलायचंडी मेला प्रांगण तेलमच्चो में हुआ. समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, विविष्ट अतिथि बीडीओ डॉ. सुषमा आनंद उपस्थित हुए. ढुल्लू महतो ने अपने संबोधन में कहा कि मुखिया निर्भीक होकर जनता के लिए काम करें. किसी भी तरह की समस्या हो, तो बताएं. तुरंत समाधान किया जाएगा. सिर्फ सरकारी फंड पर निर्भर नहीं रहें, बल्कि जनता के हर-सुख दुख में साथ रहें. उन्होंने कहा कि पूर्व एसएसपी का तबादला होते ही जिले का माहौल बदल गया है. मैं हर गलत काम का अंतिम सांस तक विरोध करता रहूंगा.



**भाग लेने की अपील :** बीडीओ डॉ. सुषमा आनंद ने सभी मुखिया से प्रखंड स्तरीय मीटिंग में भाग लेने की अपील की. कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि शिबू महतो ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन मुखिया संघ की अध्यक्ष रिंकू देवी ने किया. मौके पर विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर महतो, समीर कुमार लाला उर्फ राजा लाला, मीरा कुमारी, सुनीता देवी, महेश कुमार पटवारी, संगीता घोषाल, गुडिया देवी, बदरूद्दीन अंसारी, नंदिनी कुमारी, ममता देवी, संध्या देवी, कुंदन कुमार रजक, कामेश्वर प्रसाद, मो. अलताफ शेख, फागू महतो, यशोदा देवी, पिंकी कुमारी, सुमन देवी, शिल्पी देवी, अंजना देवी, पिंकी देवी, अनीता देवी, वंदना बाउरी, टिंकू देवी, सरस्वती देवी, बिनोद कुमार, मीना देवी, अजीत कुमार कपरदार, मानिक बाउरी, निशा देवी, बाबूलाल महतो मौजूद थे.

### खास बातें


- गलत काम का अंतिम सांस तक विरोध करता रहूंगा
- कोई भी समस्या हो बताएं समाधान किया जाएगा

### स्कूली बच्चों को दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ

**धनबाद।** जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत शनिवार को प्राणजीवन एकेडमी में बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ साथ सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई.साथ ही धनबाद में अलग अलग चौक चौराहों पर आमजनों के बीच नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक किया गया. इस दौरान परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह ने यातायात नियम के बारे में बताया ओर कहा कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहन की गति धीमी करें. क्रॉसिंग पर पहले पैदल यात्रियों को सड़क पार करने दें.वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं.

F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल
में आपका स्वागत और अभिनंदन।

आपके यात्रा को सुखद और सुविधाओं के आकांक्षा के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू , कटरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत मे होटल और रूम मे ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।



- FLIGHT TICKETS
- CRUISE BOOKING
- HOTEL BOOKING
- TRAIN TICKET
- TAXI SERVICE
- CURRENCY EXCHANGE
- HOLIDAY PACKAGES
- GROUP BOOKINGS
- E VISA SERVICE
- INTERNATIONAL TOUR PACKAGES

BOOKING
Call 8527271652-ved

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रविवार, 21 जनवरी 2024 ● पौष शुक्ल पक्ष 10, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 274 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

# सीएम कल देंगे 2500 युवाओं को नौकरी का ऑफर लेटर



## स्थानीय को निजी क्षेत्र में रोजगार देने की ओर अग्रसर राज्य सरकार

रवि भारती। रांची

राज्य के स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत नियोजन सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार लगातार आगे बढ़ रही है. इस कड़ी को और मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 22 जनवरी को 2500 युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी का ऑफर लेटर सौपेंगे. खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में कौशल प्राप्त युवाओं को अरविंद टेक्सटाइल, किशोर एक्सपोर्ट, श्री गणपति क्रिएशन, अर्बन डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, मैट्रिक्स क्लोथिंग, वेलेंसिया अपैरल्स एवं ओरिएंट क्राफ्ट टेक्सटाइल कंपनियों के लिए ऑफर लेटर सौंपा जाएगा. इससे पूर्व मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन कर करीब 56 हजार युवाओं को निजी क्षेत्र में ऑफर लेटर प्रदान किया जा चुका है.

### प्लांट्स के शुरू होने से कुल्ही की बदली तस्वीर

सीएम के प्रयासों का ही प्रतिफल है कि दिसंबर 2021 में रांची के ओरमांझी स्थित कुल्ही इंडस्ट्रियल एरिया में कई टेक्सटाइल प्लांट्स का शुभारम्भ किया गया था. आज उन प्रयासों से महज तीन वर्ष में 10 हजार से अधिक युवाओं को रांची में रोजगार मिला है. यहां स्थित कपड़े की फैक्ट्रियां न सिर्फ लोगों को रोजगार दे रही हैं, बल्कि उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं. यहां काम करने वालों में 90 प्रतिशत महिलाएं हैं. ये सभी युवा कुल्ही स्थित अरविंद टेक्सटाइल, किशोर एक्सपोर्ट, श्री गणपति क्रिएशन, अर्बन डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, मैट्रिक्स क्लोथिंग, वेलेंसिया अपैरल्स एवं ओरिएंट क्राफ्ट की अत्याधुनिक कपड़े की यूनिट्स में काम कर अपना जीवन यापन कर रहें हैं। जिस कुल्ही गांव में सड़क नहीं थी, आज मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि ने कुल्ही गांव की तकदीर और तस्वीर दोनों ही बदल दी है. कुल्ही गांव रोशन है, लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी मिल रही हैं. प्रत्येक घर में रोजगार है. यहां की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर कार्य कर रहीं हैं.



### विभिन्न राज्यों से लाई गईं बेटियों और श्रमिकों को भी मिला रोजगार

इन उद्योगों में विभिन्न राज्यों में कार्य करने गई झारखंडकी बेटियों को भी रोजगार से आच्छादित किया गया है. नियोजित बेटियां कोरोना संक्रमण काल में वापस लाई गईं थीं या विभिन्न राज्यों में कार्य के दौरान उन्हें बंधक बना कर कार्य लिया जा रहा था. ऐसी सभी बेटियों को मुख्यमंत्री के निर्देश पर वापस झारखंड लाकर नियोजित किया गया है. उत्तराखंड के नवनिर्मित टनल हादसे से सुरक्षित रेस्क्यू किए गए कुछ श्रमिकों को भी कुल्ही स्थित प्लांट्स में रोजगार उपलब्ध कराया गया है.

### विदेशों में वस्त्रों की भारी डिमांड

कुल्ही इंडस्ट्रियल एरिया में संचालित वस्त्र उद्योग में यहां के हुनरमंद युवाओं और विश्व स्तरीय मशीनों से विश्व विख्यात ब्रांड्स के कपड़े बनाए जा रहे हैं. रांची से पूरे देश एवं यूके, अमेरिका, जर्मनी समेत कई देशों में यहां के बने कपड़ों को एक्सपोर्ट किया जा रहा है. रांची से ही ब्रांडेड जिंस, पैंट, शर्ट, बच्चों के कपड़े, लेडिज वेयर, वुलेन वेयर, अंडर गार्मेंट्स आदि की डिमांड देश-विदेश में है. झारखंड में टेक्सटाइल इंडस्ट्री यहां की बेहतरीन नई टेक्सटाइल पॉलिसी और राज्य सरकार से मिल रहे समर्थन की वजह से काफी ग्रो करेगी, जिससे आने वाले कुछ वर्षों में कुल्ही की फैक्ट्रियों की क्षमता एक लाख लोगों को रोजगार देने की होगी

---

## ब्रीफ खबरें

### 68 लोगों से साइबर ठगी मामले में 10 गिरफ्तार

**जामताड़ा।** साइबर थाने की पुलिस ने शुक्रवार की देर रात मिहिजाम थाना क्षेत्र के बागजोरी व पिपला गांव में छापेमारी कर 10 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया. शनिवार को एसपी अनिमेष नैथानी ने साइबर थाना में प्रेस-कांफ्रेंस किया. उन्होंने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधियों के मोबाइल से कुछ अहम डाटा मिला है, जिसमें बिहार व बंगाल के लगभग 68 पीड़ितों की सूची मिली है. इन पीड़ितों से 500-2000 के बीच साइबर ठगी हुई है. छोटी रकम होने के कारण पीड़ित की ओर से किसी थाना में शिकायत नहीं किया गया है.लेकिन पीड़ित के मोबाइल पर संपर्क करने पर उनसे साइबर ठगी की बात को स्वीकार किया है.

### भाजपा ने की सिखों की अवहेलना की: सेवा सिंह

**सिंदरी।** भाजपा झारखंड प्रदेश कमेटी के 44 सदस्यीय टीम में सिख समुदाय से एक भी व्यक्ति को शामिल नहीं किए जाने को लेकर झारखंड प्रदेश सिख वेलफेयर सोसाइटी ने इसे सिखों की अवहेलना बताया है. सिख वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष सेवा सिंह ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिख कर बताया है कि भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष त्रबाबूलाल मरांडी ने प्रदेश कमेटी में सिखों को शामिल नहीं किया है. यह निर्णय सिखों की अवहेलना को दर्शाता है और इससे सिख समुदाय बहुत ही आहत हुआ है.

### 24 तक राज्य में छाये रहेंगे बादल

**रांची।** झारखंड में घना कोहरा कम होते ही तापमान में गिरावट दर्ज की गई. मौसम विभाग के अनुसार, सुबह में कोहरे के बाद आंशिक बादल छाये रह सकते हैं. मौसम शुष्क रहने की संभावना है. रविवार को राज्य के 17 जिलों में कुछ स्थानों पर मध्यम से घने कोहरे की संभावना है. अगले 5 दिनों में न्यूनतम पारे में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. इसके बाद ठंड से राहत मिलने के आसार हैं. पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा. जबकि कुछ स्थानों पर मध्यम से घना कोहरा भी देखा गया.

---

## छोटे बाबुओं की आदत से फरियादी त्रस्त

# बिना रिश्वत के नहीं मंजूर होती विधवा व वृद्धा पेंशन

संवाददाता। कतरास

बाघमारा प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार व अफसरशाही पूरी तरह से हावी है. प्रखंड के बड़े अधिकारियों के अधीनस्थ कार्य करने वाले छोटे बाबुओं की तानाशाही व मुद्रा मोचन की नीति से फरियादी त्रस्त हैं. प्रखंड कार्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार के मामले को शुभम संदेश की टीम उजागर कर रही है, पेश है बाघमारा प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार से जुड़ी पहली रिपोर्ट.

धनबाद नगर निगम वार्ड संख्या तीन के एक दर्जन वृद्ध पुरुष महिला व विधवा पेंशन के लिए लगातार बाघमारा प्रखंड कार्यालय का चक्का लगाकर थक गए हैं.प्रखंड के अंचलाधिकारी के क्लर्क द्वारा लोगों का पेंशन चालू व स्वीकृत करवाने के एवज में दो हजार रुपये की मांग की जा रही है.लाभुकों द्वारा सारी पात्रता व कागज़ी प्रक्रिया पूरी करने के बावजूद महीनों से दर्जनों लोग प्रखंड कार्यालय का दौड़ लगा रहे हैं लेकिन नजराने की रकम नहीं दिए जाने कारण पेंशन स्वीकृत नहीं किया जा रहा है. इससे लाभुक काफी परेशान हैं . जानकारी के अभाव तथा आर्थिक परेशानी के कारण प्रखंड कार्यालय के क्लर्क के खिलाफ लोग शिकायत भी नहीं कर पा रहे हैं. मामले को लेकर कतरास के मोनी देवी ने बताया कि वे अपना विधवा पेंशन के लिए सारी कागज़ी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद 20मई 2023 को प्रखंड कार्यालय में आवेदन जमा करने के बाद अनगिनत बार प्रखंड कार्यालय गई .क्लर्क ने पेंशन स्वीकृति को लेकर टालमटोल कर एक अन्य व्यक्ति से बात करने को कता. उस व्यक्ति से बात करने पर कहा गया किअगर पेंशन स्वीकृत है तो दो हजार देना होगा. तो दो-तीन दिनों के अंदर पेंशन की स्वीकृति कर दी जाएगी. पैसे नहीं होने की बात कहने पर वह व्यक्ति बोला कि ठीक तब घर चले जाइए और पैसा लाकर दे दीजिएगा, फिर आपका काम हो जाएगा . किरन देवी ने बताया कि दस माह से मेरा विधवा पेंशन बंद होने पर जब दो-तीन बार ब्लॉक गई तो अजय सर बोले कि पेंशन चालू करवाना है तो पंद्रह सौ रुपए देना होगा. पेंशन इस माह से चालू करवा दूंगा.कमोवेश इसी प्रकार की स्थिति पूर्णिमा सिन्हा जो दस माह से विधवा पेंशन, राजकुमार साव वृद्धा पेंशन ,विमल बाउरी पेंशन, रविन्द्र विजन वृद्धा पेंशन, स्वाति चक्रवर्ती विधवा पेंशन सहित अन्य अपने पेंशन के लिए महानों से प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाकर परेशान हैं.

### बाघमारा प्रखंड कार्यालय का हाल



- लाभुकों ने लगाया आरोप, सीओ का क्लर्क पेंशन के एवज में दो हजार रुपये मांगता है
- पैसे न देने पर महीनों तक लटका रहता है काम, नहीं होती सुनवाई, परेशान होते हैं वृद्ध

### सवाल सुन कर अंचलाधिकारी ने फोन काटा

इधर मामले को लेकर जब अंचलाधिकारी रवि भूषण से संपर्क किया गया तो उन्होंने सवाल सुनकर फोन काट दिया दुबारा जब फोन किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया .वहीं कई बार क्लर्क को भी फोन लगाया गया लेकिन क्लर्क ने फोन तक नहीं उठाया.

---

## कल रामजी आयेंगे अयोध्या

# मनेगा झारखंड में दीपोत्सव और जश्न








रामजी पधारो हमारे अंगनाः अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर झारखंड में भी लोग उत्साहित हैं. मंदिरों से लेकर घरों तक दीपोत्सव और जश्न मनाने की तैयारियां की जा रही हैं. राममंदिर का प्रतिरूप भी लोग खरीद कर घर ला रहे हैं. बाजारों में खूब रौनक है. सजावट भी लाजवाब की गयी है. **फोटो- रमीज**

---

# बाउरी के खिलाफ गवाही के लिए पंकज को फिर एसीबी का नोटिस


**रांची।** 5 पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक संपत्ति मामले में एसीबी शिकायतकर्ता पंकज यादव को नोटिस भेज कर गवाही के लिए बुलाया है. पंकज यादव को भेजे पत्र में एसीबी ने लिखा है कि पहले भी आपको अमर बाउरी के आय से अधिक संपत्ति मामले में गवाही के लिए बुलाया था, पर आप उपस्थित नहीं हुए. इसलिए आपसे अनुरोध है कि दो दिनों के भीतर एसीबी कार्यालय में उपस्थित होकर गवाही दें.

**रघुवर सरकार के 5 मंत्रियों की जांच की हुई थी मांग :** बता दें कि पंकज यादव ने जनवरी 2020 में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर रघुवर सरकार के पांच पूर्व मंत्री रणधीर सिंह, नीरा यादव, लुइस मरांडी, नीलकंठ सिंह मुंडा और वर्तमान नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी के आय से अधिक संपत्ति की जांच की मांग की थी. बाद में पंकज यादव ने एसीबी में भी शिकायत की थी.

# सदर अस्पताल में एमआर के प्रवेश पर बैन

संवाददाता। धनबाद

सदर अस्पताल में अब मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव का प्रवेश बैन कर दिया गया है. अस्पताल के नॉमर्स का पालन करते हुए यह निर्णय अस्पताल प्रबंधन ने लिया है. शनिवार को डॉक्टरों से मिलने पहुंचे मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव को बाहर ही रोक दिया गया. कई एमआर होम गार्ड के रोके जाने पर उलझ पड़े. हालांकि उन्हें समझा कर लौटाया गया. सरकारी अस्पताल में एमआर का आना नियम के खिलाफ है. बावजूद सरकारी




एमआर अस्पताल में बेझिझक पहुंचते हैं और अपनी दवाओं का प्रचार करते हैं. इतना ही नहीं डॉक्टर अस्पताल में मिलने वाले दवाओं की जगह प्राइवेट कंपनी के दवाओं को ही तवज्जो देते हैं. इससे मरीजों की जेब ढीली होती है.

### एसएनएमएमसीएच में नियमों का पालन नहीं

दूसरी तरफ एमआर एसएनएमएमसीएच में अब भी धड़ल्ले से डॉक्टर के चैंबर तक पहुंचते हैं और उन्हें रोकने की कोई व्यवस्था नहीं है. जानकारी प्रबंधन को भी है, बावजूद इसपर रोक नहीं लगायी जा रही. कई बार देखा जाता है कि मरीजों को कतार में रोककर एमआर से डॉक्टर दवाओं पर चर्चा करते हैं.

# नियुक्ति शुरू न हुई तो सेल की सभी खदानों से उत्पादन करेंगे ठप : कोड़ा



संवाददाता ।किरीबुरु

पूर्व सीएम मधु कोड़ा एवं सांसद गीता कोड़ा के नेतृत्व में सेल, गुआ खदान के ट्रेड यूनियनों के लोगों ने बीएसएल, सेल के बोकारो स्थित प्रशासनिक भवन में कार्यपालक निदेशक (खान) जयदीप दास, निदेशक (कार्मिक) राजन प्रसाद व अन्य अधिकारियों के साथ त्रिपक्षीय वार्ता की. वार्ता का मुख्य मुद्दा पिछले दिनों गुवा में योगदान देने आये नव नियुक्त सेलकर्मियों को योगदान नहीं दिया जाना एवं सेल, जेजीओएम की किरीबुरु, मेघाहातुबुरु, गुवा व चिड़िया खदान में नहीं बहाली निकालना आदि शामिल है.

इस संबंध में मधु कोड़ा ने कहा कि वार्ता सकारात्मक रही. हमने सेल के उच्च अधिकारियों से कहा, गुवा खदान के सेलकर्मी व ग्रामीण बेरोजगार सभी बाहर से आये नव नियुक्त सेलकर्मियों को गुवा में योगदान देने के खिलाफ हैं. इसके लिए सभी चरणबद्ध आंदोलन किये. बाहरी का योगदान बर्दाश्त नहीं होगा. कोड़ा ने कहा कि हमने सेल की पश्चिम सिंहभूम की चारों खदानों में बहाली प्रक्रिया शुरू करने एवं इसमें आश्रितों, सारंडा के बेरोजगारों, एवं स्थानीय की विशेष नियुक्ति की मांग की. सेल प्रबंधन ने बाहरी को नियुक्ति नहीं देने पर सहमति दी है. मधु कोड़ा ने कहा कि अगर सेल प्रबंधन हमारी मांगों के खिलाफ जाता है तो हम सभी मिल कर भविष्य में सेल की चारों खदानों का उत्पादन व माल ढुलाई कार्य को पुरी तरह से ठप कर देंगे. लौह अयस्क का एक भी टुकड़ा खदानों से बाहर नहीं जाने देंगे. इस वार्ता में मजदूर नेता रामा पाण्डेय, दुचा टोप्पो, राजेश कोडा, पंचम जोर्ज सोय, निर्मल जीत सिंह आदि दर्जनों मौजूद थे.

### खास बातें

- पूर्व सीएम कोड़ा व सांसद के नेतृत्व में हुई त्रिपक्षीय वार्ता
- स्थानीय लोगों को नौकरी देने पर सेल प्रबंधन सहमत

---

**मनमानी** | दूसरे विभाग ने भी अलग से सड़क के ढाई किमी एरिया के पीसीसी का ठेका दूसरे ठेकेदार को दिया


# आराहसा-कुरकुटिया-बोरोई-संगाजाटा सड़क निर्माण में अनियमितता

शैलेश सिंह। किरीबुरु

ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा चक्रधरपुर प्रमंडल के अत्यंत नक्सल प्रभावित अति संवेदनशील आराहसा-कुरकुटीया -बोरोई-संगाजाटा 13 किमी लंबी सड़क के निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है. जेएसबी का मिश्रण प्राक्कलन तथा डीपीआर के आधार पर नही किया गया है. जेएसबी की मोटाई मात्र दो इंच से भी कम की गयी है. सीडी वर्क यानी बोल्डर मेसेनरी में जंगल अथवा नदी का लोकल बोल्डर का उपयोग किया जा रहा है जो नियम विरुद्ध है. बोल्डर की जोड़ाई में सीमेंट की मात्रा प्राक्कलन में उल्लेख अनुपात पर नहीं किया गया है, जिससे हाथ से ही बोल्डर आराम से उखड़ जा रहा है.

### पूर्व विधायक ने मामले की जांच के लिए सचिव को लिखा है पत्र





घटिया सड़क निर्माण व गार्डवाल-पुलिया में मरा बोल्डर लगाये जाने की तस्वीर. अधिकारियों द्वारा एक-दूसरे को लिखा गया पत्र.

यह सड़क कोल्हान रिजर्व वन क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है. यहां पुलिस व सीआरपीएफ नक्सलियों के खिलाफ निरंतर लडाई लड़ रहे है. इस मामले में पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा मुख्य सचिव और विभागीय सचिव से शिकायत दर्ज करा चुके हैं. विदित हो कि भ्रष्टाचार के आरोपी अभियंता चंदन कुमार के द्वारा संवेदक को उक्त घटिया निर्माण का भुगतान किया जा चुका है. चंदन कुमार के खिलाफ घूस लेने के आरोप के आधार पर एसीबी निगरानी विभाग ने केस दर्ज किया है. लेकिन विभाग की तरफ से केस दर्ज होने के बाद प्रपत्र क का गठन नहीं किया गया. इससे स्पष्ट है कि चंदन की पहुंच और पैरवी के आगे विभाग नतमस्तक है. चंदन और संवेदक अभिनव इन्फ्रा के बीच घनिष्ठता है, जिससे घटिया कार्य का भी भुगतान कर देते हैं. बहुत जल्द मंगल सिंह बोबोंगा ग्रामीणों के साथ सड़क निर्माण में हो रही अनियमितता की शिकायत जिला और विभाग के उच्चाधिकारियों से पुनः करेंगें. इस सम्बंध में झारखंड भ्रष्टचार उन्मूलन समिति के प्रदेश अध्यक्ष गणेश प्रसाद भी कार्यपलक अभियंता चन्दन कुमार पर फर्जी विपत्र भुगतान किए जाने की शिकायत ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता से कर चुके हैं.

“ अज्ञान की भांति ज्ञान भी सरल, निष्कपट और सुनहले स्वप्न देखने वाला होता है. मानवता में उनका विश्वास इतना दृढ़ इतना सजीव होता है कि वह इसके विरुद्ध व्यवहार को अमानुषीय समझने लगता है. यह वह भूल जाता है कि भेड़ियों ने भेडों को निरीहता का जवाब सदैव पंजों और दांतों से दिया है. वह अपना एक आदर्श संसार बनाकर आदर्श मानवता से अवसाद करता है और उसी में मग्न रहता है. – मुंशी प्रेमचंद ”



# राम तुम्हारा वृत्त स्वयं ही काव्य है!




कविता कलम
डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**भारतवर्ष** सहित पूरे विश्व में गूंज उठा है श्रीराम का नाम. चिंतन-मनन, भाषण और लेखन का विषय बन गया है पावन अयोध्या धाम. गीतकार गीत लिख रहे हैं. कहानीकार अपनी लेखनी से राम से संबंधित प्रसंगों को शब्दों में बांध रहे हैं. कविगण अपनी भावनाओं को कविताओं में ढाल रहे हैं. बाल्मीकि से लेकर वेद व्यास, गोस्वामी तुलसीदास, राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त जैसे सैकड़ों कवियों ने राम के उदात्त चरित्र का बखान किया है. मैथिलीशरण गुप्त ने तो महाकाव्य साकेत की रचना करने के बाद पूरी विनम्रता के साथ कहा कि राम का गुणगान कर उन्होंने कोई बहुत बड़ी बहादुरी नहीं की है. राम का तो चरित्र ही इतना उदात्त और रसमय है कि उसका वर्णन करने में किसी मशक्कत की आवश्यकता नहीं होती. इसी भावना को उन्होंने मात्र दो पंक्तियों में इस प्रकार बांध दिया है-राम तुम्हारा वृत्त स्वयं ही काव्य है, कोई कवि बन जाय सहज संभाव्य है. आज जब राम नाम के सौरभ से पूरा वातावरण सुरभित हो रहा है तो कवियों के मानस पटल पर भी राम की छवि उभरने लगी है और कविताएं भी राममय होने लगी हैं. इस प्रसंग में रांची के वयोवृद्ध कवि **सुरेंद्र सिन्हा** अपनी कहानी भूल कर रामकथा में लीन होने की सलाह दे रहे हैं.



क्यों कहता है अपनी कहानी
सुन, राम भजन तू प्राणी
अपनी कहानी में क्या-क्या है
दशा-व्यथा से भरा पड़ा है
भटक रहा है विषय विकार में
लोभ मोह और अहंकार में
इसमें सुख लवलेश नहीं है
कष्टों का अंबार पड़ा है
राम कथा हम सुनें सुनाएं
महिमा नाम रूप गुण गाएं
इसमें है अपार शान्ति सुख
जीव धन्य हो जाए भयमुक्त
इसे नहीं छोड़ना तुम प्यारे
राम सेवा में लग जा सारे
कहे सुरेन्द्र जाग जन मानस
यही है मूल जीवन का दर्शन

कुछ कविगण कल्पनाओं के विमान पर सवार होकर अयोध्या के आकाश में विचरण करते हुए राम की छवि को हृदयंगम कर रहे हैं, श्रद्धा पूर्वक नमन कर रहे हैं. इसलिए कि अयोध्या में राम मंदिर में पुनः श्रीराम के विराजमान होने की प्रतीक्षा की घड़ियां समाप्त हो चुकी हैं. रांची की कवयित्री **सविता गुप्ता** कहती हैं-



पलक बिछा कर स्वागत में राह निहारे सुबहो शाम
ख़त्म हुई इंतज़ार की घड़ियां अब तो हर्षित चारों धाम
देखो जग मग हृदय हुआ आ गए श्री राम अब.
विजय पताका लहर रहा केसरिया हुआ वन उपवन
कठिन तपस्या पूर्ण हुई आनंदित है तन औ मन
देखो जगमग हृदय हुआ आ गए श्री राम अब.
द्वारे -द्वारे अक्षत भेजा मिला है सबको निमंत्रण
अयोध्या नगरी के जागे भाग्य किया ऐसा परिवर्तन.
देखो जग मग हृदय हुआ आ गए श्री राम अब.
जल थल नभ सब हुलस रहे घुल रहा पीत चंदन
आस्था में सब डूबे हैं करते हैं जन राम वंदन
देखो जग मग हृदय हुआ आ गए श्री राम अब.
चलो हो जाएं राममय बन जाए हम राम सम
राम का नाम ही सत्य है आज अपनाएं यह हम.
देखो जगमग हृदय हुआ आ गए श्री राम अब.
अब न कोई अहिल्या होगी और न सीता को हरेगा रावण
सबकी चिंता हरने वाले सियाराम हैं अति पावन.
देखो जग मग हृदय हुआ आ गए श्री राम अब .
दिव्य भव्य, नव्य मंदिर में दर्शन देंगे श्री राम अब
पुरुषोतम के कर्मों से सींच लो मन के आँगन सब.
देखो जग मग हृदय हुआ आ गए श्री राम अब.

कण-कण और क्षण-क्षण में व्याप्त हैं श्रीराम. इनका रूप अनंत है. ये निर्गुण निराकार भी हैं तो सगुण साकार भी. ये परब्रह्म परमेश्वर हैं. इस रूप में ये निर्गुण और निराकार हैं, लेकिन जब विप्र धेनु सुर संत हित अवतार ग्रहण करते हैं तो इनका रूप सगुण और साकार हो जाता है. राम तो तुलसी के भी हैं और कबीर के भी, लेकिन दोनों के राम में अंतर है. तुलसी के राम सगुण साकार हैं तो कबीर के राम निर्गुण निराकार. मध्य प्रदेश के रीवां जिलांतर्गत डभौरा ग्रामवासी कवि **मान बहादुर सिंह 'मान'** मानते हैं-“राम सर्वत्र व्याप्त हैं.”



राम जड़, राम चेतन, राम सर्वत्र व्याप्त है.
राम तन, राम मन, राम रोम व्याप्त है..
राम सत्य, राम न्याय, राम रामराज्य है.
राम शक्ति, राम भक्ति, राम मंत्र मान्य है..
राम प्रण, राम प्राण, राम आत्म लक्ष्य है.
राम नर, राम नारायण, रामहि अकथ्य है..
राम आस, राम श्वास, राम विश्वास है.
राम जल, राम वात, राम कण वास है ..
राम कर्ता, राम भर्ता, राम हर्ता ताप है.
राम जीव, राम जगत, राम पर्णपात है..
राम धर्म, राम मर्म, राम आत्म शान्ति है.
राम ओज, राम तेज, राम सूर्य कांति है..
राम भाव, राम भावना, राम ही ध्येय है.
राम मरण, राम शरण, राम नाम गेय है ..
राम यत्र, राम तत्र, राम ही सर्वत्र है.
राम घट, राम घाट, राम महामंत्र है..
राम काम, राम धाम, राम नाम सत्य है.
राम कीरत, राम तीरथ, राम मुक्ति पथ्य है..

रीवां में रहते हुए राम नाम की महिमा के साथ हमारे कविता-कलम स्तंभ में रुचिपूर्वक भाग लेने के लिए कवि मान बहादुर सिंह मान का हम अभिनंदन करते हैं. राम यदि हमारे आराध्य देव हैं तो उनका चरित्र भी हमारे लिए अनुकरणीय होना चाहिए. यदि उनके आदर्श को अपने चरित्र में उतारा नहीं जा सका तो जीवन उन तोतों की तरह कौतुक बन जाएगा, जो मंत्र जपते हैं-शिकारी आएगा, जाल बिछाएगा, दाना डालेगा, लोभ से उसमें फंसना नहीं और इसी मंत्र का जाप करते-करते शिकारी के जाल में फंस जाते हैं. जमशेदपुर के खड़ंगाझार वासी कवि **हरिहर राय 'चौहान'** का कहना है-



राम की परंपरा को राम कह निभाइये.
श्रेष्ठता में आप ख़ुद ही राम हो न जाइये.
दिव्य शक्ति पुंज स्रोत, मात्र राम नाम है,
साधना अराधना से, शक्ति वह जगाइये.
शोक में अशोक में हो आपकी प्रिया अगर,
जानकी की जान युद्ध छेड़ कर बचाइये.
ताड़का, सुबाहु जन्म ले रहे हों देश में तो,
रावणों से पूर्व, बालियों का मद मिटाइये.
दानवों ने शिर शरीर से जुदा का प्रण लिया,
याचना को छोड़ शक्ति-बाण अब उठाइये.
धर्म की ध्वजा अगर अडिग न कर सके तो व्यर्थ,
हाथ ले तूणीर- तीर स्वांग मत रचाइये.

कवि चौहान को देश ही नहीं, देश से बाहर की दुनिया का भी पर्याप्त अनुभव है. इसलिए कि ये अंतरराष्ट्रीय कंपनी फाइब्रेक्स में सेफ्टी ऑफिसर के रूप में संयुक्त अरब अमीरात और कतर में दशकों तक सेवारत रहे और वहां से अवकाश प्राप्त करने के बाद स्वदेश वापस लौट गये. समझा जा सकता है कि कवि चौहान को अपना भारतवर्ष, यहां की माटी की सुगंध, यहां परंपरा, यहां की संस्कृति आदि से कितना गहरा लगाव रहा है. रोजी-रोटी के चक्कर में परदेश जा कर स्वदेश को भूल जानेवालों को इनसे सीख लेनी चाहिए. उन्हें भी, जो इस देश में रहकर भी इसकी मूल संस्कृति से विमुख हैं. इन्हीं शब्दों के साथ आज्ञा चाहता हूं. जय हिंद! जय झारखंड!!

## हर तरफ़ गोलमाल है साहब

हर तरफ़ गोलमाल है साहब
आपका क्या ख़याल है साहब
कल का 'भगुआ' चुनाव जीता तो
आज 'भगवत दयाल' है साहब
लोग मरते रहें तो अच्छा है
अपनी लकड़ी की टाल है साहब
आपसे भी अधिक फले-फूले
देश की क्या मजाल है साहब
मुल्क मरता नहीं तो क्या करता
आपकी देखभाल है साहब
रिश्वतें खाके जी रहे हैं लोग
रोटियों का अकाल है साहब
जिस्म बिकते हैं, रूह बिकती हैं
ज़िंदगी का सवाल है साहब
आदमी अपनी रोटियों के लिए
आदमी का दलाल है साहब

- प्रदीप चौबे



# कल और हमारी भविष्य की पीढ़ियां

**फ़िल्म** काफी रोमांचक और भयावह थी. लगभग सभी लोग एक याननुमा बृहत घर में रहते थे. वे लोग अगर बाहर निकलते भी थे तो एक गैस सिलिंडर और मास्क पीठ पर लादकर. उनके वस्त्र बहुत ही विशेष रूप से बने हुए थे.. यह डरावना दृश्य एक साइंस फिक्शन पर आधारित फिल्म की थी. लगता है एक बुरा सपना हो! पर हमारे चारों तरफ जो परिस्थितियां बनती जा रही हैं. उस पर सोचें तो लगता है शायद हमारा भविष्य एक ऐसे ही वीरान की ओर बढ़ रहा है. पिछले कुछ दशकों के परिवर्तन की तरफ गौर करें तो बातें स्पष्ट होंगी और अंदाज़ा लगाया जा सकेगा.



चौराहा
प्रमोद कुमार झा

कहते हैं किसी खास कालखंड की स्थिति को देखकर ही आगे का भी अनुमान लगाया जा सकता है! आइए, झारखंड की ही बात करें. पिछले पचास सालों में दर्जनों पहाड़ का अस्तित्व मिट गया ! सड़कें पहले पंद्रह फ़ीट की थीं ,फिर तीस फ़ीट की, इसके बाद साठ फ़ीट और अब शायद अधिकांश सड़कों को एक सौ बीस फ़ीट के बनाने की तैयारी हो रही है. इस क्रम में दर्जनों पहाड़ों को ध्वस्त किया जा रहा है सड़कों के चौड़ीकरण और क्रशर मशीन के द्वारा लाखों टन पत्थर की गिट्टियां बनाने के लिए! फिर सीमेंट बनाने के क्रम में भी कुछ अवयव तो प्राकृतिक संसाधन ही हैं !

फ्लाईओवर का जाल बिछ रहा है. अभी तीन चार मंज़िले वाली फ्लाई ओवर्स इधर आये नहीं हैं, पर आ जाएंगे शीघ्र ही! हज़ारों एकड़ जमीन का उत्खनन कर कोयला, कच्चा लौह अयस्क इत्यादि निकाला गया, पर उस विशाल भूखंड को पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता नहीं समझी गयी ! इस प्राकृतिक संपदा से परिपूर्ण राज्य में लाखों ज़मीन मालिक खेतिहर पूरी तरह से भूमिहीन मज़दूर बन गए, क्योंकि उनकी ज़मीन पर खनन होने लगा, सरकारी आफिस-कॉलोनी बनने लगे, कोआपरेटिव कॉलोनी चलाने वाले भूमाफियों ने कब्जा कर लिया, आलीशान भवन, सरकारी अधिकारियों और मंत्रियों के आवास बन गए! हां, एक दूसरे किस्म के पहाड़ जैसे ढेर बनते जा रहे हैं! ये हैं शहर के ₹साफ- सुथरे₹ लोगों द्वारा रोज़ के कचरों का पहाड़! इनमें अधिकांश प्लास्टिक आधारित कचरे हैं (जो सैकड़ों सालों में भी सड़ेंगे, गलेंगे नहीं), कुकुरमुत्ते की तरह उग आए ₹अव्यवस्थित ₹ नर्सिंग होम के 'बायो-मेडिकल वेस्ट' हैं, जो अपने अंदर हज़ारों बीमारियों के कीटाणु समेटे हैं. तो बड़े शहर बन रहे हैं, बीमारियां, दूषित पर्यावरण, जलवायु सब उसी रफ्तार से बढ़ते जा रहे हैं! हमारे भोजन के सारे तत्वों में कितना अधिक हानिकारक रासायनिक तत्व हैं, यह अगर जांच हो तो हम कुछ खाना ही छोड़ दें!

ज़रा याद करें रांची शहर में कुछ महीने जल संकट नहीं हुआ करता था, क्योंकि पहाड़ी नदियों के जल के बहाव पर कोई ग्रहण नहीं लगा था. फिर आया इंसानी दिमाग...उद्गम स्थल से लेकर पूरे रास्ते अतिक्रमण कर नदी की गर्दन को दबा दिया गया! हरमू नदी को सुनियोजित ढंग से दोनों ओर पक्कीकरण कर 'नाला ' में तब्दील कर दिया गया ! हम प्रगतिशील, विकासशील आधुनिक शहरवासी अपने विनाश की कहानी लिख रहे हैं. आगे की पीढ़ियों के लिए क्या हम स्वस्थ परिस्थिति छोड़ पाएंगे? कोई कल्पनाशील लेखक सिर्फ कपोल कल्पना ही नहीं करता बल्कि उसकी सोच भविष्य तक भी जाती है! 2019-20-21 में कोरोना के प्रकोप से थोड़ी सी सीख तो लेनी ही चाहिए न. क्यों ?

# राम का अयोध्या : देखत पुरी अखिल अघ भागा



यायावर
डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय

**संत** अगस्तीन ने कहा है कि संसार एक महान पुस्तक है. जो घर से बाहर नहीं निकलते, वे केवल इस पुस्तक का एक पृष्ठ ही पढ़ पाते हैं. संस्कृत की सूक्ति है '- ज्ञान एवं समझदारी पाने के दो ही मार्ग हैं -देशाटन और विद्वानों का सत्संग-देशाटनं पंडित मित्रता च. भारतीय वांग्मय में संस्कृत के महाकवि वाणाभट्ट से लेकर हिंदी के महापंडित राहुल सांकृत्यायन तक महान साहित्यकार इसलिए हैं कि उनका संपूर्ण साहित्य देशाटन का चलचित्र है. मैंने अपने जीवन में ज्ञान और समझदारी प्राप्त करने के लिए दोनों मार्गों का यथा संभव अनुसरण किया है.22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर संपूर्ण भारत वर्ष ही नहीं, अपितु अखिल विश्व राममय हो गया है. यदि ऐसा कहूं तो कोई अत्युक्ति नहीं होगी. इसलिए आज मैं अपने पाठकों को रामधाम अयोध्या का दर्शन करना चाहता हूं. हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस से अयोध्या जंक्शन से गुजरने के अनेक अवसर मिले, लेकिन दो बार अयोध्या जंक्शन उतर कर परिभ्रमण का लाभ भी मुझे मिला है. अयोध्या परिभ्रमण की यह यात्रा दोनों बार सपत्नीक हुई. अयोध्या की मैंने प्रथम यात्रा 1992 में की, जब मैं रामचरितमानस में रस योजना विषय पर डॉ. वचन देव कुमार के निर्देशन में शोध कर रहा था. अपने गुरुदेव डॉ. वचन देव कुमार और डॉ. राम तवक्या शर्मा से सुन रखा था कि पंडित राम कुमार दास राम कथा के अधीत और मर्मज्ञ विद्वान हैं और उनका पुस्तकालय रामकथा का विशाल भंडार है. सचमुच




जाकर उनका पुस्तकालय देखा तो अभिभूत हो गया और शोध से संबंधित बहुत सारी जानकारियां मुझे वहां मिलीं.

अयोध्या धाम, जहां का कण-कण राम की स्मृति सहेजे हुए है. वातावरण पूरी तरह अध्यात्म से ओतप्रोत. अदृश्य रूप ही सही, साक्षात राम यहां विराजमान हैं. कतिपय ऐतिहासिक और राजनीतिक घटनाओं ने अयोध्या धाम की छवि धूमिल करने का प्रयास किया है, लेकिन आज वही अयोध्या अपने भव्य रूप में आ गया है. हां, तो उस यात्राक्रम में अयोध्या के कनक भवन को देखकर हर्ष विभोर हो गया.ज्ञात हुआ यह भवन महाराज दशरथ ने कैकेयी के लिए बनवाया था,जिसे कैकेयी ने सीता की मुंह दिखाई में सीता को दे दिया था और जब कौशल्या को सीता की मुंह दिखाई देने की नौबत आई तो अयोध्या के कनक भवन के समकक्ष कोई दूसरी वस्तु नजर नहीं आई, तो मां कौशल्या ने राम के हाथ को सीता के हाथों में समर्पित करते हुए कहा आज तक यह मेरा था, अब से यह तेरा हो गया और संसार पहले तुम्हारा नाम लेगा और तदुपरांत राम का. इसीलिए हम पहले सीता और तब राम का नाम लेते हैं. राम राज्याभिषेक के बाद प्रभु श्रीराम ने सभी आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए विदा कर दिया था, लेकिन राम भक्त हनुमान अयोध्या में ही रह गये थे. आज भी रामभक्त हनुमान अयोध्या की सुरक्षा और राम की सेवा में प्रत्यक्ष दिखाई पड़ते हैं. हनुमान जी के अनेक विग्रहों को मैंने देखा है, लेकिन अयोध्या धाम के हनुमान जी हनुमान गढ़ी में अड़े हुए दिखाई देते हैं. इस प्रसंग में मैं कहना चाहूंगा कि :-

श्री चित्रकूट धाम में हनुमान जी चढ़े हैं.
श्री शिव की नगरी काशी के संकटमोचन में हनुमान जी खड़े हैं.
श्री तीर्थराज प्रयाग के पावन तट पर हनुमान जी पड़े हैं.
और श्री अवध धाम की हनुमान गढ़ी में हनुमान जी अड़े हैं.

आज सरजू के पावन तट पर स्थित अयोध्या नगरी अपनी ऐतिहासिकता, पौराणिकता, भोगोलिकता, समता और पावनता का एक साथ उद्घोष कर रही है, त्रेता का याद दिला रही है, हम सबको स्नेह से पावन बनाने के लिए बुला रही है-और यह सब संभव हो सका है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी की कर्मठता, उद्यमिता और रामभक्ति से.

# गधा बड़ा और छोटी गाय



नश्तर
सुधीर राघव

**केलोबेलो** कंपनी का सीईओ झेंगा झकोई और उसका मालिक सेठ दुलीचंद सुनामी दो घंटे से मगजमारी कर रहे थे. दोनों एक विकट समस्या का हल ढूंढ़ने में जुटे थे. वह समस्या यह थी कि गधे का जादू जंगल के दक्षिणी हिस्से में क्यों नहीं चल रहा है? केलोबेलो के सारे न्यूज़ चैनल दिनभर गधे का गुणगान करते हैं. विश्व का अब तक का सबसे महान राजा बताते हैं. रोज सिकंदर और नेपोलियन से तुलना करते हैं और गधे को उनसे भी अधिक योग्य बताते हैं, फिर भी दक्षिण पर गधे का रंग क्यों नहीं चढ़ रहा? पूर्व- पश्चिम-उत्तर, सबने गधे को अपना सर्वश्रेष्ठ राजा स्वीकार कर लिया है, बस दक्षिण वाले जानवर ही बेवकूफ नहीं बन पा रहे. सेठ सुनामी ने अपनी ट्रांसप्लांटेड जुल्फों को बेचैनी से ऊपर झटका. उसके माथे पर चिंता की गहरी लकीरें थीं. सुनामी ने झकोई से कहा, 'ये दक्षिण के जानवर तो हमारी सोच से भी ज्यादा अक्लमंद निकले. इन पर तो टनाटन धर्म का नुस्खा भी काम नहीं कर रहा है. हमारे लिए दक्षिण के जंगल पर कब्जा करना बेहद जरूरी है. वहां बहुत सी प्राकृतिक संपदाएं हैं.'



झकोई ने खीसें निपोरते हुए कहा, 'जी! जंगल के दक्षिणी हिस्से में हाथी, चिम्पांजी और तेंदुओं की संख्या ज्यादा है. ये बहुत समझदार जानवर माने जाते हैं. गणित और विज्ञान का अच्छा ज्ञान रखते हैं, इसलिए टनाटन का असर उन पर नहीं है. इधर, उत्तर-पश्चिम में तो गधों की संख्या वैसे ही ज्यादा थी, उन्हें तो जब चाहो गोबर खिलाओ, दूसरे जानवर का मूत्र पिलाओ. वे मान जाते हैं. उन्हीं गधों के जरिए हमने उत्तर-पश्चिम -पूर्व के सभी जानवरों को उल्लू बनाया है. हमारे न्यूज चैनलों ने गधे के झूठे गुण गाये और इन जानवरों ने सब सच मान लिया.' झेंगा बोले जा रहा था, मगर सेठ सुनामी कुछ गहरा सोच रहा था. अचानक उसका चेहरा खुशी से चमक उठा. वह झकोई से बोला, 'हम दक्षिण में चमत्कार दिखाएंगे. तुम दक्षिण के जंगल से सभी गायें उठवा दो.'

झकोई एकदम से चौंक गया, 'लेकिन उनका हम करेंगे क्या?'

सुनामी उसे आदेश देते हुए उठ खड़ा हुआ, 'उन्हें शहरों में सड़कों पर छोड़ दो. उनके नाम पर हम गोशालाएं बनवाने का चंदा वसूलेंगे. अगले एक महीने तक सभी चैनलों पर खबर चलाओ, चर्चा चलाओ कि गाय सड़कों पर भूखी मर रही है, पॉलीथिन खा रही है.' कुछ दिन बाद ही दक्षिण के जंगल में एक विचित्र दृश्य वहां के जानवर देख रहे थे. जंगल में सेठ सुनामी द्वारा एनीमल बोनसाई से तैयार कराई गईं दर्जनों छोटी-छोटी गाएं चर रही थीं. उनके बीच हाथ जोड़कर खड़ा गधा बेहद विशाल नजर आ रहा था. सभी जानवरों को देखकर गधे ने मुस्कुराते हुए कहा, 'इन गायों ने टनाटन धर्म की उपेक्षा कर उसका उपहास उड़ाया, नतीजतन ये ईश्वर के कोप से सिकुड़ कर छोटी हो गईं. यही टनाटन की महिमा है. टनाटन हमेशा टनटनाटन रहे.' यह देखकर हाथी सबसे ज्यादा भयभीत हुआ. वह छोटा नहीं होना चाहता था. इसलिए तत्काल राजा गधे के आगे नतमस्तक हो कर गाने लगा -'जय टनटनाटन टन टन टोंटी, गधा बड़ा और गाय छोटी!' केलोबेलो कंपनी के सारे चैनल राजा गधे के इस चमत्कार का दक्षिण के जंगल से सीधा प्रसारण कर रहे थे.

# कलाकृतियों में होने लगे प्रभु श्रीराम के दर्शन



कला-संवाद
मनोज कुमार कपरदार





**इस** समय अयोध्या के नवनिर्मित श्रीराम जन्म भूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां सबका ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं. अयोध्या में आकार ले रहे राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का समय जैसे-जैसे निकट आ रहा है कलाकार भी मूर्तियां गढ़ कर या चित्रकारी कर आकर्षण बढ़ाने में लगे हुए हैं. साहेबगंज के वरिष्ठ कलाकार श्याम विश्वकर्मा ने भरतीया रोड स्थित गर्ल्स हाई स्कूल चौक के पास अयोध्या की तर्ज पर भव्य श्रीराम मंदिर का प्रारूप बनाया है. टेराकोटा शैली का प्रयोग करते हुए श्याम विश्वकर्मा ने अपने सहयोगी रवि पंडित के साथ मिलकर मंदिर के अंदर चार फीट की राम, लक्ष्मण, सीता और बजरंग बली की मूर्ति का निर्माण किया है. इसका निर्माण भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव ने करवाया है. 100 फीट लम्बाई और 70 फीट चौड़ाई क्षेत्र में बने इस श्री राम मंदिर के स्वरूप का उद्घाटन 15 जनवरी को केन्द्रीय राज्य मंत्री आश्विनी चौबे ने किया. उन्होंने भी राम मंदिर के तर्ज पर बने इस मंदिर की जमकर सराहना की. राम मंदिर का यह मॉडल यहां आकर्षण का केन्द्र बन गया है. इसे देखने के लिए हर दिन दूर-दूर से हजारों लोग आ रहे हैं. नित्य रामचरित मानस का पाठ और संध्या आरती भी हो रही है. रामायण पाठ 22 जनवरी तक चलेगा. 22 जनवरी को महाआरती होगी, जिसमें बनारस से आये 5 पंडित शामिल होंगे. दर्शन के लिए यह 25 जनवरी तक रहेगा. इस मंदिर को थर्मोकोल, प्लाईवुड और लकड़ी के बीट के सहारे बनाया गया है, जिसे एक्रेलिक कलर से स्प्रे कर आकर्षक बनाया गया है. 25 फीट ऊंचाई और 35 फीट चौड़ाई वाले इस मंदिर को बनाने में लगभग चार लाख रुपये खर्च हुए हैं. इसे श्याम विश्वकर्मा ने अपने सात सहायकों के साथ नौ दिनों में पूरा किया. मंदिर के ऊपर अलग से 22 फीट के श्रीराम का कटआउट भी बनाया गया है. श्रीराम मंदिर के इस मॉडल में 24 पीलर भी बनाये गये हैं.

वहीं जमशेदपुर के कलाकार विवेक मिश्र ने श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में 18000 वर्गफीट में श्रीराम की रंगोली बनायी है. विवेक मिश्रा ने इसे बनाने में दो टन से अधिक रंगोली का इस्तेमाल किया है. रांची में भी कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट के छात्रों ने एक दिवसीय चित्रकला शिविर रामोत्सव का आयोजन अल्बर्ट एक्का चौक, रांची में किया. इस अवसर पर कलाकृति स्कूल ऑर्ट के तीस छात्रों ने प्रभु श्रीराम की पेंटिंग को कैनवास पर उकेरा . इस कार्यशाला में आठ वर्ष से लेकर 25 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. संस्था के निदेशक धनंजय कुमार ने बताया कि पूरा विश्व मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आगमन की तैयारी कर रहा है, इसी में कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट के छात्र छात्राओं ने अपनी कला के माध्यम से भगवान राम के प्रति अपना स्नेह और अपनी खुशी प्रकट की है. इस कार्यक्रम की दर्शकों और भक्तों ने खूब सराहना की. आरती, शिखा, जया, सुमन, सुरुचि, रिचा, अमीषा, हर्षित, विवान, तन्वी, अंजलि, पीयूष, सूरज, मयंक, आयुष, स्वामी, शालिनी, रितु, सक्षम, पूर्वा के अलावे कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट के निदेशक धनंजय कुमार एवं रजनी कुमारी उपस्थित थे. गिरिडीह के संतोष महली भी बांस से श्रीराम की आकृति बनाकर काफी वाहवाही ले चुके हैं.

# सीएम से 7 घंटे पूछताछ, विपक्ष पर झामुमो का जोरदार हमला




### केन्द्र जांच एजेंसियों के माध्यम से सीएम हेमंत को तंग करना बंद करे

# ...तो होगा उग्र आंदोलन

*रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की कार्रवाई के विरोध में शनिवार को झामुमो ने राज्य के कई हिस्सों में धरना-प्रदर्शन कर नारेबाजी की और आंदोलन की चेतावनी दी. रांची सहित धनबाद,गिरिडीह,जमशेदपुर, पाकुड़ सहित संतालपरगना के कई हिस्सों में झामुमो कार्यकर्ता और आदिवासी संगठनों ने जुलूस निकाला, सभा की और हेमंत सरकार के समर्थन में प्रदर्शन किया और केन्द्र सरकार को चेतावनी दी. झामुमो और आदिवासी संगठन के नेताओं ने कहा है कि केन्द्र सरकार जांच एजेंसियों के द्वारा हेमंत सोरेन को तंग कर रही है. केन्द्र इससे बाज आए नहीं तो वे उग्र आंदोलन छेड़ेंगे. साथ ही राज्य में केन्द्र के भाजपा नेताओं को घुसने नहीं देंगे. मालूम हो कि पिछले कई दिनों से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जमीन घोटाले से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ करना चाहती है. इस सिलसिले में सीएम हेमंत को सात बार ईडी की ओर से समन भेजा गया. पर हर बार सीएम ईडी दफ्तर जाने से इनकार करते रहे. बाद में हेमंत सोरेन से ईडी को पत्र लिखकर कहा कि अगर उन्हें जरुरत है तो वह खुद सीएम आवास आकर पूछताछ कर सकते हैं. शनिवार को ईडी अपनी टीम के साथ दोपहर 1.03 बजे सीएम आवास गई. ईडी की टीम के वहां पहुंचते ही राजनीतिक हलकों में हलचल मच गयी. राज्य के विभिन्न हिस्सों में झामुमो सहित आदिवासी संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया. ईडी व विपक्ष को निशाने पर लिया. शुभम संदेश की टीम ने इस खबर को कवर किया है. पेश है रिपोर्ट...*

## ईडी की कार्रवाई के खिलाफ झामुमो ने भरी हुंकार, साकची में दिया धरना



**संवाददाता।जमशेदपुर**

सीएम हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों की टीम शनिवार को मुख्यमंत्री आवास पहुंची तो इसके विरोध में जमशेदपुर के साकची गोलचक्कर में झामुमो ने धरना देकर अपना आक्रोश जताया. इस दौरान हाथों में तख्तियां लिए पार्टी समर्थकों ने केंद्र सरकार और ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.

धरने का नेतृत्व कर रहे झामुमो युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बबन सिंह ने कहा कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है वहां केंद्र सरकार द्वारा ईडी- सीबीआई को भेजकर वहां के नेताओं और पदाधिकारियों को परेशान किया जा रहा है. जो नेता और पदाधिकारी भाजपा के समर्थन में आ जा रहे है और उनके साथ मिलाकर चल रहे हैं उनकी जांच नहीं हो रही है.

मोदी सरकार को बने नौ साल हो गए. इस बीच लाखों-करोड़ों का घोटाला कर कई लोग फरार हो गए. नीरव मोदी, ललित मोदी, बीएस येदियुरप्पा, प्रेमा खातून, भानु प्रताप देहाती, अजित पवार लाखों, करोड़ों रुपये के घोटाले के आरोपी हैं, उनके खिलाफ आज तक मोदी सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने अगर गलत किया है तो उन्हें जेल में डाल दें, क्योंकि कानून सभी के लिए बराबर है. बार-बार समन भेजकर राज्य सरकार को काम नहीं करने दिया जा रहा है. एक आदिवासी मुख्यमंत्री जो राज्य के सर्वांगीण विकास में लगा हुआ है, उन्हें बार-बार तंग किया जा रहा है. आज इसी कार्रवाई के विरोध में झामुमो धरना दे रहा है. धरना में शामिल पूर्व सांसद सुमन महतो ने भी ईडी की कार्रवाई को गलत करार दिया. उन्होंने कहा कि अगर हेमंत सोरेन के खिलाफ किसी तरह की पक्षपातपूर्ण कार्रवाई होती है तो पूरा झारखंड जल उठेगा.



## सीएम पर कार्रवाई हुई, तो होगा चक्का जामः रमेश टुडू




**धनबाद।** ईडी के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बार-बार समन भेजने और पूछताछ के विरोध में सोनोत संताल समाज ने जिला परिषद ग्राउंड से पारंपरिक वेशभूषा में तीर धनुष से लैस होकर विशाल रैली निकाली. झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश टुडू ने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हेमंत सोरेन के खिलाफ कोई कार्रवाई होती है तो पूरे झारखंड में चक्का जाम कर दिया जाएगा.

रमेश टुडु ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करते हुए झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन को विभिन्न केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है. आये दिन जांच के नाम पर आदिवासी मुख्यमंत्री को परेशान किया जा रहा है. बार-बार समन भेज कर परेशान किया जा रहा है. अगर हेमंत सोरेन वाकई दोषी हैं तो उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं किया जाता है. उन्होंने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हेमंत सोरेन के खिलाफ कोई कार्रवाई होती है तो पूरे झारखंड में उग्र आंदोलन किया जाएगा और एक भी केन्द्र के भाजपा नेता को झारखंड में घुसने नहीं दिया जाएगा. इस रैली में सैकड़ों आदिवासी समुदाय के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए. इस दौरान सोनोत संथाल समाज केन्द्रीय समिति के सचिव अनिल कुमार टुडू ने कहा कि केन्द्र में बैठे मोदी सरकार केन्द्रीय एजेंसी ईडी द्वारा हेमंत सोरेन को बार-बार पूछताछ के बहाने अपमानित करने का काम कर रही है. जिसका हम सोनोत संथाल समाज के लोग विरोध करते हैं.

> हेमंत के समर्थन में बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ता
> राजधानी रांची में भी झामुमो ने किया प्रदर्शन
> चौक-चौराहों पर कड़ी सुरक्षा, मुस्तैद दिखी पुलिस

## सड़क पर उतरे झामुमो कार्यकर्ता मोदी के खिलाफ जम कर नारेबाजी




**संवाददाता।बेंगाबाद (गिरिडीह)**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की कार्रवाई के विरोध में झामुमो कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बेंगाबाद में जोरदार प्रदर्शन किया. झामुमो व आदिवासी संगठनों के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और चक्का जाम किया. बेंगाबाद मुख्य बाजार के समीप एनएच 114 ए पर कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान करीब एक घंटे तक रोड जाम रहा. कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. बाजार समेत चौराहों पर पुलिस मुस्तैद दिखी. प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के इशारे पर केंद्रीय एजेंसियां सीएम हेमंत सोरेन को परेशान कर रही हैं. केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है. झामुमो नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर केंद्र सरकार अपनी हरकतों से बाज नहीं आई, तो पार्टी पूरे राज्य में आक्रोशपूर्ण आंदोलन करेगी. प्रदर्शन में नीलकंठ मंडल, राजेंद्र पंडित, अब्दुल गनी, इमरान आलम, मंजू मरांडी, मोतीलाल मुर्मू, गोविंद मुर्मू, बबलू मुर्मू, नुनूराम किस्कू, मनोरंजन बेसरा, नागेश्वर हांसदा, सिधेस्वर हेम्ब्रम, किस्टू सोरेन आदि शामिल थे.

### गांडेय में आदिवासी संगठनों ने किया रोड जाम



**गांडेय (गिरिडीह)।** सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की कार्रवाई के विरोध में आदिवासी संगठनों ने शनिवार को गांडेय में अहिल्यापुर मोड़ पर गिरिडीह-धनबाद मुख्य मार्ग को जाम कर दिया. ईडी और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी हुई. झामुमो व आदिवासी संगठनों के कार्यकर्ता बीच रोड पर धरने पर बैठ गए. करीब दो घंटे तक सड़क जाम रही. झामुमो समर्थक ढोल-नगाड़ा बजाते हुए ईडी के खिलाफ नारे लगा रहे थे. सूचना मिलते ही ताराटांड़ थाना प्रभारी प्रदीप कुमार महतो दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और झामुमो समर्थकों को समझाकर जाम हटाया. मौके पर झामुमो जिला सचिव महालाल सोरेन, बीस सूत्री अध्यक्ष ध्रुवदेव पंडित, नसीर अंसारी, मशरुद्दीन अंसारी, चांदमल मरांडी, बबली मरांडी, नसीम अंसारी, मो. इनाम, बैजनाथ मुर्मू, दिलीप मुर्मू आदि मौजूद थे.

## पाकुड़ में निकला जुलूस, लगे विरोध में नारे

**संवाददाता।पाकुड़**




मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी के द्वारा बार बार समन भेज कर पूछताछ करने के विरोध में झामुमो ने शनिवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया.कहा गया कि हेमंत सोरेन को परेशान और बदनाम करने की साजिश की जा रही है. उसके विरोध में जिला परिषद कार्यालय के समीप से जुलूस निकाला गया जो सड़क मार्ग होते हुए रविंद्र चौक, पुराना हॉस्पिटल मोड तक पहुंचा जहां जुसूस सभा में तब्दील हो गया.

जुलूस में हेमंत सोरेन जिंदाबाद, वीर शिबू जिंदाबाद, आदिवासी मुख्यमंत्री को प्रताड़ित करना बंद करो, केंद्र सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए जा रहे थे. सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्याम यादव ने कहा कि बार-बार ईडी के द्वारा समन भेजना यह दर्शाता है कि केंद्र सरकार के इशारे पर आदिवासी मुख्यमंत्री को डरने का काम किया जा रहा है. अगर हेमंत सोरेन के द्वारा कुछ भी गलत काम किया हो गया होता तो केन्द्र सरकार बार-बार समन नहीं भेजती, उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज देती. जब से हेमंत सरकार गद्दी पर बैठी है, तब से केंद्र की भाजपा सरकार प्रताड़ित करते आ रही हैं.

हम सभी कार्यकर्ता इससे डरने वाले नहीं हैं. कहा गया कि हेमंत सोरेन हम सभी कार्यकर्ता आपके साथ हैं और हमेशा साथ रहेंगे. मौके पर जिला सचिव सुलेमान बास्की, जिला उपाध्यक्ष उल इस्लाम, जिला उपाध्यक्ष समाज अली संयुक्त सचिव मुस्लिम शेख, संगठन सचिव कुणाल हेंब्रम, संगठन सचिव महमूद आलम, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष हबीबुर रहमान, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष जोसेफिन हेंब्रम, महिला सचिव सुशीला देवी, मजदूर मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोज चौबे, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मुसलीमुद्दीन शेख, अमलापा प्रखंड अध्यक्ष, हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष, महेशपुर प्रखंड अध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## मधुबन मोड़ पर सड़क जाम ईडी के खिलाफ हुई नारेबाजी

**संवाददाता।मधुबन**

पीरटांड़ प्रखंड के मधुबन मोड़ स्थित गिरिडीह-डुमरी मुख्य मार्ग को झामुमो कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने जाम कर दिया और ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. बीच रोड में सभी झामुमो कार्यकर्ता बैठ गए. जाम करीब एक घंटे तक रहा. इस दौरान झामुमो समर्थक ढोल, नगाड़े बजाते हुआ ईडी के खिलाफ नारे लगा रहे थे, साथ ही केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए हुए कहा कि केन्द्र की मनमानी नहीं चलेगी, केंद्र सरकार हाय हाय, ईडी समन वापस लो के नारे लगाए गये. जाम से मधुबन मोड़ के आसपास गाड़ियों की लंबी कतार लग गई.

मुख्यमार्ग के जाम की खबर मिलने के बाद वीडियो मनोज कुमार मरांडी, पीरटांड़ थाना प्रभारी गौरव भगत, मधुबन थाना प्रभारी राजू मुंडा दल बल के साथ जाम स्थल पर पहुंचे और स्थल पर मौजूद झामुमो समर्थकों कार्यकर्तओं से मिलकर जाम हटाया . मौके पर उपस्थित झामुमो बीस सूत्री अध्यक्ष महेश मरांडी, ताज हसन, युवराज माहतो,राधेश्याम मादक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे.







▼ ब्रीफ खबरें

### धनवार थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न

**धनवार (गिरिडीह)** । धनवार थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर धनवार थाने में शांति समिति की बैठक शनिवार को आयोजित की गई. गौरतलब है कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम राम का प्राण-प्रतिष्ठा आहूत की गई है. जिसे लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए शनिवार को धनवार थाना के स्वागत कक्ष में खोरिमाहुआ एसडीपीओ मुकेश महतो की अध्यक्षता में एक बैठक की गई. वहीं संचालन थाना प्रभारी पिंकू प्रसाद ने किया. बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक, राजनीतिक दल के लोग सहित दोनों संप्रदाय के लोगों ने भाग लिया.

### ईवीएम डेमोस्ट्रेशन सेंटर का किया हुआ निरीक्षण

**बोकारो** । ईवीएम डेमोस्ट्रेशन के नोडल पदाधिकारी मो. शफीक आलम ने शनिवार को जिला स्तरीय उद्योग केंद्र परिसर में स्थापित ईवीएम डेमोस्ट्रेशन सेंटर का जायजा लिया. विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर से लोगों ने मतदान प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी ली एवं मतदान के संबंध में पूछा. उन्होंने यहां आने वाले ज्यादा से ज्यादा लोगों को ईवीएम-वीवीपैट के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया. इस दौरान नोडल पदाधिकारी ने अनुमंडल कार्यालय चास परिसर में स्थापित ईवीएम डेमोस्ट्रेशन सेंटर का भी जायजा लिया.

### सांसद प्रतिनिधि ने लगाया ताला

**कथारा** । सीसीएल कथारा क्षेत्र के जारंगडीह स्थित सिविल विभाग के कार्यालय में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि मुकेश कुमार सिंह ने शनिवार को सिविल विभाग के कार्यालय में ताला लगा दिया. जिसके बाद घंटों सिविल विभाग के स्टाफ को अंदर बंद रहना पड़ा. सिंह ने कहा कि सीसीएल कॉलोनी की साफ सफाई नहीं की जा रही है. केवल कागजों पर ही कार्य हो रहा है, जबकि धरातल पर कुछ भी नहीं हो रहा है. सिविल विभाग में सिर्फ लीपापोती का कार्य चल रहा है. जिसके कारण ताला लगाना पडा.

### राज्य माध्यमिक शिक्षा संघ का हुआ गठन

**तेनुघाट** । बेरमो अनुमंडलीय स्तर का झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षा संघ का पुनर्गठन बालिका प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय तेनुघाट में किया गया. सभा में मुख्य अतिथि गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो एवं विशिष्ट अतिथि रविन्द्र नाथ सिंह झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के सचिव की निगरानी में संघ का विस्तार किया गया. अध्यक्ष में निर्मल तुरी और सचिव विकास चंद्र रजवार को बनाया गया. वहीं, उपाध्यक्ष निशा कुमारी, प्रदीप कुमार, कुणाल किशोर, रोशन प्रसाद, गुलाम सरवर को बनाया गया. कोषाध्यक्ष चक्रधारी प्रसाद को बनाया गया.

### डीआईजी के नेतृत्व में हुई बैठक, दिया निर्देश

**बोकारो** । कोयला प्रक्षेत्र के डीआईजी के नेतृत्व में एसपी कार्यालय के सभागार में पुलिस पदाधिकारियों की हुई आवश्यक बैठक में डीआईजी ने नक्सल सहित संगठित अपराधों पर लगाम लगाने को लेकर पुलिस अधिकारियों को कई दिशानिर्देश दिए. बैठक के बाद डीआईजी सुरेन्द्र कुमार झा ने बताया कि मृतप्राय हो चुके नक्सली संगठन गाहे-बगाहे अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का असफल प्रयास कर रहे हैं. हम उनके मंसूबे को कभी कामयाब नहीं होने देंगे. वहीं, साइबर अपराध सहित संगठित अपराधियों पर भी नकेल कसने की पूरी तैयारी है.



## धनवार में अक्षत कलश के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**धनवार (गिरिडीह)** । श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश के साथ भाजपा व हिंदू संगठनों ने शनिवार को धनवार के बरजो दुर्गा मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली. शोभायात्रा में शामिल रामभक्त हाथों में झंडा-पताका लिए श्रीराम का जयघोष करते चल रहे थे. रास्ते में लोगों के बीच पूजित अक्षत बांटकर रामलला के प्राणप्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को मंदिरों व घरों में दीप जलाकर दीपावली मनाने की अपील करते चल रहे थे. शोभायात्रा में जिला परिषद प्रतिनिधि उदय सिंह, बरजो के मुखिया सुभाष यादव, लालजीत कुमार पांडेय, सोनित कुमार सिन्हा, शानू सिन्हा, पिंकू सिन्हा, शशिभूषण पांडेय, राजेश पाण्डेय, हेमंत सिन्हा, धर्मेंद्र राणा सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे.

## श्री ठाकुर अंकुलचंद्र जी का एक दिवसीय सत्संग का हुआ आयोजन

**बेरमो** । श्री श्री ठाकुर अंकुलचंद्र जी का एक दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन शनिवार को फुसरो स्थित राजशाही मैरेज हॉल पटेल नगर में किया गया. सत्संग समारोह में बड़ी की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया. इस मौके पर प्रार्थना सभा, भजन-कीर्तन, सत्संग एवं दीक्षा कार्यक्रम आयोजित की गई. वहीं, पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने उनके व्यक्तित्व और जीवन पर प्रकाश डाला. कहा कि आज मानवता का ह्रास हो रहा है. जिसे संरक्षित करने की जरूरत है. वहीं, दिनेश सिंह ने कहा कि सभी धर्म-समाज और वर्ग के लोग ठाकुर जी के अनुयायी है. धर्म एक होता है, लेकिन मत अलग-अलग होता है. इस अवसर पर मजदूर नेता गिरजाशंकर पांडेय, मधुसूदन प्रसाद सिंह व विनय कुमार सिंह, दिनेश पांडेय सहित द्वारिका प्रसाद बंसल, देवतानंद दुबे, जवाहरलाल यादव, अजय झा, बृज बिहारी पांडे, रामनरेश द्विवेदी, बसंत पाठक, शंभू दुबे, रितेश तिवारी सहित श्री शिवजी मथुरि, भाई प्रमोद सिंह, वैभव चौरसिया, भारत वर्मा, गोपी डे, सुशील सिंह, अशोक सिंह, मिथिलेश सिंह, राजेन्द्र के अलावा सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल हुए.

## स्वास्थ्य सुरक्षित प्रसव को लेकर सहियाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**संवाददाता । बेंगाबाद (गिरिडीह)**

मोमेंटम सेफ सर्जरी परियोजना के तहत इंजेन्डर हेल्थ के द्वारा सीजेरियन डिलीवरी पर आधारित सहिया साथी एवं सहियाओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण बेंगाबाद प्रखंड मुख्यालय में संपन्न हुआ. प्रशिक्षण में चयनित सहिया साथी एवं सहियाओं को स्वस्थ एवं सुरक्षित प्रसव को लेकर प्रशिक्षण दिया गया. शिविर में प्रसव के दौरान आने वाली समस्या और उसके बचाव को लेकर जानकारी दी गई. प्रशिक्षण में सुलभ डिलीवरी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां और सीजेरियन डिलीवरी की स्थिति में उठाये जाने वाले आवश्यक कदम के बारे में बताया गया. शिविर में सहिया साथी एवं सहियाओं को अपने अपने क्षेत्र में सुलभ डिलीवरी के लिए किन किन बातों का ध्यान रखने की जरूरत है उसके प्रति लोगों को जागरूक करने की बात कही गई. इस क्रम में आपातकालीन स्थिति में किस तरह से गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित रखा जाना चाहिए इसको लेकर विस्तृत जानकारी दी गई. बताया गया कि प्रशिक्षण दो वर्गों में सम्पन्न कराया गया. दोनों वर्गों में 40-40 सहिया एवं सहिया साथी को प्रशिक्षण दिया गया.



नवनिर्मित मंदिर में आयोजित 3 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू

# हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में निकली भव्य कलश यात्रा

**संवाददाता । बोकारो**

बोकारो के दुन्दीबाग में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली. कलश यात्रा हनुमान मंदिर से शुरू होकर दुन्दीबाग बाजार भ्रमण करते हुए नया मोड़ से टूटैंक गार्डेन तक गया.

वहां पर श्रद्धालुओं ने तालाब से कलश में जल भरा एवं सेक्टर 3 कृष्णा मोड़, कलाकेन्द्र होते हुए वापस दुन्दीबाद लौटकर पुरोहित लाल बाबा एवं आचार्य मंडली के द्वारा पूजन के बाद मंदिर परिसर में ही अपने-अपने कलश को स्थापित किया. दुन्दीबाग मंदिर में भगवान राम के साथ अन्य देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा, अयोध्या में निर्माणाधीन भव्य श्री राम मंदिर में रामलला का हो रहे प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में किया जा रहा है. यह कलश यात्रा झांकी, बैंड बाजा, घोड़ा आदि से सुसज्जित होकर हजारों महिला श्रद्धालुओं के द्वारा सिर पर कलश रख कर निकाली गयी.

इस कलश यात्रा में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित को आयोजन समिति द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया. इस यात्रा में मुख्य रूप से कुमार अमित, निवारण प्रसाद, अशर्फी शाह, लालबाबू, सिकंदर यादव, पतिनाथ साह, संतोष उपाध्याय, किशुन शाह, सुरेंद्र व्यास, देवनाथ प्रसाद, कमल राज राहुल कुमार, लालबाबू श्रीवास्तव, सुरेंद्र लाल, विकाश, दीपक, मुकेश कुमार आदि के अलावा हज़ारों महिलाएं शामिल हुईं.

## निकाली गई भव्य कलश यात्रा, माहौल हुआ भक्तिमय

**संवाददाता । तिसरी (गिरिडीह)**

तिसरी प्रखंड के लोकाय में तीन दिवसीय राधा-कृष्ण और पंचमुखी हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई . यह यात्रा लोकाय थाना के सामने स्थिति मंदिर से निकली, जिसमें 501 महिलाओं व युवतियों ने माथे पर कलश लेकर गाजे-बाजे के साथ नयनपुर, लोकाय, डेलिया होते हुए घाघरा नदी के तट पर पहुंचे, जहां मां गंगे की आराधना करते हुए पंडितों द्वारा विधिवत पूजन व मंत्रोचारण के बाद कलशों में जल में भरा गया. जिसके बाद डेलिया गांव होते हुए यह कलश यात्रा वापस राधा-कृष्ण मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई. जिसके पश्चात भंडारे का आयोजन कर प्रसाद का भी वितरण किया गया. इस दौरान जय श्री राम, जय श्री कृष्ण, राधे-कृष्ण, जय हनुमान आदि भक्ति नारों से वातावरण विभोर हो उठा.

बताया गया कि नवनिर्मित मंदिर में राधा-कृष्ण और पंचमुखी हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा में तीन दिनों तक रोजाना पूजा-अर्चना व संध्या बेला में महाराज प्रेम प्रकाश शास्त्री द्वारा प्रवचन व कथा का भी आयोजन किया जाएगा. इसके अलावा तीन दिनों तक भंडारे का भी आयोजन किया जायेगा. मौके पर लोकाय थाना प्रभारी नागेंद्र कुमार, जिप सदस्य प्रमिला देवी, चंदौरी मंडल अध्यक्ष रविंद्र पंडित, महामंत्री सुनील साव, मुखिया तालो हंसदा, पूजा कमेटी के अध्यक्ष भीम मंडल, उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, सचिव संत कुमार, मनोज शर्मा, विकास मंडल, टिंकू मंडल, सुखदेव यादव, किशुन यादव, गोविंद साव, परमेश्वर मोदी, बालेश्वर मंडल, लक्ष्मी शंकर, धानू साव, परमेश्वर मंडल, पंसस प्रतिनिधि बासों टुडू सहित लोकाय पंचायत के समस्त कई ग्रामीण मौजूद थे.



**खास बातें**

- 501 महिलाओं व युवतियों ने कलश लेकर निकाली यात्रा
- 3 दिवसीय राधा-कृष्ण और पंचमुखी हनुमान प्राण प्रतिष्ठा

11वीं कार्मेल कप इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप शुरू

# लड़कियों के लिए कराटे का प्रशिक्षण बहुत जरूरी : जोइस

**संवाददाता । बेरमो**

दो दिवसीय 11वीं इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप बोकारो थर्मल स्थित कार्मेल स्कूल में शनिवार को शुरू हुई. कार्यक्रम का उद्घाटन कार्मेल स्कूल की सुपीरियर सिस्टर इनेट, प्राचार्या सिस्टर जोइस कुलु और प्राचार्य सिस्टर मलर ने दीप प्रज्वलित कर किया. इस अवसर पर जोइस कुलु ने कहा कि लड़कियों के लिए कराटे का प्रशिक्षण बहुत ही जरूरी है.

मौजूदा दौर में आत्मरक्षा के लिए कराटे का हुनर लड़कियों को मनोबल ऊंचा रखेगा. यह बेहद खुशी की बात है कि झारखंड शोरिन-रयु मत्सुबयाशी कराटे-डो फेडरेशन 11वीं कार्मेल कप इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन बोकारो थर्मल में हो रहा है. इस संबंध में मुख्य रेफरी सेंसेई राजकुमार ब्लैक बेल्ट 4 डेन एवं सहायक रेफरी सेंसेई शैलेंद्र कुमार ने बताया कि दो दिन के इस चैंपियनशिप में सात स्कूल के बच्चों ने भाग लिया. संत लुईस स्कूल बालीडीह, कार्मेल स्कूल बोकारो थर्मल, माउंट कार्मेल हजारीबाग, सेक्रेड हार्ट स्कूल हजारीबाग, बॉन सेकर्स स्कूल हजारीबाग के करीब 350 प्रतिभागियों ने भाग लिया. कार्यक्रम का संचालन रिया कुमारी ने की, जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक अमित लकड़ा, स्नेहा नाग, संगीता पूर्ति, पुष्पा रानी, अंकित कुमार सहित अन्य की सराहनीय योगदान रहा.



**खास बातें**

- दो दिन के इस खेल में सात स्कूल के बच्चों ने भाग लिया
- इस प्रतियोगिता में करीब 350 प्रतिभागी ने लिया भाग

### निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन

**बेरमो** । बोकारो बेरमो अनुमंडल के बोकारो थर्मल स्टेशन क्लब में डीवीसी, सीएसआर और जीआई अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में आंखों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए जांच शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीवीसी के परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. इस अवसर पर परियोजना प्रधान ने कहा कि डीवीसी सीएसआर द्वारा अगल-बगल के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार सामाजिक कार्य करते रहती है. समय-समय पर स्वास्थ्य जांच से लेकर आंख जांच का शिविर आयोजित की जाती है. शनिवार को इस शिविर में कॉलोनी एवं अगल-बगल गांवों से ग्रामीण महिला-पुरुषों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए जांच का विशेष आयोजन किया गया है. शिविर में नेताजी आई अस्पताल से आए चिकित्सकों द्वारा आंखों का जांच किया जाएगा.

## घर से उठाकर नाबालिग के साथ किया दुष्कर्म का प्रयास

**संवाददाता । गाबाद (गिरिडीह)**

बेंगाबाद थाना क्षेत्र के जेरुआडीह पंचायत से एक नाबालिग को घर से उठा कर जबरन दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है. नाबालिग ने अपने प्रेमी और उसके दो अन्य साथियों पर आरोप लगाते हुए बेंगाबाद थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है. आरोप है कि नाबालिग को उसके प्रेमी ने मिलने बुला कर अपने दो सहयोगियों के साथ सुनसान जगहों में ले गया जहां जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास किया. नाबालिग द्वारा काफी विरोध के बाद तीनों युवक उसे छोड़ कर फरार हो गए. थाना में दिए आवेदन में पीड़िता ने कहा है कि गांडेय थाना क्षेत्र के अहारडीह के रहने वाले एक युवक के साथ पिछले एक डेढ़ साल से उसकी बातचीत होती थी. दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग हुआ और युवक ने उस से शादी का वादा भी किया.

नाबालिग का कहना है कि काफी विरोध करने के बाद तीनों युवक उसे छोड़ कर फरार हो गए. जिसके बाद वह किसी तरह अपने घर पहुंची और परिजनों को सारी बात बताई. थाने में दिए गए आवेदन में नाबालिग ने प्रेमी युवक पर पूर्व में भी शादी का प्रलोभन दे कर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है. बेंगाबाद पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है.

**खास बातें**

- नाबालिग ने प्रेमी सहित दो अन्य साथियों पर लगाया आरोप
- नाबालिग के विरोध करने पर तीन लड़के हुए फरार

## राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाएंगे सौरभ

**संवाददाता । बोकरो**

बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ से सौरभ कुमार बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं ओडिशा बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित 73वां जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाएंगे. यह प्रतियोगिता 4 फरवरी से 11 फरवरी तक किट यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर में आयोजित किया जा रहा है. बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव कुलविंदर सिंह गिल ने पत्र जारी कर झारखंड बास्केटबॉल संघ के सचिव को जानकारी दी. प्रतियोगिता में सौरभ कुमार के चयन पर झारखंड बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष हरभजन सिंह एवं सचिव जय प्रकाश सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बास्केटबॉल के क्षेत्र में प्रगति की असीम संभावनाएं हैं. सौरव कुमार के चयन पर बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के प्रकाश सिंह, मनीष सिंह, राम लखन मिस्त्री, विजय मिंज, निखिल ओझा, विनोद कुमार, मनोज दुबे समेत अन्य लोगों ने बधाई दी है.

### धरना स्थल पहुंचे जिला कृषि पदाधिकारी

**जमुआ (गिरिडीह)** । जमुआ कांग्रेस के अनिश्चितकालीन धरना के छठवें दिन पहुंचे जिला कृषि पदाधिकारी. वार्ता के दौरान बात नहीं बनी. जिला पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने धरनार्थियों को धरना समाप्त करने का आग्रह किया. कहा, धरना समाप्त होने के बाद मामले की जांच कर बहुत जल्द कार्रवाई की जाएगी लेकिन धरना दे रहे लोगों ने उनकी बातों से संतुष्ट नहीं हुए और धरना जारी रखा. वहीं कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष महशर इमाम ने कहा कि पदाधिकारी को बीज घोटाले की कार्रवाई को लेकर 15 दिन पूर्व जांच कर कार्रवाई की आवेदन दिया था.

बोकारो परिसदन में शनिवार को इंडिया गंठबंधन की हुई बैठक

## न्याय यात्रा को सफल बनायें : उमेश गुप्ता

**संवाददाता । बोकारो**

बोकारो परिसदन में शनिवार को इंडिया गठबंधन में शामिल घटक दलों की संयुक्त बैठक में राहुल गांधी की आगामी फरवरी में बोकारो होकर गुजरने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने का निर्णय लिया गया. बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता ने की. बैठक में इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लुसिव अलायंस में शामिल विभिन्न दलों के वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने तानाशाही और अलोकतांत्रिक रवैया अपना रखा है. वक्ताओं ने एकजुट हो गांधी की यात्रा में शामिल होकर सफल बनाने की बात दुहराई. बैठक में जीतेंद्र यादव, सरोज चौधरी, बैजनाथ प्रसाद जायसवाल, हीरा लाल मांझी, मंटू यादव, हसन इमाम, सष्टी देवी, स्वयंवर पासवान, अब्दुल्ला अंसारी, कुमार राकेश, राजेश सिंह, मो मेहबूब आलम, देवदीप सिंह, दिवाकर आदि मौजूद थे.



### सरकारी काम में बाधा पहुंचाने वाले नेता पर केस

**जामताड़ा** । भाजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र मंडल के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा पहुंचने एवं ठेकेदार व उनके कर्मियों को धमकी देने के मामले में शनिवार को करमाटांड़ थाना में केस दर्ज कराया गया है. यह केस सिंचाई विभाग के तहत सिकटिया मेगा लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट के तहत कार्यरत जेडब्लूआईएल इंफ्रा लिमिटेड के कर्मी अनुराग श्रीवास्तव के लिखित आवेदन पर दर्ज किया गया है. लिखित आवेदन के अनुसार सिकटिया मेगा लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट के तहत करमाटांड़ थाना क्षेत्रन्तर्गत चरघारा गांव में पाइपलाइन का कार्य किया जा रहा है.

**किया जागरूक** बोकारो जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा शनिवार को जागरूक अभियान चलाया

# नुक्कड़ नाटक से दिया गया जीवन रक्षा का संदेश

**संवाददाता । बोकारो**

बोकारो जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन बोकारो शहरी क्षेत्रों के विभिन्न चौक-चौराहों एवं बाजारों में आयोजित कर सभी वाहन चालकों को जागरूक किया गया. नुक्कड़ नाटक शहर के नया मोड़ स्थित बिरसा मुंडा चौक, बस स्टैंड, धर्मशाला मोड़, सिटी सेंटर परिसर, बोकारो मॉल परिसर में आम लोगों को जागरूक किया. साथ ही सेल्फी पॉइंट में लोगों ने अपनी खुद की फोटो भी खिंचाई. शक्ति नुक्कड़ नाटक संस्थान रांची के कलाकारों ने संदेश नामक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया. इस दौरान सीट बेल्ट, हेलमेट, ओवरलोडिंग, ड्रिंक एंड ड्राइव, तेज रफ्तार जैसे नियमों के प्रति जागरूक किया गया. चालकों को वाहन चलाते समय नियमों का पालन करने के लिए सुझाव दिया गया.

नाटक में यह भी बताया गया कि यातायात नियमों का पालन करके चालक अपनी जान बचाने के साथ-साथ अपनी कंपनी व अपने मालिक का भला कर सकते हैं. इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत में अधिकतर मामले ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के कारण होते हैं. अधिकतर सड़क हादसों का कारण तेज गति से वाहन चलाना, नशे में वाहन चलाना और लापरवाही की बात सामने आती है. साथ ही उन्होंने कहा कि सभी वाहन चालक व कर्मचारी सदैव ही वाहन नियमों का पालन करें, घबराकर इधर-उधर वाहन न चलाएं और न ही गाड़ी चलाते समय शॉर्ट कट अपनाएं बल्कि नियमों का कठोरता से पालन करे.



### कसमार एवं मंजुरा में रामभक्तों की हुई बैठक

**कसमार (बोकारो)**। कसमार प्रखंड भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से शनिवार को कसमार स्कूल चौक स्थित मंदिरों में सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें प्रखंड महामंत्री परमेश्वर नायक, कोषाध्यक्ष रामलाल ठाकुर, अजय ठाकुर मीडिया प्रभारी कमलेश जायसवाल, शैलेंद्र भूषण शर्मा, धीरेंद्र प्रजापति, जगेश्वर महतो, महेश गोस्वामी, सुभाष साव, नागेंद्र नायक, कपूरी देवी, मालती देवी, राम भक्त कान्हा, दिलीप महाराज, परमेश्वर कपरदार, श्याम कपरदार समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं ने इस अभियान में सहयोग दिया. इधर, इसके अलावा कसमार प्रखंड के मंजूरा स्थित शिवालय प्रांगण में स्थानीय ग्रामीणों की एक बैठक जयंत जायसवाल के नेतृत्व में हुई.

## महुआटांड़ में हिंडोल जतरा मेले में खूब थिरके आदिवासी



**संवाददाता । बोकारो**

बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड के महुआटांड़ क्षेत्र के गांगपुर में आदिवासियों का माघी बोंगा हिंडोल जतरा मेला का आयोजन किया गया. इस मेले में गोमिया के पूर्व विधायक एवं दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. उन्होंने फीता काटकर मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि महतो ने पूजा स्थल में मत्था टेका और क्षेत्र की खुशहाली की मंगलकामना की. इस दौरान समिति ने बुके भेंटकर और फूल माला पहनाकर मुख्य अतिथि योगेन्द्र प्रसाद का स्वागत एवं अभिनंदन किया. इस दौरान मांदर एवं नगाड़े की थाप पर आदिवासी समाज के लोगों ने नृत्य एवं गीत का आनंद लिया, जिसमें योगेंद्र प्रसाद भी शामिल हुए.

# आखर

श्रीराम का पुनार्गमन हो रहा. हमारे सुख-दुख में घुले, हमारे कंठ में बसे राम की पुर्नवापसी एक ऐतिहासिक घड़ी है. बेहद भावुकता भरी. आस्था चरम पर और खुशियां अपरम्पार. ऐसे में लेखनी में कैसे नहीं अवतरित हों श्रीराम. झारखंड के कवियों ने इस खास पल को पंक्तियों में साकार किया है. इस उद्‌गार में कहीं बच्चों सा भोलापन, तुतलाहट है तो कहीं भक्ति की पराकाष्ठा और प्रौढ़ दर्शन.

# राम तुम्हारा नाम कंठ में रहे



## रामलला दर्शन दे दो

वीना श्रीवास्तव

राम नाम धुन छाई है कण-कण में श्री राम
रामराज की वापसी जन -जन का पैगाम.
बाट जोत पत्थर भए मेरे व्याकुल नैन
रामलला दर्शन दे दो, मन को आए चैन.
छोटी सी यह झोंपड़ी करो इसे स्वीकार
तेरे चरण की रज से नैया होवे पार.
विश्व शांति के पाठ को भारत है तैयार
विश्व गुरु के सामने झुकता ये संसार.
रामलला के नाम पर लगती नैया पार
रामनाम की धुन लगे हो भव सागर पार.
नैनन में हो तुम बसे मन में तुमरा नाम
कण - कण में पाऊं तुझे, भजमन जै श्री राम.
कमल नयन है सांवरो मंद -मंद मुस्कान
प्यारी छवि श्रीराम की कर देती कल्याण.
मुख मंडल जू चंद्रमा सूरज जैसो भाल
कानन कुंडल शोभते सुंदर कोमन गाल.
हिय कलपत है सांवरे अब न करो कछु देर
आए बिराजो मन में कहूं न होवे देर.

## हे राम!


निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव

हे राम!
जीवन तुम्हारा
करुण गाथा है
यातनामय निर्वासन का
आत्मसंघर्ष का,
और दोनों के बीच से
शांत बिंदु की ओर यात्रा का!
हे राम!
तुमने भोगा निर्वासन
अकारण ही,
पर नहीं झेली
अजनबीपन की यातना
कभी कुंठित नहीं हुई
तुम्हारी आत्मसात्करण-शक्ति
कोल-भील, खग-मृग,
सरित-सर, घाट-बाट, नर-बानर
सभी की पहचान रही तुमसे.
हे नीलम्बुज,
श्यामल, कोमल, राम
तुम्हारे व्यक्तित्व की जड़ें
सदैव रहीं
धीरता के समुद्र में
वरण-पथ,
रचना-पथ'
सृष्टि-पथ,
'सत्य-पथ,
महिमा-पथ पर
चलते रहे निर्जन निस्संग
केवल ऋत-चक्र रहा तुम्हारा
सहचर!
हे राम!
तुम्हारा जीवन है
साक्षात् करुण रस
'राघवः करुणो रसः'
तुम हो ईश्वर की तरह
अनाशक्त,
तटस्थ और महिमामय,
हे मर्यादा पुरुषोत्तम राम!
हे शक्ति, शील और सौंदर्य के मूर्त
रूप!
तुम हो मनुष्य की तरह
धीर, वीर, गम्भीर,
स्निग्ध, श्यामल, करुण!
हे राम!
नील सरोरुह श्याम
तरुण अरुण अरुण वारिज नयन
दीनबंधु, दिनेश
दानव-दैत्य निकन्दन
तुम्हें शत कोटि प्रणाम
शत कोटि प्रणाम!

## वंदनवार सजाओ

डॉ सुरिन्दर कौर नीलम

ओ री सखी आज उत्सव मनाओ
मंगल घड़ी सोहर कजरी गाओ.
निज घर में श्री राम जी का आगमन,
भक्तों ने मंत्रों का कर दिया गुंजन.
सरयु किनारे है दीपों की माला
अवध नगर का आज आया रखवाला.
ओ री सखी वंदनवार सजाओ...
बहुत गड़े थे वनवास में कंकड़
कोई न शूल चुभे पांवों में अब.
भाव से भी चिकना फर्श बिछाओ
नींव में भक्ति की ईंटें लगाओ.
ओ री सखी आओ चौक पुराओ...
कौशल्या माँ की कोख का जाया
दशरथ का प्यारा राम है आया.
घड़ियां प्रतीक्षा की खत्म हुई हैं
भक्तों के मन में खुशियां नई हैं.
ओ री सखी चंदन तिलक लगाओ...
सुंदर विशाल-सा मंदिर बना है,
संस्कृति का भव्य परचम सजा है,
शिल्प, सौंदर्य अद्भुत कलाकारी
देखेगा जग ये दृश्य मनोहारी
ओ री सखी राह पलकें बिछाओ
मंगल घड़ी सोहर कजरी गाओ.



## अवध में आए हैं श्रीराम

नीरज नीर

अवध में आए हैं श्रीराम
सज रही है पुरी आयोध्या
हर्षित हुए जन-मन के प्राण
सदियों से पददलित रहे हैं
मन में जागा है स्वाभिमान
कि गाओ गीत खुशी अविराम
अवध में आए हैं श्रीराम
रजकण के अधिशासी जो हैं
मथुरा अयोध्या काशी जो हैं
निर्गुण और सगुण दोनों ही
नित सत्य अविनाशी जो हैं
कर युग जोड़ उन्हें प्रणाम
अवध में आए हैं श्रीराम.
राम आराध्य राम ही भक्ति
राम ही है मेधा बल ज्ञान
राम ही साधन साध्य राम ही
है जगत जीवन के प्राण
हर भव बाधा हरे है नाम
अवध में आए हैं श्रीराम ..

## मेरे श्री राम आए हैं

संगीता कुजारा टाक

बलिहारी कैसे न जाऊं
मेरे श्री राम आए हैं.
सभी जीव के प्राण पुजं
मेरे तारनहार आए हैं.
गुणातीत, अखिलेश्वर, महाभुज
मर्यादा पुरषोत्तम आए हैं.
दशरथ और कौशल्या के पुत्र
रघुनंदन, सीतापति आए हैं.
अयोध्या के राजकुंवर
हनुमान के प्रभु राम आए हैं.
जलाओ दीए, मनाओ दिवाली
मेरे श्री राम आए हैं.

## बना हुआ है राममय भारत

डॉ कल्याणी कबीर

वेद ऋचा से धरती गुंजित
मन मंदिर में करतल बाजत,
रामलला अभिनंदन आतुर
बना हुआ है राममय भारत.
घर-घर में मानस के दोहे
शब्द-शब्द रामायण कंठित.
खत्म हुआ वनवास रघु का
भक्ति भाव से ह्रदय तरंगित.
जाए न ये जनम अकारथ
बना हुआ है राममय भारत.
स्नेह सींचकर फिर से शबरी
बैठ गयी है राह को तकते.
केवट ने भी नाव बढ़ाया
राम नाम की मनका जपते.
हो अभिषेक अवध अधिपति का
हर मानव का जनम कृतारथ
बना हुआ है राममय भारत.
आस्था ने है आश्रय पाया
संतन को सम्मान मिला है.
कृपा हुई दशरथ नंदन की
अवध को नव पहचान मिला है.
मानस मंत्र से गुंजित गलियां
स्वर्ण कलश से मंदिर साजत
बना हुआ है राममय भारत.

## ज़र्रे-ज़र्रे में यहां राम

डॉ हरेन्द्र सिन्हा

अब तो जलवा ये बहुत आम नज़र आता है,
ज़र्रे-ज़र्रे में यहां राम नज़र आता है.
फिर इसी वजह से रावण कोई पैदा ना हुआ,
बुरे कर्मों का जो अंजाम नज़र आता है.
दिल की नज़रों से अगर राम के बुत को देखो,
बस मुहब्बत भरा पैग़ाम नज़र आता है.
इस क़दर राम की तस्वीर बसी है मन में,
रात क्या, दिन क्या, सुबह शाम नज़र आता है.
राम के चरणों से नज़रें मेरी हटती ही नहीं,
इन्हीं चरणों में हरेक धाम नज़र आता है.

## आओ हे राम !

सारिका भूषण

हे राम !
आओ , आज फिर से तुम्हारे
अवतरण की है जरुरत !
दूर करो सीताओं की पीड़ा
दुराचारी-बलात्कारी
कर रहे अपने आंगन में क्रीड़ा.
हे राम !
आओ, हरो अब सारे क्लेश
कि बन न सके कोई लंकेश!
राम नाम के बोल हो
गली-गली भजे मीरा
हर दिल में बस राम बसे
और राम ही बसे सकल शरीरा.

## चढ़ाऊं तब नौका

सदानंद सिंह यादव



ऐसे कैसे मैं चढ़ा दूं, प्रभु जी तुमको नौका
चरण धूलि ले लूं पहले तब चढ़ाऊं नौका.
सुना तेरी चरण धूलि के कई चमत्कार हैं
शिला बना दी नारी, महिमा अपरंपार है.
क्या मैं करूंगा अगर नारी बन गई नौका
चरण धूलि ले लू पहले....
प्रभु जी हंसे सुन-सुन केवट की बतियां
हर्षित हैं मन उनके, अश्रु बहे अंखियां.
सीता जी विहंसे देख यह दृश्य अनोखा
चरण धूलि ले लूं पहले...
तब चढ़ाव नौका
सीता जी ने दी जब अंगूठी पार उतराई
केवट कहे कर जोरे- यह ना लूंगा भाई.
मुझको भी पार लगा लगावें
भवसागर पार कराएं, आए जब नौका.
चरण धूलि ले लूं पहले तब चढ़ाऊं नौका.

## अयोध्या चलो

दिलीप ठाकुर 'अमर

अयोध्या चलो -चलो , अयोध्या चलो
अयोध्या चलो श्री रामजी पधारे हैं.
उनके हम सब दास और वे नाथ हमारे हैं.
कितने युगों से बाट निहारें
आएंगे रघुवर घर में हमारे.
आओ कि प्रभुवर हमसब साथ पुकारें हैं
अयोध्या चलो श्री रामजी पधारे हैं.
सीता मइया और, लखन जी भइया
गाएंगे नर-नार मिलकर बधइया
राम-लखन-जानकी पे सबकुछ वारे हैं
अयोध्या चलो श्री रामजी पधारे हैं.
अजोध्या का कण-कण सब तुमको बुलावे
आओ कि धीर अब धरा ना जावे
सरयू जी भी पावन जल से, पंथ फुहारे हैं
अयोध्या चलो श्री रामजी पधारे हैं.
हम भगतन सब सुर-लय-ताल से
नर-नारी सब सुध-बुध खेकर पुष्पमाल से.
घरि पल , छिन-छिन तुम्हरे बाट निहारे हैं
अयोध्या चलो श्री रामजी पधारे हैं.

## राम नाम

पंकज प्रियम

कण-कण राम का है वंशज, जन-मन में स्थान यहां,
राम कृपा से पावन धरती, राम वर्ण आसमान यहां.
सरयू की धारा भी कहती, राम लला की वो कीर्ति-
अयोध्या के जनमानस पे, राम का ही गुणगान यहां.
गंगा की अविरल धारा वो, लेती राम का नाम यहां,
भागीरथ की धरती पर, सबको राम से काम यहां.
राम नाम को जपकर ही, डाकू भी बाल्मीकि बना-
भरत नाम से भारत अपना, रघुकुल के राम यहां.
सागर में दिखता है सेतु, किया था लंका पार जहां
प्रभुराम के रजकण से, हुआ अहल्या उद्धार यहां.
राम नाम तुलसी माला, गांधी-कबीरा मुक्ति मिली-
राम नाम सत्य है कहकर, होता अंतिम संस्कार यहां.
राम ही धरती राम ही अम्बर, राम ही हैं संसार यहां
राम से बढ़कर कोई नहीं, महिमा अपरंपार यहां.
मर्यादा पुरुषोत्तम हैं वो, कहलाते करुणानिधान-
राम नाम जपने भर से, होता बेड़ा पार यहां.

## राघव अवध में आ रहे

डॉ संगीता नाथ

वनवास तज रघुवीर आए, शुभ घड़ी लो आ रही,
जयघोष से गूंजित धरा नभ, हर दिशा हर्षा रही.
धुन राम की हर सांस में बन प्राण उर्जित हो रही,
और मलयानिल मगन हो राम के गुण गा रही.
राघव अवध में आ रहे हर एक मानस मन खिला,
वर्षों बिताया टेंट में पर आज प्रभु को घर मिला.
मंदिर वहीं निर्मित हुआ जो राम का निज धाम है,
अब लाख कर लें कोशिशें सकता न आक्रांता हिला.
वर्षों बरस करते सभी तप त्याग चिंतन साधना,
करती रही प्रेषित अवध की सरयू अंतर्भावना.
हर भक्त के हैं राम अपने, राम के उर में सभी,
कल्पित नहीं हैं राम, नवयुग ने बदल दी धारणा.
साक्षी बनी गलियां अवध की आज उस विश्वास की
पूरी हुई चिर साधना कोटिक नयन की आस की.
गाथा अलौकिक लोक की लिख दी समय ने आरती,
उस नाम की, सुखधाम की, स्वर्णिम नए इतिहास की.

## पधारेंगे राम जी प्यारे

डॉ. ममता बनर्जी मंजरी

पधारेंगे अयोध्या में, हमारे राम जी प्यारे.
जलाएँ दीप खुशियों के, चतुर्दिक आज हम सारे.
अयोध्या सज चुकी है ज्यों, नयी दुल्हन सरिख देखो
चलो हम साथ मिलकर के,लगाए राम के नारे.
नाथ ! पधारो अपने धाम
रघुपति राघव राजा राम.
हृदय में ज्योति भरकर हम, नया दीपक जलाएंगे
लला श्री राम को अपना, पुराना घर दिलाएंगे.
करेंगे राम जयकारा, मिटाकर बैर हर दिल से
हमारे कौम की ताकत,जगत को हम दिखाएंगे.
नाथ ! पधारो अपने धाम
रघुपति राघव राजा राम.
रहे हैं हम सदा मिलकर, सदा मिलकर रहेंगे हम
नहीं होने कभी देंगे,हमारे हौंसलें को कम
बनाएँगे नया भारत,यही सपना हमारा है
दिखाएँगे जमाने को, हमारी एकता में दम
नाथ ! पधारो अपने धाम
रघुपति राघव राजा राम.

## आनेवाले हैं श्रीराम

गीता चौबे गूंज

आनेवाले हैं श्रीराम, चलो तैयारी कर लें
वर्षों के श्रम का परिणाम, नयी खुमारी भर लें.
रही प्रतीक्षा जिन घड़ियों की, अब वे आने वाली हैं
भक्ति-भाव में भरकर कलियाँ, उर में खिलनेवाली हैं.
इन अंखियन में सियाराम की, छवि वह प्यारी भर लें,
आनेवाले हैं श्रीराम, चलो तैयारी कर लें.
कष्ट भरे दिन बीत गए, सुख करवट लेने को आतुर
जीव सभी खुश होकर गाएं, मोर-पपीहा झिंगुर-दादुर.
कण-कण में बसे भगवान, चरण घृतढारी कर लें,
आनेवाले हैं श्रीराम, चलो तैयारी कर लें.
गूंज रहा चहुं दिश में अब है, राम के नाम का नारा
त्रेतायुग से अब तक जिसने, हम सबको पार उतारा.
इस उत्सव में हम भी अपनी, भागीदारी कर लें,
आनेवाले हैं श्रीराम, चलो तैयारी कर लें.

## हे राम विराजो अयोध्या नगरी में

डॉ रजनी शर्मा 'चंदा'

इस अयोध्या नगरी की पवित्र बड़ी भूमि,
कल- कल सरयू बहे है अयोध्या नगरी में.
इस अयोध्या नगरी में न युद्ध कभी होए,
रघुवंशी/सूर्यवंशी बसे हैं अयोध्या नगरी में.
रामलला की चाल पर कौशल्या जाए वारी,
रुनझुन पायलिया बजे है अयोध्या नगरी में.
रामलला के भोलेपन पर सुमित्रा जाए वारी,
सलोना मुख निहारे अयोध्या नगरी में.
रामलला की बतियन पर कैकेई जाए वारी,
मीठी मिश्री की डली है अयोध्या नगरी में.
राम जी के रूप पर सारा जगत है मोहित,
थारी में चंदा निहारे अयोध्या नगरी में.
ले रही है बलैया कोई नजर ना लगा दे,
तीनों मैया नजरें उतारे अयोध्या नगरी में.
अयोध्या नगरी में रमें हैं सारे देवता,
सत्यम शिवम सुंदरम अयोध्या नगरी में.

## अनुत्तरित प्रश्न

सत्या शर्मा ' कीर्ति

हे राम
मैं सीता आपकी
कई युगों से मौन
पूछना चाहती हूं आज यह
कैसा था हमारा गठबंधन.
माना बस तोड़ा था
खिंचे लक्ष्मण की रेखा
पर उसके बदले तो दी थी मैंने
दहकते अग्नि की परीक्षा.
पर, मेरे निष्कलंक होने का यह
प्रमाण क्यों नहीं काफी था?
थे पति आप फिर भी क्यों
संदेह एक धोबी ने जगाया था?
और निष्काषित किया था आपने
अपने अजन्मे बच्चे की मां को...
थे हृदय ममता से भरे
और आंखों में करुणा के अश्रु थे
पर प्रश्न तब भी कौंध रहा था
क्या बच्चे सिर्फ मेरे थे ?
मैंने तो निभाया था पत्नी धर्म
साथ आपके वन जाकर
क्या नहीं था फर्ज आपका चल
देते मेरे भी संग
हे राम !
गर राजा आप
मेरे सन्देह का करें निराकरण
पति निष्काषित गर्भवती प्रजा को
क्यों भिजवाया था वन -जंगल
क्यों देने पड़ रहे हर बार
अपने निष्कलंक होने का
प्रमाण मुझे
क्या मांगा था मैंने भी
दें आप भी प्रमाण मुझे.
हे राम मैं सीता आपकी
कई प्रश्न अब भी अनुत्तरित से ...

## राम दरबार

कल्याणी झा कनक

सिया संग रघुनाथ विराजे
लखन शत्रुघ्न भरत भी साजे.
पावन जन्मभूमि रघुवर की
जय बोलो साकेत नगर की.
हनुमान हैं दास तुम्हारे
हृदय बसे रघुनंदन प्यारे.
माता से आशीष मिला जब
रामभक्त वो कहलाए तब.
अष्ट सिद्धि नव निधि के वर की
जय बोलो साकेत नगर की.
इस दरबार की छवि निराली
राम-सिया की जोड़ी आली.
नित इनकी पूजा जो करते
प्रेम सागर मगन मन भरते.
केवट के भवसागर तर की
पावन जन्मभूमि रघुवर की.
राम सदा मन में बसते हैं
शिव जिनको जपते रहते हैं.
साधु संत के तारणहारे
दीन दुखी के कष्ट निवारे.
जय कौशल्या राज कुंवर की
जय बोलो साकेत नगर की.
पावन बहती सरयू धारा
जहां नहाते हैं रघुवीरा.
कण-कण माटी जिसका चंदन
चरण पखारे प्रभु का वंदन.
निर्मल चरण जहां प्रियवर के
जय बोलो साकेत नगर की.
चारों दशरथनंद दुलारे
माता की आखों के तारे.
लिए बलैया बलि बलिहारी
रूप मनोरम अवध बिहारी.
जय हो विश्वामित्र गुरुवर की
जय बोलो साकेत नगर की.

## राम-राज्य की कामना

सुजाता प्रिय 'समृद्धि'

अगर कहीं मिल जाएं राम, तो मैं ऐसा वर मांगू
परस्पर प्रेम जहां होता था, उनके घर-सा घर मांगू.
चौदह वर्ष वनवास मिले, तब भी मन विचलित न हो
पिता की आज्ञा पालन करें, कभी मन चिंतित न हो.
विमाता की निर्णय को भी, रखूं अपने सिर-आंखों
रख चरण-रज शीष सदा, सह लूं कष्ट वन में लाखों.
सदा साथ हो लक्ष्मण भाई, संकट आंधी तूफान में
जीवन-साथी सीता संग हो, वन के खुले आसमान में.
भरत रक्षा करे राज्य का, शत्रुघ्न भातृत्व भावों का
फूट नहीं हो भाई -भाई में, दूरी हो सभी दुर्भावों का.

## पूजन अर्चन है राम-राम

रागिनी भूषण

कण कण में गूंजे रामराम अक्षरअभिनन्दन राम-राम
है जन्म मरण में राम-राम पूजन अर्चन है राम राम.
मर्यादाओं की आग्रह का आधार व्यवस्थित राम राम
सिंहासन से वन के पथ में पुरोषोत्तम वन्दित राम राम
है राम अस्मिता हम सबकी माटी का चन्दन राम राम.
पूरब पश्चिम उत्तर दक्षिण सब भाषाओं में राम राम
अंधियारे में उजियार बनी सब आशाओं में राम राम
अन्तर्मन का वह तेज प्रखर ओजस का वन्दन राम राम.
है दूरदृष्टि का सूक्ष्म विहग वैभव उदार का राम राम
जो रंग रंग के फूल पिरो इक माला रचता राम राम
भारत माता का राष्ट्र देव हैं सत्य सनातन राम राम.

## प्रभु कृपा पाइए

रेणु झा रेणुका

सज गया अयोध्या धाम
आ रहे रहे हैं श्री राम,
लक्ष्मण, जानकी साथ
प्रभु अवध पधार रहे,
हम सब चरण पखारेंगे.
ढोल, मृदंग संग
नाचे अयोध्यावासी
इस उमंग में सभी
शामिल हो जाइए.
नयनों के तेल जले
सरयू के घाट तले
खुशियों की बाती डाल
हम दीपक जलाकर
दीपावली मनाएंगे.
हर ओर खुशियाली झूमे
नर नारी मंगल गाए,
आरती की थाल सजे
पुष्प की बारिश में
प्रभु कृपा पाइए.



## मेरे राम

डॉ ममता मनीष सिन्हा

श्रीराम हैं शिवजी के नाथ, तो मेरे जगन्नाथ हैं,
श्रीराम हैं चराचर जगत, यह देव दीनानाथ हैं.
श्रीराम माता अंकपुष्प, पिता के कुलभूषण हैं,
रघुकुल मर्यादा पुरुषोत्तम, नरोत्तम सुदर्शन हैं.
श्रीराम अहिल्या तारक हैं, तो वही तारका हारक हैं,
श्रीराम संत कष्ट निवारक हैं, वही सकल उद्धारक हैं.
श्रीराम भरत के श्रद्धा खड़ाऊं, तो शत्रुघ्न ध्यान है,
श्रीराम लिए सरयू भी रोए ऐसे सकल सुजान हैं.
श्रीराम सिया विरह व्याकुल तो मां शबरी के टोह हैं,
सुग्रीव के भाग्यविधाता तो हनुमत हृदय के मोह हैं.
श्रीराम विभीषण राज्यदाता, तो भय मुक्ति प्रदाता हैं,
कुम्भकर्ण का दंभ तोड़, ये नवजागरण विधाता हैं.
श्रीराम रावण का वध, तो सिया हृदय भय मुक्ति हैं,
पापियों का नाश करते, ये संत सेवकों की भक्ति हैं.
श्रीराम ही सम्पूर्ण शक्ति, सत्य सनातन अखण्ड हैं,
शीश उठाए पापी जब तो, श्रीराम ही प्रचण्ड हैं.
श्रीराम ही अलख निरंजन, कोटि-कोटि व्याप्त हैं,
शून्य हो जाए दृश्यजगत तो श्रीराम ही पर्याप्त हैं.
श्रीराम नाम जिसने लिया, वह भवपार हो जाएगा,
जीवन-मरन के आवागमन से, प्रत्यक्ष मुक्ति पाएगा.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी



**फुटबॉल : इटालियन सुपर कप के सेमीफाइनल में इंटर मिलान ने दर्ज की जीत**

# इंटर मिलान और नपोली के बीच होगा खिताबी मुकाबला

- **23** जनवरी को खेला जाएगा फाइनल मुकाबला
- **3-0** से इंटर मिलान ने लाजियो को हराया

**भाषा । रियाद**

इंटर मिलान ने लाजियो को 3-0 से हराकर इटालियन सुपर कप फुटबॉल के फाइनल में प्रवेश कर लिया. सीरि ए में शीर्ष पर काबिज इंटर मिलान का सामना अब गत चैंपियन नपोली से होगा. लीग मे आठवें स्थान पर काबिज नपोली ने फियोरेंटिना को 3-0 से हराया. नपोली ने पिछले साल सीरि ए खिताब जीता था जबकि इंटर मिलान ने इटालियन कप फाइनल में जीत दर्ज की थी. दोनों टीमों के बीच फाइनल मुकाबला मंगलवार 23 जनवरी को खेला जाएगा.

## जापान को हराकर ईराक नॉकआउट में



ऐमन हुसैन के दो गोलों की मदद से ईराक ने खिताब की प्रबल दावेदार जापान को 2-1 से हराकर एशियाई कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया. हुसैन के पहले हाफ में दोनों गोल किये. यह 1988 के बाद एशियाई कप के ग्रुप चरण में जापान की पहली हार है. जापान के लिये एकमात्र गोल इंजुरी टाइम में वातारू एंडो ने दागा. इस जीत के साथ 2007 का चैंपियन ईराक ग्रुप डी में शीर्ष पर पहुंच गया. चार बार की विजेता जापान दूसरे स्थान पर है. इंडोनेशिया ने एक अन्य मैच में वियतनाम को 1-0 से हराया. अब वियतनाम का सामना ईराक से और जापान का इंडोनेशिया से होगा. ग्रुप सी में ईरान ने हांगकांग को 1-0 से हराया.

**1988** से बाद पहली बार ग्रुप चरण में हारी जापान की टीम

### ब्रीफ खबरें

#### जका अशरफ ने इस्तीफा दिया

**लाहौर ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की क्रिकेट प्रबंध समिति के अध्यक्ष जका अशरफ ने अपना कार्यकाल विस्तार खत्म होने से दो सप्ताह पहले ही पद से इस्तीफा दे दिया. जका जुलाई से सीएमसी के अध्यक्ष थे और सरकार ने नवंबर में उनका कार्यकाल चार फरवरी तक बढा दिया था. जका ने लाहौर में सीएमसी की बैठक के बाद इस्तीफा दिया. उनके कार्यकाल के दौरान पाकिस्तानी टीम एशिया कप और विश्व कप में नाकाम रही और न्यूजीलैंड में चल रही टी-20 श्रृंखला में लगातार चौथी हार झेली.

#### चेस : गुकेश ने फॉरेस्ट को हराया

**विज्क आन जी (नीदरलैंड) ।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट को हराकर अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की जिससे वह टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर के बाद संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गए. पांचवें दौर में इयान नेपोम्नियाची को हराने के बाद गुकेश ने काले मोहरों से जीत दर्ज करके टूर्नामेंट में अपनी स्थिति मजबूत की. ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने नेपोम्नियाची के खिलाफ बाजी ड्रॉ खेली जबकि विदित गुजराती ने भी चीन की महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन के साथ अंक बांटे. टूर्नामेंट में अभी सात दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं.

#### उलटफेर करते हुए ली च्युक फाइनल में

**नयी दिल्ली।** दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपे के ली च्युक यीयू ने शनिवार को यहां तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता और दूसरे वरीय जापान के कोडाई नाराओका हराकर उलटफेर करते हुए इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाई. ली च्युक ने सेमीफाइनल में दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी नारोआका को एक घंटा और 24 में 21-13, 15-21, 21-19 से हराया. फाइनल में ली च्युक की भिड़ंत चीन के छठे वरीय शी युकी और भारत के आठवें वरीय एचएस प्रणय के बीच होने वाले सेमीफाइनल के विजेता से होगी.

**ऑस्ट्रेलियाई ओपन : चोट के कारण मैच से रिटायर हुए शांग**

# अल्काराज चौथे दौर में

- अजारेंका ने ओस्टापेंको को 6-1, 7-5 से हराया
- बोपन्ना-बाबोस ने मिश्रित युगल से नाम वापिस लि
- मैच में 6-1, 6-1, 1-0 से आगे थे अल्कराज

**भाषा । मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया)**

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने शनिवार को यहां अपने प्रतिद्वंद्वी शांग जुनचेंग के रिटायर होने से ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में जगह पक्की की. अल्काराज ने जांघ पर पट्टी बांधकर खेल रहे 18 वर्षीय शांग पर 6-1, 6-1, 1-0 से बढ़त बनायी हुई थी लेकिन चीन के खिलाड़ी ने 66 मिनट बाद रिटायर होने का फैसला किया. अब अल्काराज का सामना सर्बिया के मियोमीर केसकानोविच से होगा जिन्होंने पिछले साल सेमीफाइनल तक पहुंचे टॉमी पॉल पर 6-4, 3-6, 2-6, 7-6 (7), 6-0 से जीत हासिल की. नौवीं रैंकिंग पर काबिज हुबर्ट हुरकाज ने उगो हम्बर्ट की चुनौती 3-6, 6-1, 7-6 (4), 6-3 से समाप्त कर लगातार दूसरे साल चौथे दौर में जगह बनायी. अब वह फ्रांस के आर्थर काजॉक्स के सामने होंगे जिन्होंने 28वीं रैंकिंग पर काबिज टैलोन ग्रिक्सपूर पर 6-3, 6-3, 6-1 से जीत हासिल की.

महिलाओं के वर्ग में दो बार की पूर्व चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका ने 11वीं रैंकिंग की खिलाड़ी येलेना ओस्टापेंको को 6-1, 7-5 से हराकर सातवीं बार प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी. अगले दौर में अजारेंका की भिड़ंत यूक्रेन की क्वालीफायर डायना यास्त्रेमस्का से होगी जिन्होंने 27वीं रैंकिंग की खिलाड़ी एम्मा नावारो पर 6-2, 2-6 6-1 की जीत से ग्रैंडस्लैम में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी की.

यास्त्रेमस्का 2019 में विम्बलडन के राउंड 16 में पहुंचने के बाद पिछले सात ग्रैंडस्लैम में पहले दौर से आगे नहीं बढ़ सकी थीं. वह ओसियाने डोडिन के सामने होंगी जिन्होंने क्लारा बुरेल को 6-2, 6-4 से पराजित किया. रोहन बोपन्ना और उनकी जोड़ीदार टिमिया बाबोस ने मिश्रित युगल से नाम वापिस ले लिया है. मिश्रित युगल मे कोई और भारतीय नहीं है.

**अगले दौर में मियोमीर केसकानोविच से भिड़ेंगे अल्काराज**



अल्काराज

#### बालाजी व कोर्निया की जोड़ी पुरूष युगल दूसरे दौर में हारी

भारत के एन श्रीराम बालाजी और रोमानिया के विक्टर व्लाड कोर्निया की जोड़ी आस्ट्रेलियाई ओपन पुरूष युगल के दूसरे दौर में अल सल्वाडोर के मार्सेला अरेवालो और क्रोएशिया के मेट पेविच से हारकर बाहर हो गई. इस जोड़ी को दसवीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी ने 6 -3, 6-3 से हराया. इससे पहले बालाजी और कोर्निया ने इटली के मात्तेओ अर्नाल्डी और आंद्रिया पेलेग्रिनो को 6-3, 6-4 से मात दी थी. बालाजी और कोर्निया टूर्नामेंट में वैकल्पिक जोड़ी के रूप में उतरे थे. बालाजी एटीपी युगल रैंकिंग में 79वें और कोर्निया 69वें स्थान पर हैं. बालाजी दूसरी बार ही आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे. पिछले साल भारत के ही जीवन नेदुचेझियान के साथ वह पहले दौर में जीते थे. वह 2018 विम्बलडन में हमवतन विष्णु वर्धन के साथ दूसरे दौर में पहुंचे थे.

#### अन्ना कालिन्सकाया ने किया उलटफेर



**2017** अमेरिकी ओपन चैम्पियन और रोलां गैरां की उप विजेता स्लोआने स्टीफंस को दो घंटे 45 मिनट तक चले मुकाबले में अन्ना कालिन्सकाया से उलटफेर का सामना करना पड़ा. अन्ना कालिन्सकाया ने 6-7, 6-1, 6-4 से जीत हासिल की. जैस्मीन पाओलिनी ने अन्ना ब्लिंकोवा पर 7-6 (1), 6-4 की जीत से पहली बार मेजर टूर्नामेंट के चौथे दौर में जगह बनायी. चीन की झेंग किनवेन हमवतन खलाड़ी वांग याफान पर 6-4, 2-6, 7-6 (8) की जीत से पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में पहुंची. 12वीं वरीय झेंग पिछले साल अमेरिकी ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंची थी.

#### लिंडा से हारकर नंबर एक खिलाड़ी इगा बाहर



**विश्व** की नंबर एक महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक शनिवार को यहां तीसरे दौर के संघर्षपूर्ण मैच में विश्व में 50वें नंबर की खिलाड़ी लिंडा नोसकोवा से हारकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गई. चेक गणराज्य की खिलाड़ी नोसकोवा ने स्वियातेक को 3-6, 6-3, 6-4 से पराजित करके टूर्नामेंट का बड़ा उलटफेर किया. चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता स्वियातेक ऑस्ट्रेलियाई ओपन में कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई हैं. दूसरी तरफ 19 वर्ष की नोसकोवा पहली बार इस टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में खेल रही है. स्वियातेक ने पहले दो दौर में 2020 की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सोफिया केनिन और 2022 की फाइनलिस्ट डेनियल कोलिंस को हराया था.

## झारखंड की बालिका टीम फाइनल में

- सेमीफाइनल में झारखंड ने मणिपुर को 3 गोल से हराया
- बालक वर्ग में झारखंड की टीम सेमीफाइनल में

**खेल संवाददाता । रांची**



रांची में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल (एसजीएफआई) का आयोजन झारखंड शिक्षा के तत्वावधान में किया जा रहा है. शनिवार को अंडर-14 फुटबॉल में झारखंड की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह बनाई. सेमीफइनल मुकाबले में झारखंड की बालिका टीम ने मणिपुर को 3 गोल से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की. वहीं झारखंड बालक टीम ने क्वार्टर फाइनल में उत्तराखंड को 1-1 से ड्रॉ के बाद पेनल्टी शूटआउट में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया. पहले हाफ में झारखंड 1-0 से पिछड़ने के बाद दूसरे हाफ में शानदार खेल दिखाया और निर्धारित समय तक मुकाबला को 1-1 की बराबरी पर समाप्त किया. जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट में झारखंड ने 6-5 से जीत दर्ज की. प्रतियोगिता के मुकाबले रांची के खेलगांव स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम के अलावा मोरहाबादी के मंदिर मैदान और फुटबॉल स्टेडियम में खेले गए.

#### बालिका वर्ग के अन्य मुकाबलों के नतीजे



शनिवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में पश्चिम बंगाल की बालिका टीम ने महाराष्ट्र को 1-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की. वहीं दूसरे सेमीफाइनल मकाबले में झारखंड की बालिका टीम मणिपुर को 3 गोल से हराकर फाइनल में पहुंची. प्री क्वार्टर में पंजाब ने चंडीगढ़ को 2-0 से हराया.


केरल और कर्नाटक के बीच खेले गए मुक़ाबले में केरल की बालक टीम ने कर्नाटक को 8-0 के बड़े अंतर से हराया. तमिलनाडु बनाम राजस्थान के बीच हुए मैच में राजस्थान ने 3-0 से जीत दर्ज की. पश्चिम बंगाल बनाम जम्मू कश्मीर बालक वर्ग मुक़ाबले में एक गोल से जम्मू कश्मीर की बालक टीम विजयी हुई.

## कुश्ती : आयु वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप 11 फरवरी से

**भाषा । नयी दिल्ली**

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का कामकाज देख रही तदर्थ समिति ने शनिवार को घोषणा की कि अंडर- 15 और अंडर- 20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन 11 से 17 फरवरी तक ग्वालियर में किया जाएगा. समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इन प्रतियोगिताओं का आयोजन ग्वालियर के शक्तिनगर में स्थित लक्ष्मीबाई शारीरिक शिक्षा राष्ट्रीय संस्थान किया जाएगा. इस प्रतियोगिता में लगभग 1200 पहलवान और 300 अधिकारी हिस्सा लेंगे.

भारतीय कुश्ती में सत्ता के लिए संघर्ष खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है तथा तदर्थ समिति और निलंबित डब्ल्यूएफआई ने अलग-अलग राष्ट्रीय चैंपियनशिप की घोषणा की है. डब्ल्यूएफआई ने घोषणा की थी कि 2023 की आयु वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप दिसंबर के अंतिम सप्ताह में उत्तर प्रदेश के गोंडा में आयोजित की जाएगी लेकिन इससे पहले 24 दिसंबर को खेल मंत्रालय ने महासंघ को निलंबित कर दिया था. डब्ल्यूएफआई ने इसके साथ ही घोषणा की थी कि सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप 29 जनवरी से पुणे में होगी लेकिन तदर्थ समिति ने कहा कि वह इस प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 5 फरवरी के बीच जयपुर में करेगी.



- अंडर-15 व अंडर-20 आयु वर्ग के चैंपियनशिप का होगा आयोजन
- 11 से 17 फरवरी तक ग्वालियर में होंगे मुकाबले

#### रेजा ढिल्लों ने भारत को 18वां ओलंपिक कोटा दिलाया

**कुवैत ।** युवा निशानेबाज रेजा ढिल्लों ने शनिवार को यहां शॉटगन के लिए एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन में महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत के लिए पेरिस खेलों का 18वां कोटा हासिल किया. ढिल्लों (19 वर्ष) छह महिलाओं के फाइनल में आगे चल रही थीं लेकिन फिर वह दो-तीन निशाने चूककर चीन की जिनमेई गाओ से पिछड़ गयीं. गाओ ने 60 शॉट के फाइनल में 56 निशाने लगाकर पहला स्थान हासिल किया जबकि ढिल्लों 52 हिट के साथ रजत पदक जीतने में सफल रहीं. गाओ और ढिल्लों दोनों ने पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया. ढिल्लों के साथ हमवतन निशानेबाज महेश्वरी चौहान ने 43 निशाने लगाकर कांस्य पदक जीता. वहीं भारतीय निशानेबाज गनेमत सेखों 30 अंक से चौथे स्थान पर रहीं. ढिल्लों छह में से छह निशाने के साथ शीर्ष पर थीं. उन्होंने फाइनल में 14 हिट तक बढ़त बनाये रखी और दो अंक से गाओ से आगे रहीं. लेकिन ढिल्लों दो निशाने चूक गयीं और गाओ ने बढ़त बना.

**हॉकी** बार-बार समान गलतियों को दोहराने से टूटा भारतीय महिल हॉकी टीम के पेरिस का सपना

# निराशाजनक प्रदर्शन के बाद सवालों के घेरे में भारतीय महिला हॉकी टीम

**संवाददाता । रांची**

तोक्यो ओलंपिक में पदक नहीं मिला लेकिन चौथे स्थान पर रहकर भारतीय महिला हॉकी टीम पूरे देश की नूरे नजर बन गई और सभी को उम्मीद थी कि तोक्यो का अधूरा सपना पेरिस में पूरा होगा. लेकिन पेरिस का सफर शुरू होने से पहले ही खत्म हो गया और अब इस जख्म को भरने में बरसों लगेंगे. बार बार समान गलतियों को दोहराना, आपसी तालमेल का अभाव, प्रदर्शन में अनिरंतरता जैसे कई सवाल



हैं जिनका जवाब भारतीय महिला हॉकी टीम को देना होगा. पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद अब भविष्य को लेकर अनिश्चितता भी खिलाड़ियों की आंखों में साफ नजर आ रही है. एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में तीसरे स्थान के मैच में जापान से 1-0 से हारी भारतीय टीम के पिछले कुछ अर्से के प्रदर्शन का विश्लेषण करें तो लगता है कि यह तो होना ही था. हार के बाद कप्तान सविता पूनिया और बाकी खिलाड़ियों की आंखों में आंसू और चेहरे पर मायूसी थी. शायद अनिश्चितता भी कि अब आगे क्या होगा. भविष्य के बारे में पूछने पर कोच यानेके शॉपमैन ने कहा कि मुझे नहीं पता. हॉकी इंडिया ने तुरंत किसी बदलाव की संभावना से इनकार किया है और अब जबकि ओलंपिक खेलने का मौका हाथ से निकल ही चुका है.

#### तोक्यो ओलंपिक में भारत ने रचा था इतिहास

पिछले दो ओलंपिक खेल चुकी भारतीय महिला हॉकी टीम ने तीन दशक की मेहनत के बाद विश्व स्तर पर पुरजोर उपस्थिति दर्ज कराई थी. तोक्यो ओलंपिक में टीम ने चौथे स्थान पर रहकर इतिहास रच दिया था और सभी की जुबां पर इन वीरांगनाओं के चर्चे थे लेकिन तीन साल बाद तस्वीर पलट गई. कारणों की पड़ताल की जाये तो सबसे बड़ा कारण है कि करिश्माई कोच शोर्ड मारिने तोक्यो ओलंपिक के बाद चले गए जो अपने परिवार से लंबे समय तक दूर नहीं रहना चाहते थे. उस समय शॉपमैन उनकी सहायक थी और लग रहा था कि वह आसानी से उस सिलसिले को आगे बढायेंगी जो शोर्ड ने शुरू किया था. उनके रहते हालांकि टीम विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंची लेकिन वह करिश्मा नहीं दिखा जो पूर्व कोच में था.

## सानिया से तलाक के बाद मलिक ने अभिनेत्री सना से की शादी

**भाषा । कराची**

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेट कप्तान शोएब मलिक ने भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा से तलाक के बाद पाकिस्तान की मशहूर अभिनेत्री सना जावेद से निकाह कर लिया. शोएब और सानिया का पांच साल का एक बेटा भी है जो सानिया के साथ रहता है. शोएब ने सोशल मीडिया पर अपनी नयी पत्नी के साथ तस्वीरें डाली हैं. सानिया के पिता इमरान मिर्जा ने पीटीआई को बताया कि यह 'खुला' था जिसमें मुस्लिम महिला अपने पति से एकतरफा तलाक ले सकती है. शोएब और



सानिया के संबंधों में दरार की खबरें 2022 से आ रही थी और पिछले दो साल में दोनों को साथ नहीं देखा गया.

## ब्रीफ खबरें

### दुर्घटना में दो भाइयों की मौत, एक घायल

**नवादा।** नवादा में शुक्रवार की देर रात्रि तेज रफ्तार अज्ञात गाड़ी की चपेट में आने से दो युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई. वहीं एक बच्चा गंभीर रूप से जख्मी है. जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हिसुआ थाना क्षेत्र के चातर मोड़ के पास अज्ञात गाड़ी की चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों की मौत हो गई. वहीं, एक बच्चा गंभीर रूप से जख्मी हो गए. जहां मृतक की पहचान नवादा बुंदेलखंड थाना क्षेत्र के न्यू अंसार नगर मोहल्ले के रहने वाले मोहम्मद नौशाद अंसारी के 27 वर्षीय पुत्र मोहम्मद दिलशाद अंसारी के रूप में की गई.

### पुलिस ने कुख्यात बदमाश की गर्लफ्रेंड को दबोचा

**पटना।** पटना में बेऊर जेल से एक बदमाश रंगदारी मांगने का धंधा चला रहा था. इसके बाद पुलिस ने उसकी गर्लफ्रेंड को गिरफ्तार किया है. पकड़ी गई महिला ने अपने नाम पर सिम लेकर बदमाश को दे दिया था, जिसके बाद वो जेल से ही फोन कर कारोबारियों से पैसों की वसूली करवाता था. महिला वसूले गए पैसों को बदमाश तक पहुंचा देती थी. पटना सिटी से गिरफ्तार की गई अनिता देवी ने अपने नाम पर सिम लेकर बेउर जेल में बंद कुख्यात सिकेन्द्र राय को दिया था. वो भी पटना के मोहन नगर की रहने वाली है. बताया जा रहा है कि जिस मोबाइल नंबर से पानी टंकी इलाके के कारोबारी से रंगदारी मांगी गई थी.

### ट्रक पर लदी थीं 22000 शराब की बोतलें, जब्त

**पटना।** पटना के पास बिहटा में पटना आरा मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक से भारी मात्रा में शराब की बोतलें बरामद हुई हैं. यहां पुलिस जब चेकिंग कर रही थी तो ट्रक में 835 कार्टन छिपाकर ले जाए जा रहे थे. पुलिस ने जब जांच की तो उनमें 22000 अंग्रेजी शराब की बोतलें मिलीं, जिन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया है, साथ ही ट्रक को जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है. यह कार्रवाई मद्य निषेध विभाग पटना ने सूचना के आधार पर की है. पुलिस का कहना है कि पकड़ी गई अंग्रेजी शराब अंबाला से पटना लाई जा रही थी. शराब की कीमत लाखों में आंकी जा रही है.

---

कृष्ण भक्तों का मन मोहा सीएम मोहन यादव ने, अभिनंदन समारोह में जुटे बिहार के दिग्गज यादव नेता

# बड़ा संदेशा छोड़ गया मोहन का बिहार दौरा

**ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना**



### लालू प्रसाद और नीतीश कुमार को लताड़ा

दूसरी ओर ओर प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित समारोह में मोहन यादव ने सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का नाम लेकर कस कर लताड़ा. जितनी भड़ास निकालनी थी निकाली. प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सम्राट चौधरी, प्रतिपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा,केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, पाटलिपुत्र के सांसद रामकृपाल राय, विधान पार्षद नवलकिशोर यादव, कहलगांव के विधायक पवन यादव सहित राज्य के प्रभावशाली यादव नेता उपस्थित थे.

बिहार में मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव का दौरा बहुत कुछ संदेशा छोड़ गया. कहा तो बहुत कुछ लेकिन अलग-अलग प्लेटफार्म पर. श्रीकृष्ण चेतना मंच के प्लेटफार्म पर जहां उन्होंने आध्यात्मिक बातें कहीं ,वहीं प्रदेश भाजपा मुख्यालय में महागठबंधन की सरकार को जम कर लताड़ा. मंच द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह की खास बात यह रही कि भाजपा के सारे नेता मंच के सामने दीर्घा में बैठे थे. सबसे महत्वपूर्ण बात रही प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव का एक बार मजबूती के साथ सियासी मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना है. नंदकिशोर यादव यह संदेश देने में सफल रहे हैं कि यादवों पर अभी भी उनकी पकड़ मजबूत है और वे भाजपा के पक्ष में यादवों को गोलबंद करने में सक्षम हैं. शीतलहरी और कड़ाके की ठंड के बावजूद पटना का श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में उमड़ी कार्यकताओं और नेताओं की भीड़ ने इस आयोजन पर सफलता की मुहर लगा दी. मंच से लालू और नीतीश पर निशाना नहीं साधा गया. कार्यक्रम को राजनीति से इतर रंग दिया गया. मंच पर भाजपा के नेताओं के लिए कुर्सी नहीं लगायी गयी थी, वे मंच के सामने वाली वीआईपी कुर्सियों पर थे. मोहन यादव ने अपने संबोधन को राजनीति से अलग यदुवंशी, यदुकुल, श्रीकृष्ण, गोपाल आदि शब्दों पर केंद्रित रखा. इस भीड़ में ज्यादातर यादव जाति के नेता थे, इसलिए उन्होंने यदुवंश और श्रीकृष्ण पर एक तरह से धार्मिक-आध्यात्मिक प्रवचन दिया. उन्होंने बिहार के जयकारे के पहले वृंदावन बिहारी लाल का जिक्र किया और यदुकुल शिरोमणि श्रीकृष्ण से बिहार का रिश्ता बताया. मतलब, शुरू से अंत तक मोहन यादव ने सिर्फ और सिर्फ यादवों पर केंद्रित बात की. मंच पर जब भाजपा के वरिष्ठ नेता नंदकिशोर यादव सम्मानित करने आए, तो डॉ. मोहन यादव ने विनम्रता पूर्वक उनका अभिवादन किया. कार्यक्रम के दौरान जब-जब उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण का नाम लिया, तब-तब खूब नारेबाजी हुई. इसके साथ ही पीएम मोदी के नाम पर भी नारेबाजी हुई. अपने संबोधन के दौरान सीएम ने दो बार पीएम नरेंद्र मोदी का नाम लिया.

---

आओ जानें

## बिहार : सामान्य ज्ञान

स्थापना : 15 अगस्त, 1947, प्रान्त 26, जनवरी 1950 ( राज्य भाग ( ए ) 1556 तक
क्षेत्रफल : 94163 वर्ग किमी
लिंगानुपात : 916
मुख्य भाषा : हिन्दी
राजधानी : पटना
जनसंख्या : 103804647
साक्षरता : 63.82%
जनसंख्या घनत्व : 1002
जिलों की संख्या : 38
अक्षांश : 24-20-10 ₹ 27-31-15 उत्तर
देशान्तर : 83-19-50 ₹ 88-17-40 पूर्व
कुल क्षेत्र : 94,163.00 वर्ग किमी
देश के कुल क्षेत्रफल में बिहार का हिस्सा : 2.86%
समुद्र तल से ऊंचाई :173 फीट
पूर्व से पश्चिम की दूरी : 483 किमी
उत्तर से दक्षिण की दूरी :345 किमी
नेपाल सीमा की लंबाई : 601 किमी
सबसे गर्म जिला : गया
सबसे ठंडा जिला : गया
वर्षा वाला जिला : किशनगंज
सबसे कम वर्षा वाला जिला : औरंगाबाद
बिहार में गंगा की सबसे बड़ी सहायक नदी : कोसी

---

गिरफ्तार युवक पलासी थाना क्षेत्र के बलुआ कालियागंज के रहने वाला है

# राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार



आरोपी

**संवाददाता । अररिया**

दाउद इब्राहिम गैंग का आतंकी करार देते हुए छोटा शकील के नाम से पुलिस की आकस्मिक सेवा वाली 112 नंबर पर डायल कर अयोध्या में बने श्री राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला युवक को अररिया पुलिस ने पलासी से गिरफ्तार कर लिया है. उन्होंने 112 नंबर पर लगातार डायल कर 22 जनवरी को मंदिर को बम से उड़ा देने की धमकी दे रहा था. गिरफ्तार युवक पलासी थाना क्षेत्र के बलुआ कालियागंज के रहने वाला मो.इब्राहिम का पुत्र मो. इंतखाब है. पुलिस ने उसके पास से उस मोबाइल को भी जब्त किया है, जिस मोबाइल से उन्होंने धमकी दी थी.

जानकारी के अनुसार 19 जनवरी की शाम को युवक ने 112 नंबर पर डायल कर खुद को छोटा शकील होने और दाउद इब्राहिम गिरोह के आतंकी होने की बात करते हुए 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर को बम से उड़ा देने की धमकी दी. इतना हीं नहीं ईआरआरएस के 112 नंबर पर उसके बाद लगातार फोन कर धमकी देता रहा.

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत तकनीकी अनुसंधान का सहारा लिया. तकनीकी अनुसंधान में पुलिस को पता चला कि धमकी देने वाला व्यक्ति और धमकी देने में प्रयुक्त नंबर पलासी के बलुआ कालियागंज के मो.जमालुद्दीन के पुत्र मो. इब्राहिम के नाम से रजिस्टर्ड है. जिसके बाद पलासी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर मोबाइल धारक को गिरफ्तार किया. धमकी देने वाला मो.इब्राहिम का पुत्र 21 वर्षीय मो. इंतखाब है. राम मंदिर को उड़ाने की धमकी देने में प्रयुक्त मोबाइल को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है. मामले की पुष्टि अररिया एसपी अशोक कुमार सिंह ने भी की है.

### फाइनेंस कंपनी को लुटने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र स्थित उतरायन फाइनेंस कंपनी में लूट मामले का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है. मिली जानकारी के अनुसार एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर पकड़ीदयाल डीएसपी सुबोध कुमार ने एक अपराधी को लोडेड देसी पिस्टल, मोबाइल और लूट के रकम के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधी की पहचान राजेपुर थाना निवासी जवाहर प्रसाद के रूप में हुई है.जिसके पास से 1 लोडेड देशी पिस्टल,2 जिंदा कारतूस, 1 मोबाइल फोन व लूटे गये 4300 रूपये बरामद किये गये है. छापेमारी टीम में डीएसपी के अलावा,मधुबन सर्किल इंस्पेक्टर अशोक कुमार



पाण्डेय, एसआई अशोक कुमार,श्याम बिहारी सिंह, मनीष कुमार,पीएसआई सुरेन्द्र राम राजेपुर थाना व सशस्त्र बल शामिल थे.

---

लालू के बाद उनके नजदीकी अरुण यादव की मुश्किलें बढ़ी

# घर पहुंची सीबीआई की टीम

**संवाददाता। आरा**

राजद सुप्रीमो लालू यादव के बाद उनके करीबियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं. लालू यादव के बेहद करीबी संदेश विधायक किरण देवी के घर शनिवार को सीबीआई की टीम पहुंची है. बालू के काले कमाई से जुड़े मामले में पूछताछ करने का नोटिस लेकर सीबीआई की टीम पहुंची है. पूर्व विधायक अरुण यादव से पूछताछ करने दिल्ली से पांच सदस्यीय टीम पहुंची है. अरुण यादव घर पर मौजूद नहीं हैं. अरुण यादव की पत्नी और संदेश विधायक किरण देवी को सीबीआई की टीम ने नोटिस सौंपा है. बता दें कि राजद विधायक किरण देवी और उनके पत्नी अरुण यादव बड़े बालू कारोबारी हैं और लालू के करीबी हैं. सीबीआई की टीम सुबह अरुण के अंगियांव स्थित आवास पर पहुंची तो पूर्व विधायक अरुण यादव घर पर नहीं थे. राजद विधायक किरण देवी आवास पर मौजूद थी.

### पहले भी कर चुकी है छापेमारी

बात दें कि इससे पहले 16 मई 2023 को राजद विधायक किरण देवी और उनके पति पूर्व विधायक अरुण यादव के ठिकानों पर सीबीआई की टीम पहुंची थी. भोजपुर के संदेश विधायक किरण देवी और उनके पति अरुण यादव के आवास पर सीबीआई की टीम ने छापेमारी की थी. किरण देवी के पति अरुण यादव भी विधायक रह चुके हैं. अरुण यादव भोजपुर के बड़े बालू कारोबारी भी हैं. आरा से लेकर पटना तक उनका कारोबार फैला है. एक मामले में अरुण यादव के फरार रहने के कारण पिछले चुनाव में संदेश विस क्षेत्र से उनकी पत्नी किरण देवी को राजद ने टिकट दिया था.

### लूटकर भाग रहे लुटेरे ट्रेन की चपेट में, दो मरे

**पटना।** बिहटा में रास्ते से गुजर रहे लोगों से लूटपाट करने के बाद बचने की कोशिश में बाइक से भाग रहे लुटेरे खुद तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गई. जिसमें दो लुटेरों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं एक लुटेरे की हालत गंभीर बनी हुई है. जबकि लुटेरों के चौथे साथी को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है. मृतक की पहचान दानापुर निवासी अमन अमन कुमार और रणबीर के रूप में हुई है. घटना शुक्रवार की देर रात्रि की बतायी जा रही है.

## गवाही देने जा रहे युवक की गोली मारकर हत्या, हड़कंप

**संवाददाता। समस्तीपुर**

जिले के मथुरापुर ओपी थाना क्षेत्र में शनिवार को बदमाशों ने युवक की गोली मारकर हत्या कर दी. मामला मथुरापुर ओपी थाना क्षेत्र के बूढ़ी गंडक पुल के पास का है. मृतक की पहचान मथुरापुर थाना के गोविंदपुर निवासी राधेश्याम मंडल के 25 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि सोनू कुमार शराब कांड मामले में अपने घर से पैदल ही कोर्ट में गवाही देने जा रहा था. इस दौरान गंडक पुल के पास दो हथियारबंद बदमाशों ने उसके ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग करना शुरू कर दी. तीन गोली उसको लगी. इससे वह नीचे जमीन पड़ गिर गया और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया. घटना को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश पैदल ही भाग निकले.

दिनदहाड़े पुल पर भीड़भाड़ वाले जगह पर हुए गोलीबारी की घटना से अफरा-तफरी मच गई.

---

## कारोबार

### अमेरिका-चीन के बीच वित्तीय मुद्दों पर बैठक

**बैंकॉक।** अमेरिका और चीन के बीच वित्तीय मुद्दों पर सहयोग के लिए स्थापित एक कार्य समूह की तीसरी बैठक संपन्न हो गई है. दोनों देशों ने तनाव कम करने के लिए पिछले साल नवंबर में इस कार्य समूह का गठन किया था. अमेरिकी वित्त विभाग के अधिकारियों ने वित्तीय स्थिरता से लेकर धन शोधन से निपटने जैसे मुद्दों पर चर्चा करने के लिए पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के समकक्षों से मुलाकात की. वित्त विभाग ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने चीन के उप प्रधानमंत्री हे लिफेंग से भी मुलाकात की.

### मेगाथर्म इंडक्शन का आईपीओ 25 को खुलेगा

**नयी दिल्ली।** मशीनरी विनिर्माता मेगाथर्म इंडक्शन का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम ( आईपीओ ) 25 जनवरी को खुलेगा. कंपनी ने इसके लिए मूल्य दायरा 100-108 रुपये प्रति शेयर तय किया है. मेगाथर्म इंडक्शन का आईपीओ 30 जनवरी को बंद होगा. कंपनी ने बयान में कहा कि आईपीओ में पूरी तरह 49.92 लाख नए शेयरों की बिक्री की जाएगी. कंपनी ने बताया कि ऊपरी मूल्य दायरे से कंपनी का लक्ष्य लगभग 53.91 करोड़ रुपये जुटाने का है. मेगाथर्म इंडक्शन मेगाथर्म इलेक्ट्रॉनिक्स की अनुषंगी कंपनी है.

### इरेडा का शुद्ध लाभ दिसंबर 355 करोड़ हुआ

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इरेडा का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही ( अक्टूबर-दिसंबर, 2023 ) में 77 प्रतिशत उछाल के साथ 355.54 करोड़ रुपये रहा. बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 200.75 करोड़ रुपये रहा था. नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत आने वाली इरेडा एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है. यह ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता/संरक्षण के नए और नवीकरणीय स्रोतों से संबंधित परियोजनाओं की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता देने, विकसित करने और विस्तार करने में लगी है. समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आमदनी बढ़कर 1,253.19 करोड़ रुपये हो गई.

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु में बोइंग के सेंटर का उद्घाटन पर कहा

# इस सेंटर से भारत पर दुनिया का भरोसा मजबूत होगा

**भाषा । नयी दिल्ली**

भारत की बढ़ती हुई आर्थिक प्रगति से दुनियाभर के निवेशक प्रभावित हैं. इसी का असर है कि चाहे अमेरिका हो या यूरोप सभी जगह के कारोबारी यहां निवेश करने के लिये आगे आ रहे हैं. इसी राह पर अमेरिका की विमान बनानेवाली कंपनी बोइंग भी है. दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बेंगलुरु में बोइंग के सेंटर का उद्घाटन किया. इसे अमेरिका से बाहर बोइंग का सबसे बड़ा सेंटर बताया जा रहा है. कंपनी ने इस इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी सेंटर को एविएशन सेक्टर में आ रहे बदलावों के लिए खुद को तैयार रखने के लिए बनाया है. यहां पर रिसर्च, डेवलपमेंट, इनोवेशन और डिजाइन पर जोर दिया जाएगा. पीएम मोदी ने कहा कि यह 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' रणनीति का एक हिस्सा है. इस सेंटर से भारत के टेलेंट पर दुनिया का भरोसा और ज्यादा मजबूत होगा.

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में फिलहाल 15 फीसदी पायलट महिलाएं हैं. यह वैश्विक औसत का तीन गुना है. बोइंग सुकन्या प्रोग्राम हमारी बेटियों के पायलट बनने के सपने को साकार करने में और ज्यादा मदद करेगा. बोइंग का यह यह कैंपस एक दिन दुनिया को भारत में बना आधुनिक विमान भी देगा. उन्होंने कहा कि बेंगलुरु शहर नए प्रयोगों और सफलताओं को बढ़ावा देता रहा है. इसी शहर ने दुनिया की तकनीकी डिमांड को पूरा करने में मदद दी है. बता दें कि बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (बीआईईटीसी) का यह कैंपस लगभग 43 एकड़ में फैला हुआ है. इस पर कंपनी ने लगभग 1600 करोड़ रुपये खर्च किए हैं. यह अमेरका के बाहर कंपनी का सबसे बड़ा सेंटर है. यह सेंटर देश में नए स्टार्टअप और निजी एवं सरकारी भागीदारी को बेहतर बनाने की दिशा में काम करेगा. यहां से ग्लोबल एयरोस्पेस एवं डिफेंस इंडस्ट्री के लिए अगली पीढ़ी के प्रोडक्ट एवं सर्विसेज विकसित किए जा सकेंगे. रिपोर्ट के मुताबिक, बोइंग के इस कैंपस में 3000 से ज्यादा इंजीनियर एक साथ काम कर सकेंगे.

इसके अलावा बोइंग भारतीय सेना के साथ मिलकर भी काम करेगी. यह डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत एक अहम पड़ाव है. इस मौके पर पीएम मोदी ने बोइंग सुकन्या कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया. इससे एविएशन सेक्टर में देश की बेटियों को ज्यादा से ज्यादा जगह मिल सकेगी. इसके तहत बेटियों को साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग एवं मैथ्स जैसी फील्ड में कौशल विकास का प्रशिक्षण मिलेगा. साथ ही एविएशन सेक्टर में नौकरियों के लिए प्रशिक्षण भी मिलेगा. इस मौके पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने कहा कि यह राज्य के लिए सम्मान की बात है. कर्नाटक ने हमेशा देश के तकनीकी विकास में योगदान दिया है.



### भारत को 2500 से अधिक विमानों की जरूरत पड़ेगी

विंग्स इंडिया 2024 में एयरबस के बाद अब दिग्गज विमान निर्माता बोइंग ने दावा किया है कि जिस तरह हवाई यात्रियों की संख्या बढ़ रही है, भारत को 2042 तक 2500 से अधिक विमानों की जरूरत पड़ेगी. बोइंग कॉमर्शियल मार्केटिंग के वाइस प्रेजिडेंट डारेन हल्स्ट ने कहा कि बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, दक्षिण एशियाई वाहकों को अगले दो दशकों में अपने बेड़े के आकार को चौगुना करने का अनुमान है। इसके लिए उन्हें 2,705 से अधिक नए हवाई जहाजों की आवश्यकता होगी. कहा कि 2042 तक इसमें से तकरीबन 92 प्रतिशत से अधिक या 2,500 के करीब विमानों की जरूरत अकेले भारतीय विमानन कंपनियों को होगी. साथ ही 2,300 से अधिक एकल गलियारे वाले और लंबी दूरी के लिए लगभग 400 चौड़े आकार वाले विमानों की आवश्यकता होगी. बोइंग के मुताबिक दक्षिण एशिया में सिर्फ भारत ही एक बड़ी अर्थव्यवस्था है जो घरेलू व अंतरराष्ट्रीय दोनों श्रेणियों में कोरोना से पहले वाली मांग के स्तर पर पहुंचा है. यह बाजार में हवाई यात्रा का महत्व और भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत को दर्शाता है. उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि भारत के मालवाहक बेड़े में अगले 20 वर्षों में 80 विमान होंगे. अभी 15 मालवाहक विमान हैं.

#### सेंटर खुला

- यह अमेरिका से बाहर बोइंग का सबसे बड़ा सेंटर है
- यहां रिसर्च और डिजाइन पर जोर दिया जाएगा

---

**भारतीय शेयर** बैंक निफ्टी रहा स्टार परफॉर्मर लेकिन शेयर बाजार में दिखी गिरावट

# लाल निशान पर बंद हुआ सेंसेक्स और निफ्टी

**एजेंसी । मुंबई**

भारतीय शेयर बाजारों के लिए शनिवार के दिन सामान्य ट्रेडिंग का दिन रहा लेकिन बाजार में जमकर एक्शन देखा गया है. स्टॉक मार्केट की चाल थोड़ी मिलाजुला रहा और बाजार की क्लोजिंग में सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान में बंद हो पाए हैं. हालांकि बैंक निफ्टी में क्लोजिंग के समय 400 अंकों से ज्यादा का उछाल देखा गया और ये बाजार का स्टार परफॉर्मर बनकर दिखा. शेयर बाजार की क्लोजिंग में बीएसई का सेंसेक्स 259.58 अंक या 0.36 फीसदी की गिरावट के साथ 71,423 के लेवल पर बंद हुआ है. एनएसई का निफ्टी 50.60 अंक या 0.23 फीसदी की गिरावट के साथ 21,571 के लेवल पर बंद हुआ है.



### सेंसेक्स के शेयरों का कैसा रहा हाल

सेंसेक्स के 30 में से 24 शेयरों में शनिवार को गिरावट के साथ कारोबार बंद हुआ है और 6 शेयरों को ही तेजी के हरे निशान में बंद होने का मौका मिला. सेंसेक्स के टॉप गेनर्स में कोटक महिंद्रा बैंक नंबर एक पर रहा और 2.30 फीसदी चढ़कर बंद हुआ है. बैंक के तिमाही नतीजों के अनुमान से बेहतर रहने के चलते ये तेजी स्टॉक में देखी गई है. दूसरे स्थान पर आईसीआईसीआई बैंक 1.24 फीसदी की उछाल के साथ रहा और इसके भी तिमाही नतीजे आ गए हैं. पावरग्रिड 0.76 फीसदी, एसबीआई 0.61 फीसदी और एचडीएफसी बैंक 0.54 फीसदी ऊपर रहे. एक्सिस बैंक 0.15 फीसदी चढ़कर बंद हुआ है. निफ्टी के शेयरों की बात करें तो 50 में से 20 शेयरों में तेजी के साथ कारोबार बंद हुआ है और 30 शेयरों में गिरावट के साथ कारोबार बंद हुआ है. निफ्टी के सबसे ज्यादा चढ़ने वाले शेयरों में कोल इंडिया 4.11 फीसदी ऊपर रहा है. अडानी पोर्ट्स 3.34 फीसदी की बढ़त पर बंद हुए हैं. कोटक महिंद्रा बैंक 2.59 फीसदी चढ़कर और अडानी एंटरप्राइजेज 2.48 फीसदी की उछाल के साथ बंद हुए हैं. आईसीआईसीआई बैंक 1.24 फीसदी की मजबूती के साथ बंद हुआ है.

---

## सेल और एनएमडीसी के तीन निदेशकों को किया निलंबित

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

इस्पात मंत्रालय ने कथित कदाचार के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी सेल के दो बोर्ड स्तर के अधिकारियों और लौह अयस्क कंपनी एनएमडीसी के एक निदेशक को निलंबित कर दिया है. सेल ने शेयर बाजार को बताया कि उसने आचार संहिता के उल्लंघन के लिए 26 अन्य अधिकारियों को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. कंपनी ने कहा कि इस्पात मंत्रालय ने 19 जनवरी, 2024 के अपने पत्रों के जरिए भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड के आचरण, अनुशासन और अपील नियम, 1977 के नियम 20 के उप-नियम (1) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए वी एस चक्रवर्ती, निदेशक और ए के तुलसियानी, निदेशक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. इस्पात मंत्रालय के एक अन्य उपक्रम एनएमडीसी ने भी कहा कि उसके बोर्ड स्तर के अधिकारी वी सुरेश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है.

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ 3,590 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में 60 प्रतिशत उछाल के साथ 3,590 करोड़ रुपये हो गया. बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 2,249 करोड़ रुपये रहा था. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी कुल आमदनी समीक्षाधीन तिमाही में 29,137 करोड़ रुपये रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 24,154 करोड़ रुपये थी. बैंक ने बताया की आलोच्य तिमाही में उसकी ब्याज आय 25,363 करोड़ रुपये रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 20,883 करोड़ रुपये थी. बैंक का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात 31 दिसंबर, 2023 को सुधरकर 4.83 प्रतिशत हो गया, जो पिछले साल समान तिमाही में 7.93 प्रतिशत था.

## आईडीबीआई बैंक का तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 57%बढ़ा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

निजी क्षेत्र के आईडीबीआई बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में 57 प्रतिशत उछाल के साथ 1,458 करोड़ रुपये हो गया. बैंक ने शनिवार को यह जानकारी दी. एलआईसी नियंत्रित बैंक का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 927 करोड़ रुपये रहा था.बैंक ने बताया की आलोच्य तिमाही में उसकी ब्याज आय 6,541 करोड़ रुपये रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,231 करोड़ रुपये थी. बैंक का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात 31 दिसंबर, 2023 को सुधरकर 4.69 प्रतिशत हो गया, जो पिछले साल समान तिमाही में 13.82 प्रतिशत था. इसी तरह, शुद्ध एनपीए भी घटकर 0.34 प्रतिशत हो गया, जो दिसंबर, 2022 के अंत में 1.08 प्रतिशत था. इससे दिसंबर तिमाही में प्रावधान और आकस्मिक व्यय घटकर 320 करोड़ रुपये रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 784 करोड़ रुपये था. दिसंबर तिमाही के दौरान बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात सुधरकर 20.32 प्रतिशत हो गया, जो दिसंबर 2022 के अंत में 20.14 प्रतिशत था. सरकार के पास आईडीबीआई बैंक में 45 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है और वह बैंक में अपनी हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रही है. यह प्रक्रिया अगले वित्त वर्ष में गति पकड़ सकती है.

**राममय हुई अयोध्या : धार्मिक उत्साह में डूबी रामनगरी, 'सीता राम' और 'जय हनुमान' के जयकारे से गूंजा शहर**

# साइकिल से श्री राम के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं भक्त, जगह-जगह लगे पोस्टर

भाषा । अयोध्या

अयोध्या पूरी तरह से धार्मिक उत्साह में डूबी हुई है और हर ओर 'सीता राम' और 'जय हनुमान' के जयकारे सुनाई दे रहे हैं. लोग 'जय श्री राम' लिखे वस्त्र धारण किए दिखाई दे रहे हैं. कई भक्त साइकिल से लंबा सफर तय कर अयोध्या पहुंच रहे हैं. अयोध्या में प्राण - प्रतिष्ठा समारोह से पहले पोस्टर लगाए गए हैं, जिनपर 'शुभ घड़ी आई', 'तैयार है अयोध्या धाम, विराजेंगे श्री राम' और 'राम फिर लौटेंगे' जैसे नारे लिखे हैं. नगर में राम मार्ग, सरयू नदी तट और लता मंगेशकर चौक जैसे प्रमुख स्थानों पर पोस्टरों पर रामायण के विभिन्न श्लोक भी छापे गए हैं.




## अहमदाबाद से साइकिल चलाकर अयोध्या पहुंचे 63 वर्षीय नेमाराम

गुजरात के अहमदाबाद से साइकिल चलाकर 63 वर्षीय नेमाराम प्रजापति भगवान राम की भूमि यानी अयोध्या पहुंचे हैं. प्रजापति ने कहा कि मैंने 1992 से जूते नहीं पहने हैं और मेरा संकल्प था कि मैं जूते तभी पहनूंगा जब अयोध्या में राम मंदिर बन जाएगा. मैं प्रभु राम के दर्शन के लिए अहमदाबाद से नंगे पैर साइकिल चलाकर अयोध्या पहुंचा हूं. प्रजापति की साइकिल के सामने एक बोर्ड पर लिखा है कि उनकी अहमदाबाद-अयोध्या यात्रा पिछले साल दो दिसंबर को शुरू हुई और वह इस दौरान राजस्थान के पवित्र स्थलों पर भी गए.

- **1992 से नेमाराम ने नहीं पहने हैं जूतने**
- **नेमाराम ने लिया था संकल्प, मंदिर बनने के बाद ही पहनेंगे जूते**





सजने लगा राम मंदिर



**ह्यूस्टन ।** प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले ह्यूस्टन में हिंदू भक्तों ने टेस्ला कार लाइट शो के जरिए श्री के प्रति आस्था दिखायी.

### ब्रीफ खबरें

#### दादी ने पोती को कुएं में फेंका, हुई मौत

**सुल्तानपुर (उप्र) ।** सुल्तानपुर जिले के कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को एक महिला ने अपनी 10 वर्षीय पोती को कुएं में फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी. पुलिस के अनुसार कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के नोनरा गांव में शनिवार को संतोष निषाद की 10 वर्षीय पुत्री रिया को उसकी दादी ने कुएं में फेंक दिया. बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

#### भारत में कोविड के 313 नये मामले दर्ज

**नयी दिल्ली ।** भारत में एक दिन में कोविड-19 के 313 नये मामले दर्ज किए गए. देश में कोरोना संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या अब 2,041 हो गयी है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी. मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटे में कोविड-19 के तीन मरीजों की मौत हुई, जिनमें कर्नाटक के दो और केरल का एक मरीज शामिल है.

#### 25 जनवरी को जयपुर जाएंगे इमैनुएल मैक्रों

**जयपुर ।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का 25 जनवरी को जयपुर आने का कार्यक्रम है. आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के 25 जनवरी को जयपुर में प्रस्तावित आगमन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को उच्च स्तरीय बैठक की.मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई बैठक में उन्होंने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति के स्वागत की सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी कर ली जाए.

#### हड़ताल से इंफाल में जनजीवन अस्त व्यस्त

**इंफाल ।** मणिपुर की इंफाल घाटी में हाल में 23 वर्षीय ग्रामीण स्वयंसेवक की हत्या के संबंध में गठित एक समिति द्वारा आहूत 48 घंटे की हड़ताल के कारण शनिवार को सामान्य जनजीवन अस्त व्यस्त रहा. नागरिक समाज से जुड़े संगठनों के नेताओं वाली संयुक्त कार्रवाई समिति ने सुबह पांच बजे हड़ताल आहूत की. अधिकारियों ने बताया था कि 17 जनवरी को मणिपुर के कांगपोकपी जिले में दो संघर्षरत समुदायों के बीच गोलीबारी में स्वयंसेवक की मौत हो गई थी.

**सशस्त्र सीमा बल के 60वें स्थापना दिवस पर पहुंचे गृहमंत्री**

# तीन साल में देश नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा : शाह

भाषा । तेजपुर (असम)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि देश अगले तीन साल में नक्सलवाद की समस्या से मुक्त हो जाएगा. शाह ने सलोनीबारी में सशस्त्र सीमा बल के 60वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में से एक एसएसबी 'संस्कृति, इतिहास, भौगोलिक स्थिति और भाषा को बारीकी से एकीकृत करने' और सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को देश के बाकी हिस्सों के करीब लाने में एक अद्वितीय भूमिका निभाता है. उन्होंने कहा कि सीमाओं की रक्षा के अलावा एसएसबी के साथ ही अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) ने छत्तीसगढ़ और झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ प्रभावी रूप से अपना कर्तव्य निभाया है.

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अगले तीन साल में देश नक्सली समस्या से 100 फीसदी मुक्त हो जाएगा. गृह मंत्री ने एसएसबी के छह कर्मियों के साथ तीन बटालियन को उनकी अनुकरणीय सेवा के लिए पुरस्कार दिए और इस मौके पर एक डाक टिकट भी जारी की. असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा भी कार्यक्रम में मौजूद रहे. अधिकारियों ने बताया कि शाह का ढेकियाजुली में अखिल बाथौ महासभा के 13वें त्रिवार्षिक सम्मेलन में भी भाग लेने का कार्यक्रम है. उन्होंने गुवाहाटी में पुनर्निमित ब्रह्मपुत्र रीवर फ्रंट का उद्घाटन किया.



**खास बातें**

- अमित शाह नेब्रह्मपुत्र रीवर फ्रंट का भी उद्घाटन किया
- असम के सीएम हेमंत विश्व शर्मा भी थे कार्यक्रम में मौजूद
- बाथौ महासभा के 13वें त्रिवार्षिक सम्मेलन में भी शाह ने लिए भाग

## 'पीएम का पूर्वोत्तर में शांति व विकास सुनिश्चित करने का अभियान सफल'

**ढेकियाजुली (असम) ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूर्वोत्तर में शांति और विकास लाने का अभियान सफल रहा है. शाह ने 'ऑल बाथौ महासभा' के 13वें त्रिवार्षिक सम्मेलन में आरोप लगाया कि कांग्रेस की नीति 'समस्याओं से ध्यान भटकाने और सत्ता का आनंद लेने की है, जिसके कारण क्षेत्र में हजारों लोगों की मौत हुई, खासकर बोडोलैंड में. उन्होंने कहा कि जब मैं गृह मंत्री बना, तो बोडो आंदोलन चल रहा था और मैंने पूर्वोत्तर के सबसे बड़े समुदायों में से एक की समस्याओं और मांगों को समझने का प्रयास किया. शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी इसे नए नजरिए से देखा और समस्या का समाधान किया, जिससे 'आज बोडोलैंड बम विस्फोटों, गोलीबारी और हिंसा से मुक्त हो गया है'. शाह ने कहा कि पिछले तीन वर्षों के दौरान बोडोलैंड में हिंसा की कोई घटना नहीं हुई है और यह विकास के रास्ते पर चलकर एक नई कहानी लिख रहा है.

# अरुणाचल पहुंची भारत जोड़ो न्याय यात्रा

भाषा । ईटानगर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शनिवार को असम से अरुणाचल प्रदेश में दाखिल हुई. पापुम पारे जिले में गुमटो चेकगेट पर कांग्रेस की अरुणाचल प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नबाम तुकी ने राहुल गांधी का स्वागत किया और वहां ध्वज हस्तांतरण कार्यक्रम आयोजित हुआ. ध्वज हस्तांतरण समारोह तुकी और कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष भूपेन बोरा के बीच हुआ और इस मौके पर दोनों राज्यों के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद थे.

इस अवसर पर राहुल गांधी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए लोगों को धन्यवाद दिया. पारंपरिक निशी टोपी पहने राहुल गांधी सैंकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ दोईमुख रवाना हुए जहां वह एक जनसभा को संबोधित करेंगे. पार्टी सूत्रों ने बताया कि दोईमुख से राहुल गांधी बस से नहारलागुन जायेंगे और रेहड़ी- पटरी वालों के साथ बातचीत करेंगे. कांग्रेस नेता गांधी वहां से न्योकुम लापांग जायेंगे. वह न्योकुम लापांग से पैदल मालो तारीन सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय मैदान पहुंचेंगे और वहां एक जनसभा को संबोधित करेंगे. गांधी रविवार सुबह होलोंगी से होकर ईटानगर से रवाना होंगे. कांग्रेस सांसद गांधी के नेतृत्व वाली 6,713 किलोमीटर की यह यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर से प्रारंभ हुई थी और इसका समापन 20 मार्च को मुंबई में होगा. इस बीच इस यात्रा के अरुणाचल प्रदेश चरण के वास्ते सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं. पापुम पारे के पुलिस अधीक्षक तारू गुसार ने बताया कि इस जिले से गांधी राज्य में प्रवेश कर रहे हैं, ऐसे में जिले में इस यात्रा के लिए सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध किये गये हैं.



#### भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के बैनर फाड़े गए : कांग्रेस

**उत्तर लखिमपुर (असम) ।** कांग्रेस ने आरोप लगाया कि असम के उत्तर लखिमपुर शहर में उसकी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' का स्वागत करने वाले बैनर और पोस्टर फाड़े गए. असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) के नेता भरत नाराह ने आरोप लगाया कि उत्तर लखिमपुर शहर इलाके में ज्यादातर बैनर, पोस्टर और होर्डिंग को शुक्रवार रात को क्षतिग्रस्त किया गया.

#### ज्ञानवापी मस्जिद में टंकी सफाई का काम हुआ पूरा

**वाराणसी ।** वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने में बनी टंकी की सफाई का काम शनिवार को पूरा हो गया. इस दौरान परिसर और उसके आसपास बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान मौजूद थे. सुप्रीम कोर्ट द्वारा ज्ञानवापी मस्जिद में पानी की टंकी को साफ करने की अनुमति दिये जाने के बाद शनिवार को सफाई का काम शुरू किया गया था.

# गाजा युद्ध में 16 हजार महिलाएं व बच्चे मारे गए : संयुक्त राष्ट्र

भाषा । संयुक्त राष्ट्र

लैंगिक समानता को बढ़ावा देने वाली संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी ने बताया कि इजराइल और गाजा के बीच जारी युद्ध में 16,000 महिलाएं और बच्चे मारे गए हैं. महिलाओं के लिए कार्य करने वाली एजेंसी 'संयुक्त राष्ट्र महिला' (यूएन वीमेन) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि अनुमान है कि प्रत्येक घंटे में दो माताएं दम तोड़ रही हैं. 'यूएन वीमेन' ने कहा कि 100 से अधिक दिन के संघर्ष के कारण कम से कम 3000 महिलाओं ने अपने पतियों को खो दिया है और कम से कम 10,000 बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है. शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में एजेंसी ने लैंगिक असमानता और उन परेशानियों का जिक्र किया जो महिलाओं को संघर्ष वाले स्थानों को बच्चों के साथ छोड़ने के कारण उठानी पड़ती है. रिपोर्ट के अनुसार क्षेत्र की आबादी 23 लाख है जिसमें से लगभग 19 लाख लोग विस्थापित हैं.

**खास बातें**

- रिपोर्ट के अनुसार प्रत्येक घंटे दो माताएं तोड़ रही हैं दम
- संघर्ष में लगभग 25 हजार फलस्तीनियों की हो चुकी है मौत

# बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने उपग्रह का प्रक्षेपण किया

भाषा । यरूशलम

ईरान ने शनिवार को कहा कि उसने सफलतापूर्वक एक उपग्रह का प्रक्षेपण करके इसे अब तक कि सबसे ऊंची कक्षा में स्थापित किया है. यह उस कार्यक्रम का हिस्सा है जिसे लेकर पश्चिम देशों ने तेहरान की ओर से उन्नत बैलिस्टिक मिसाइल बनाए जाने की आशंका जतायी है. ईरान की यह घोषणा ऐसे समय में आई है, जब गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के हमले जारी हैं तथा हाल में ईरान और पाकिस्तान द्वारा एक-दूसरे के देशों में हवाई हमले किए गए हैं. इन घटनाक्रम से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ रहा है. सरकारी समाचार एजेंसी 'आईआरएनए' ने कहा कि सोराया उपग्रह को तीन चरणों वाले रॉकेट के साथ पृथ्वी की सतह से लगभग 750 किलोमीटर ऊपर की कक्षा में स्थापित किया गया.

**खास बातें**

- उपग्रह को 750 किमी ऊपर की कक्षा में स्थापित किया गया
- हाल ही में ईरान व पाकिस्तान ने एक-दूसरे पर किया था हमला

#### लुप्तप्राय शार्क के रक्षक बने केरल के मछुआरे

**तिरुवनंतपुरम ।** केरल के समुद्र तट पर दो दिन पहले स्थानीय मछुआरों ने अपने जाल में फंसी एक विशालकाय व्हेल शार्क को छोड़ दिया. यह शार्क 13 घंटे से अधिक समय तक तट के पास पड़ी रही थी. तिरुवनंतपुरम जिले के पुथेनथोप तट की घटना के बारे में जानकारी देते हुए एक स्थानीय मछुआरे अजित षणमुगम ने कहा कि हर किसी ने मान लिया था कि व्हेल शार्क मर चुकी है और वन विभाग के अधिकारी पोस्टमार्टम के लिए तैयार थे. हालांकि, मैंने उसकी पूंछ में हलचल देखी और स्थानीय मछुआरों ने शार्क को समुद्र में वापस लाने में हमारी सहायता की.

# केरल में भाजपा नेता की हत्या के मामले में 15 लोग दोषी करार

भाषा । अलप्पुझा (केरल)

केरल की एक अदालत ने तटीय जिले अलप्पुझा में दिसंबर 2021 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के एक नेता की हत्या के मामले में शनिवार को 15 लोगों को दोषी करार दिया. दोषी ठहराये गए लोगों का संबंध अब प्रतिबंधित कट्टरपंथी इस्लामिक समूह 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएफआई) से है. ऐसा आरोप है कि भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव रंजीत श्रीनिवासन पर पीएफआई और 'सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया' (एसडीपीआई) से जुड़े कार्यकर्ताओं ने 19 दिसंबर 2021 को उनके घर में उनके परिवार के सामने बुरी तरह पीटा था और उनकी हत्या कर दी थी. इस मामले में मावेलिक्कारा की अतिरिक्त जिला सत्र अदालत संख्या एक ने फैसला दिया है. सजा पर फैसला सोमवार को सुनाया जाएगा. भाजपा नेता की हत्या के कुछ घंटे पहले 18 दिसंबर की रात को एक गिरोह ने एसडीपीआई नेता के एस शान की हत्या कर दी थी. घटना के समय वह अलप्पुझा में अपने घर लौट रहे थे.






**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग कर युवा बना सकते हैं अपना कॅरियर

रजनीश प्रसाद । एजुकेशन रिपोर्टर

एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग एक ऐसी फील्ड है, जिसमें एयरक्राफ्ट को ऑपरेट करना, उसकी डिजाइनिंग और डेवलपमेंट शामिल हैं. यह कोर्स नए प्रोफेशनल्स को कमर्शियल या मिलिट्री एयरक्राफ्ट, मिसाइल्स और स्पेसक्राफ्ट के कंस्ट्रक्शन, डिजाइनिंग, टेस्टिंग और एनालिसिस में ट्रेनिंग देता है. इसके अलावा एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में कमर्शियल एविएशन, डिफेंस सिस्टम्स और स्पेस एक्सप्लोरेशन में रिसर्च करना भी शामिल है.एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग दोनों ही अलग अलग फील्ड है. एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग उन वायुयानों के डिजाइन और विकास के लिए है जो पृथ्वी के वायुमंडल के भीतर उड़ान भरते हैं, जबकि एयरोस्पेस इंजीनियरिंग उड़ान भरने वाले सभी हवाई जहाजों के साथ-साथ पृथ्वी के बाहर के वातावरण का भी अध्ययन कराती है.



### क्यों करें एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग

- एरोनॉटिक्स और एयरोस्पेस आपको रिसर्च, डिजाइन और एयरक्राफ्ट के रख-रखाव से जुड़े रोजगार के बड़े अवसर प्रदान करता है.
- एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग का चयन करना देश के एरोनॉटिक्स और एयरोस्पेस के विकास में योगदान दे सकता है.
- एरोनॉटिक्स एक चैलेंजिंग और क्रिटिकल प्रोफेशन है, जिसमें हाई-लेवल कमिटमेंट और कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है.
- प्रतिष्ठित और बड़े संगठन आपको आकर्षित सैलरी पैकेज प्रदान करते हैं.
- एयरोनॉटिकल इंजीनियर के द्वारा आपको दुनिया भर में यात्रा करने का अवसर मिल सकता है.



### एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग के फायदे

एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग आज सिर्फ विमान डिजाइन करने, उनके रखरखाव के तकनीकी विषयों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वर्तमान में एविएशन लॉ और रेगुलेशन, सप्लाई चैन, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, बिहेवियरल साइकोलॉजी जैसे क्षेत्रों से भी जुड़ा हुआ है. यह व्यक्तियों को इस इंडस्ट्री में बढ़ते रोजगार में काम करके अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है.

### एयरोनॉटिकल इंजीनियर के कार्य

एयरोनॉटिकल इंजीनियर, एयरक्राफ्ट के साथ काम करते हैं. एयरोनॉटिकल इंजीनियर का मुख्य काम होता है एयरक्राफ्ट और प्रोपल्शन सिस्टम्स को डिजाइन करना और एयरक्राफ्ट व कंस्ट्रक्शन मटीरियल के एयरोडायनामिक प्रदर्शन की पढ़ाई करना. वे धरती के वातावरण के अंदर फ्लाइट की थ्योरी, टेक्नोलॉजी का काम करते हैं.

### जॉब अलर्ट

**01. रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने सहायक लोको पायलट के पदों पर भर्ती निकाली है.**

- भर्ती बोर्ड का नाम – रेलवे भर्ती बोर्ड
- पद नाम – असिस्टेंट लोको पायलट
- पद संख्या – 5696
- योग्यता – डिग्री/डिप्लोमा
- नौकरी का स्थान – संपूर्ण भारत
- आवेदन मोड – ऑनलाइन
- फॉर्म भरने की तिथि – 20 जनवरी–19 फरवरी 2024
- ऑफिसियल साईट – https://www.rrcb.gov.in/rrbs
- शैक्षणिक योग्यता – असिस्टेंट लोको पायलट पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यार्थी के पास किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से मैट्रिकुलेशन/ 10वीं पास तथा आईटीआई डिप्लोमा होना अनिवार्य हैं.
- आयु सीमा – 18 से 30 वर्ष

**02. उत्तराखंड सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) ने अमीन पद के लिए भर्तियां निकाली है.**

- संस्था – उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड
- पद नाम – अमीन
- पद संख्या – 80
- नौकरी का स्थान – उत्तराखंड
- आवेदन मोड – ऑनलाइन
- फॉर्म भरने की तिथि – 16 जनवरी–7 फरवरी 2024
- ऑफिसियल साईट – https://sssc.uk.gov.in
- आयु सीमा – 18 से 42

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)